CMYK

www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ... | छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक | संपर्क करें : bilaspurdeshbandhu@gmail.com



पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

बिलासपुर, शनिवार, 26 अगस्त 2023 । वर्ष – 33 । अंक –117 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 4.00 रु



मीडिया विभाग को और चाक-चौबंद करेगी कांग्रेस, जल्द होगा आधिकारिक प्रवक्ताओं का ऐलान — पृष्ठ 3

अभिमत ■ चुनाव तक हमें चांद चाहिए! — पृष्ठ 4

■ केंद्र ने भारत की पहल पर मोदी-शी की मुलाकात के चीन के दावे को किया खारिज — पृष्ठ 9

पेरिस ओलंपिक में पहुंचे नीरज, विश्व चैंपियनशिप के फाइनल में तीन भारतीय — पृष्ठ 10

### भारत-चीन सीमा पर चल रहे गतिरोध पर बोले राहुल

# चीन ने हजारों किमी जमीन छीनी

**लद्दाख,** 25 अगस्त (एजेंसियां)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को लद्दाख दौरे के आखिरी दिन कारगिल में एक रैली को संबोधित किया। राहुल ने भारत–चीन बॉर्डर पर चल रहे गतिरोध को लेकर कहा कि चीन ने हजारों किमी जमीन हमसे छीनी है। उन्होंने कहा कि दुख की बात है कि पीएम मोदी ने विपक्ष की बैठक में कहा कि हिंदुस्तान की एक इंच जमीन नहीं ली गई। लद्दाख के लोग जानते हैं कि चीन ने भारत की जमीन ली है और पीएम मोदी सच नहीं बोल रहे हैं। राहुल गांधी ने इस दौरान भाजपा व आरएसएस पर जमकर हमला बोला। उन्होंने भाजपा–आरएसएस पर हमला बोलते हुए कहा कि कुछ महीने पहले कन्याकुमारी से कश्मीर तक हम चले थे। हमारा लक्ष्य था कि आरएसएस और भाजपा देश में जो नफरत और हिंसा फैला रहे हैं, उसके खिलाफ खड़े होना।

**लद्दाख के लोगों की दबाई जा रही है आवाज**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा है कि लद्दाख को केंद्र शासित प्रदेश तो बना दिया है, लेकिन वहां लोगों का हक छीनकर उनकी आवाज दबाई जा रही है। गांधी ने कहा कि लद्दाख के कोने–कोने में गया और युवाओं से, माताओं–बहनों से, गरीब लोगों से बात की। दूसरे नेता हैं जो सिर्फ अपने मन की बात करते हैं, मैं आपके मन की बात सुनना चाहता हूं। लद्दाख के मुख्य मुद्दे हैं यहां के लोगों की राजनीतिक आवाज दबाई जा रही है, रोजगार के लिए सरकार के सभी वादे झूठे निकले। मोबाइल नेटवर्क और हवाई सुविधा की कमी। लोगों की राजनीतिक आवाज को नहीं सुना जाता है और राजनेताओं की आवाज को दबाया जा रहा है। लद्दाख को केंद्र शासित प्रदेश तो बना दिया, लेकिन लोगों को उनके अधिकार नहीं दिए जा रहे हैं। सेल फोन है, लेकिन नेटवर्क नहीं होता। एयर पोर्ट है, लेकिन हवाई उड़ान नहीं है। इस तरह से लद्दाख के लोगों के अधिकारों को छीना जा रहा है। कांग्रेस नेता ने कहा इन सभी मुद्दों को संसद में उठाऊंगा। इस यात्रा में हुए स्वागत और मोहब्बत के लिए लद्दाख को बहुत बहुत धन्यवाद। राहुल गांधी ने भारत जोड़ों यात्रा के उद्देश्य को लेकर कहा कि देश में भाईचारा, मोहब्बत फैलाने की कोशिश की। भारत जोड़ो यात्रा का संदेश था– नफरत के बाजार में हम मोहब्बत की दुकान खोलने निकले हैं। यात्रा श्रीनगर में नहीं रुकनी थी, यात्रा को लद्दाख आना था। उस समय बर्फ और सर्दी थी तो प्रशासन ने मना किया। हमने बात मान ली। उन्होंने प्रधानमंत्री के मासिक रेडियो प्रसारण कार्यक्रम मन की बात को लेकर बिना उनका नाम लिए कटाक्ष करते हुए कहा कि एक और नेता हैं, जो ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤



भाजपा व आरएसएस पर लगाया देश में नफरत फैलाने का आरोप

**कारगिल पहुंचकर शहीदों को किया नमन**- लद्दाख की यात्रा कर रहे कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी में कारगिल जाकर शहीदों को शुक्रवार को नमन किया और कहा कि कारगिल सिर्फ एक जगह नहीं बल्कि साहस और बलिदान की वीरगाथा है। हमारे अनेक जवान की कर्मभूमि, उनके साहस और बलिदान की सरजमीं है। यह भारत का गौरव है और हर भारतीय की देश के प्रति जिम्मेदारी का एहसास है। कारगिल युद्ध के सभी वीर सेनानियों और शहीदों को मेरा शत–शत नमन।

> लद्दाख के लोग जानते हैं कि चीन ने भारत की जमीन ली है और पीएम मोदी सच नहीं बोल रहे हैं : राहुल गांधी

## मतदाता सूची का पुनरीक्षण पूरी गंभीरता और सावधानी से करें : राजीव कुमार




■ मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने की कलेक्टरों और पुलिस अधीक्षकों के साथ विधानसभा चुनाव के तैयारियों की जिलेवार समीक्षा

**रायपुर,** 25 अगस्त (देशबन्धु)। भारत के मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार तथा निर्वाचन आयुक्तद्वय अनूप चंद्र पांडेय और अरूण गोयल ने आज प्रदेश के सभी जिलों के कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक, सभी संभागों के आयुक्त तथा पुलिस रेंजों के महानिरीक्षक के साथ बैठक कर विधानसभा आम निर्वाचन की तैयारियों की जिलेवार समीक्षा की। उन्होंने वर्तमान में राज्य में चल रहे मतदाता सूची के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण की प्रगति की जानकारी ली और निर्वाचक नामावली को शुद्ध एवं त्रुटिरहित बनाने पर जोर दिया। आयोग ने मतदाता सूची का पुनरीक्षण पूरी गंभीरता, सूक्ष्मता और सावधानी से करने को कहा। आयोग ने इपिक कार्ड की प्रिंटिंग और वितरण की भी जानकारी ली।

भारत निर्वाचन आयोग ने निर्वाचन व्यय की मॉनिटरिंग के लिए राज्य में शराब, ड्रग्स, नगदी और फ्रीबीज के परिवहन पर कड़ी निगरानी के निर्देश दिए। उन्होंने आदर्श आचार संहिता के लागू होने का इंतजार न करते हुए ऐसे मामलों में तत्परता से कार्यवाही करने को कहा। आयोग ने आज दिनभर चली बैठक में मतदान केंद्रों में व्यवस्था, ईवीएम और वीवीपैट की ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

## सार संक्षेप

### हिमाचल में बादल फटा, बद्दी में पुल दो हिस्सों में बंटा

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में बीते 48 घंटों में बारिश के चलते काफी नुकसान हुआ। मंडी में बादल फटने से 51 लोग फंस गए। एडीआरएफ की टीम ने सभी को सुरक्षित बचा लिया। दूर-दराज इलाकों में भारतीय वायु सेना के हेलिकॉप्टर से खाने-पीने का सामान और जरूरी दवाएं पहुंचाई जा रही हैं। उधर बद्दी जिले में बारिश के चलते बालद नदी में उफान आ गया और पुल दो हिस्सों में टूट गया। मौसम विभाग ने हिमाचल में बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। सिक्किम और पश्चिम बंगाल में रेड और असम, बिहार और अरुणाचल प्रदेश में बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

### केरल के वायनाड में जीप खाई में गिरी, नौ लोगों की मौत

**वायनाड।** केरल के वायनाड में शुक्रवार को एक जीप पलटकर खाई में जा गिरी। हादसे में 9 लोगों की मौत हो गई और ड्राइवर सहित 4 लोग गंभीर घायल हो गए। दुर्घटना शाम करीब साढ़े चार बजे थलप्पुझा में कन्नोथमाला के पास हुई। जीप में मजदूर सवार थे जिस खाई में जीप गिरी वह करीब 25 मीटर गहरी है। हादसे में जीप के दो टुकड़े हो गए।

### तेलंगाना में भूकंप के झटके

**हैदराबाद।** तेलंगाना के वारंगल से 127 किमी पूर्व में शुक्रवार को भूकंप के मध्यम झटके महसूस किए गए। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 3.6 तीव्रता मापी गयी। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी (एनसीएस) के अनुसार भूकंप आज सुबह लगभग 4=43 बजे राज्य के वारंगल से 127 किलोमीटर पूर्व में भूकंप के झटके महसूस किए गए।

### सारण में नहर में गिरी स्कार्पियो, पांच की मौत

**छपरा।** बिहार में सारण जिले के मशरक थाना क्षेत्र में शुक्रवार को स्कार्पियो के नहर में गिर जाने से पांच लोगों की डूबकर मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि स्कार्पियो पर सवार लोग एक श्राद्ध कर्म से भाग लेकर वापस लौट रहे थे। इस दौरान कर्ण कुदरियां गांव के समीप स्कार्पियो अनियंत्रित होकर नहर में पलट गई। इस घटना में गोपालगंज जिले के बैकुंठपुर थाना क्षेत्र निवासी सूरज प्रसाद, दिनेश सिंह, सुधीर कुमार, लालबाबू साह तथा मशरक थाना क्षेत्र के पदमौल गांव निवासी रामचंद्र साह की डूबकर मौत हो गई।

## भूपेश की प्रियंका से प्रदेश की राजनीति पर चर्चा

**रायपुर/दिल्ली,** 25 अगस्त (देशबन्धु)। दिल्ली में सीएम भूपेश बघेल ने कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी से मुलाकात की. उन्होंने ट्वीट कर बताया कि हमारी नेता, कांग्रेस महासचिव श्रीमती प्रियंका गांधी जी से आज मुलाकात हुई। देश, प्रदेश की राजनीति, आगे की रणनीति सहित कई मुद्दों पर सार्थक चर्चा हुई।



**ईडी की कार्रवाई केंद्र का राजनीतिक षड्यंत्र : बघेल**

ईडी की कार्रवाई पर प्रदेश की सियासत गरमाई हुई है। मामले में सीएम भूपेश बघेल और पूर्व सीएम रमन सिंह में जमकर जुबानी जंग चल रही है। एक दूसरे पर खूब आरोप–प्रत्यारोप लगा रहे हैं। सीएम भूपेश बघेल ने कहा कि महादेव सट्टा एप पर राज्य सरकार ने कार्रवाई की है। ईडी को महादेव सट्टा एप के सौरभ चंद्राकर को गिरफ्तार करना चाहिए, जो कि देश बाहर बैठा हुआ है। इस पर सरकार ने लुकआउट सर्कुलर भी जारी किया है, लेकिन ईडी राजनीतिक साजिश के तहत छत्तीसगढ़ में काम कर रही है। केवल अधिकारियों को पॉलिटिकल एंगल से ही देखा। अधिकारी का चुनाव में कैसे उपयोग कर सके, केवल यही देखा गया। भाजपा मान चुकी है कि पाटन में विजय बघेल की दाल गलने वाली नहीं है, इसलिए ईडी को भेजा गया है। ये केंद्र का राजनीतिक षडयंत्र है।

## ग्रीस व भारत दुनिया की दो प्राचीन सभ्यताएं : मोदी

**एथेंस,** 25 अगस्त (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ग्रीस के पीएम किरियाकोस मित्सोटाकिस के साथ द्विपक्षीय वार्ता करने के बाद प्रेस को संबोधित किया। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि ग्रीस और भारत दुनिया की दो पुरातन सभ्यताओं, दो पुरातन लोकतांत्रिक विचारधाराओं और दो पुरातन व्यापार और सांस्कृतिक संबंधों के बीच एक स्वाभाविक मेल है। हमारे रिश्ते की बुनियाद प्राचीन और मजबूत है। संयुक्त बयान में मोदी ने कहा हम पुराने दोस्तों की तरह एक–दूसरे को समझते हैं। हम 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार दोगुनाकरेंगे।

■ कृषि क्षेत्र में सहयोग पर हुए समझौते
■ 23 तक द्विपक्षीय व्यापार करेंगे दोगुना



**राष्ट्रपति कैटरीना ने किया सम्मानित**

राष्ट्रपति कैटरीना सकेलारोपोउलो ने मोदी को सेरिमोनियल वेलकम दिया। उन्हें ग्रीस के दूसरे सर्वोच्च सम्मान ग्रैंड क्रॉस ऑफ द ऑर्डर ऑफ ऑनर से सम्मानित किया गया। मोदी ने कहा कि मैं इस सम्मान के लिए राष्ट्रपति, ग्रीस की सरकार और लोगों को धन्यवाद देता हूं। यह ग्रीस के लोगों का भारत के प्रति आदर भाव दर्शाता है।

### महबूबा की बेटी को दस साल वेलिडिटी वाला पासपोर्ट मिला

**श्रीनगर,** 25 अगस्त (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री व पीडीपी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती की बेटी इल्तिजा को 10 साल की वैलिडिटी वाला रेगुलर पासपोर्ट जारी कर दिया गया। क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी ने इल्तिजा को अपने ऑफिस में बुलाया और उसे 10 साल की वैलिडिटी वाला रेगुलर पासपोर्ट सौंप दिया। इसके पहले 5 अप्रैल को इल्तिजा को संयुक्त अरब अमीरात में पढ़ाई के लिए दो साल के लिए 'कंट्री स्पेसिफिक पासपोर्ट' जारी किया गया था।

## जी–20 समिट में शामिल नहीं होंगे पुतिन

**मॉस्को,** 25 अगस्त (एजेंसियां)। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन अगले महीने भारत में होने वाली जी–20 समिट में हिस्सा नहीं लेंगे। क्रेमलिन के स्पोक्सपर्सन दिमित्री पेस्कोव ने इसकी पुष्टि कर दी है। पुतिन ने 2019 में आखिरी बार जापान में हुई जी–20 समिट में इन पर्सन शिरकत की थी।

2020 में रियाद और 2021 में रोम में हुई समिट में भी पुतिन वर्चुअली शामिल हुए थे। 2022 में बाली में हुई समिट में भी रूसी राष्ट्रपति मौजूद नहीं थे। पुतिन की जगह फॉरेन मिनिस्टर सर्गेई लावरोव नई दिल्ली आएंगे। समिट 9 और 10 सितंबर को होगी।



रूसी प्रेसिडेंट की जगह विदेश मंत्री कर सकते हैं शिरकत

**ब्रिक्स समिट में भी शामिल नहीं हुए थे**–साउथ अफ्रीका में 22 से 24 अगस्त तक ब्रिक्स समिट हुई। इसमें भी व्लादिमिर पुतिन शामिल नहीं हुए। उनकी जगह फॉरेन मिनिस्टर लावरोव ने ही शिरकत की थी। इस समिट में भी पुतिन के शामिल होने पर आखिरी वक्त तक सस्पेंस था। बाद में होस्ट कंट्री साउथ अफ्रीका ने खुद ही साफ कर दिया था कि रूस के राष्ट्रपति जोहान्सबर्ग नहीं आएंगे।

## केशकाल से रिटायर्ड आईएएस नीलकंठ टेकाम भाजपा से प्रत्याशी घोषित



**रायपुर,** 25 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में भाजपा ने एक और विधानसभा के लिए प्रत्याशी का ऐलान किया है। केशकाल विधानसभा से रिटायर्ड आईएएस नीलकंठ टेकाम को प्रत्याशी घोषित किया गया है। भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ। रमन सिंह ने टेकाम को चुनाव लड़ाने का ऐलान किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से टेकाम को भारी बहुमत से जीताने की अपील की है।

इससे पहले भाजपा ने छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव 2023 के लिए 21 प्रत्याशी का ऐलान कर चुकी है। वहीं केशकाल से नीलकंठ टेकाम को प्रत्याशी घोषित किया गया है। टेकाम ने पूर्व सीएम डॉ. रमन सिंह से मुलाकात कर केशकाल ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

### मणिपुर हिंसा मामले में सुप्रीम कोर्ट का बड़ा कदम

## गुवाहाटी हाईकोर्ट में होगी सुनवाई

**इंफाल,** 25 अगस्त (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट में शुक्रवार को मणिपुर हिंसा से जुड़े मामलों को पड़ोसी राज्य असम में ट्रांसफर करने का आदेश दिया। इसके लिए कोर्ट ने गुवाहाटी हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस को निर्देश जारी किए हैं। बेंच ने कहा कि मणिपुर हिंसा से जुड़े जिन मामलों की जांच सीबीआई कर रही है उनके ट्रायल के लिए एक या एक से ज्यादा स्पेशल जज को नियुक्त करें। कोर्ट ने यह भी कहा है कि सुरक्षा को देखते हुए आरोपियों की पेशी, रिमांड ऑनलाइन होगी। इसके अलावा 164 के तहत गवाहों और पीड़ितों के बयान भी लोकल मजिस्ट्रेट के सामने मणिपुर में दर्ज होंगे। साथ ही आरोपियों की न्यायिक हिरासत भी मणिपुर में दी जाएगी। कोर्ट ने मणिपुर सरकार को निर्देश दिया कि सीबीआई मामलों की सुनवाई को सुविधाजनक बनाने के लिए प्रॉपर इंटरनेट सर्विस प्रदान करें। अगर पीड़ित, गवाह और आरोपी कोर्ट में ऑनलाइन मौजूद नहीं होना चाहते तो उन्हें कोर्ट में फिजिकल अपियरेंस की परमिशन है। सीजेआई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच ने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता के सुझावों को मानते हुए यह आदेश जारी किए। हिंसा के 20 मामलों की जांच सीबीअसई के 53 अफसर कर रहे हैं।



■ अदालत का आदेश, सीबीआई के केस में स्पेशल जज करें नियुक्त

### पूर्व मंत्री अमरमणि 20 साल बाद रिहा

**गोरखपुर।** मधुमिता शुक्ला हत्याकांड में 20 साल से सजा काट रहे पूर्व मंत्री अमरमणि त्रिपाठी और उनकी पत्नी मधुमणि शुक्रवार शाम करीब साढ़े 7 बजे रिहा हो गए। इससे पहले सुबह सुप्रीम कोर्ट ने उनकी रिहाई पर रोक लगाने से इनकार कर दिया था। हालांकि, कोर्ट ने उप्र सरकार को नोटिस जारी कर 8 हफ्ते में जवाब मांगा है।

**शीर्ष अदालत ने सत्येंद्र जैन की अंतरिम जमानत बढ़ाई**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन को सुप्रीम कोर्ट से शुक्रवार को राहत मिली। शीर्ष अदालत ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन की अंतरिम जमानत एक सितंबर तक बढ़ा दी।

## मिजोरम पुल हादसे की जांच करने चार सदस्यीय कमेटी गठित

**आइजोल,** 25 अगस्त (एजेंसियां)। रेल मंत्रालय ने मिजोरम के आइजोल जिले में एक निर्माणाधीन रेलवे पुल के ढहने के कारणों के जांच के लिए चार सदस्यीय उच्च स्तरीय कमेटी का गठन किया है। इस हादसे में अब तक 22 लोगों की मौत हो चुकी है।

कमेटी को एक महीने के भीतर जांच की रिपोर्ट देने को कहा गया है। इन चार सदस्यी कमेटी में आरडीएसओ के बीपी अवस्थी, आईआईटी दिल्ली के डॉ. दिप्ती रंजन साहू, आईआरआईसीएन के शरद कुमार अग्रवाल और एनएफ रेलवे के मुख्य ब्रिज इंजीनियर संदीप शर्मा का नाम शामिल हैं। रेलवे बोर्ड की वर्क्स–एक शाखा समिति के कामकाज और रेलवे बोर्ड द्वारा विचार के रिपोर्ट प्रस्तुत करने, समिति की सिफारिश के कार्यान्वयन और सभी संबंधित मुद्दों के लिए मोडल शाखा होगी।

■ रेलवे को एक महीने के भीतर रिपोर्ट देगी कमेटी
■ हादसे में अब तक 22 लोगों की जा चुकी है जान

आइजोल के करीब बैराबी–सैरांग में बुधवार को निर्माणाधीन रेलवे पुल के गिरने से 22 लोगों की मौत तो वहीं तीन अन्य घायल हो गए थे। गुरुवार को रेस्क्यू ऑपरेशन के तहत मलवे से चार मृत शरीर बाहर निकाला गया। हालांकि, अभी भी एक मजदूर के गायब होने की आशंका जताई जा रही है। सभी पीड़ित पश्चिम बंगाल के मालदा के रहने वाले थे। इस घटना के दौरान 26 मजदूर घटनास्थल पर मौजूद थे। रेलवे ने बताया कि निर्माणाधीन पुल पर गैलेंट्री के गिरने के कारण पुल ढह गया था।

### मिशन चंद्रयान-3 | नया वीडियो आया सामने

# चंद्रयान के रोवर ने रैम्प से उतरकर किया मूनवॉक

■ अच्छी तरह से काम कर रहा है रोवर : इसरो

**चेन्नई, 25 अगस्त (एजेंसियां)। भारत के चंद्रयान के रोवर ने रैंप पर चलने के बाद चंद्रमा की सतह पर कदम रखते हुए 'मूनवॉक' किया। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान एजेंसी (इसरो) ने कहा, इसने चंद्रमा लैंडर के रैंप पर से धीरे-धीरे लुढ़कने के बाद चांद पर मूनवॉक भी किया। मूनवॉक एक डांस मूव है जो माइकल जैक्सन द्वारा मोटाउन 25 यस्टरडे, टुडे, फॉरएवर पर बिले जीन के प्रदर्शन के दौरान किए जाने के बाद बहुत लोकप्रिय हो गया।**

*चंद्रयान–3 का लैंडर बुधवार को चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के पास सुरक्षित रूप से उतरा था। गुरुवार को एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट में, इसरो ने कहा चंद्रयान–3 रोवर मेड इन इंडिया मेड फॉर मून! सीएच –3 रोवर लैंडर से नीचे उतरा और भारत ने चांद पर सैर की! जहां रोवर ने गुरुवार को चंद्रमा पर चहलकदमी की, वहीं इसरो ने शुक्रवार को बहुप्रतीक्षित वीडियो जारी किया। लैंडर पर लगे कैमरे द्वारा लिए गए वीडियो में फैले हुए सौर पैनल के साथ रोवर को धीरे–धीरे रैंप से नीचे जाते, चंद्रमा की मिट्टी को छूते और आगे बढ़ते देखा जा सकता है। इसरो प्रमुख एस सोमनाथ ने कहा कि रोवर अब अच्छी तरह काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि रोवर में दो उपकरण और लैंडर पर तीन उपकरण लगे हैं और उन सभी को एक–एक करके रूप से चालू किया गया है। उन्होंने कहा, वे मूल रूप से चंद्रमा की खनिज संरचना, साथ ही चंद्रमा के वातावरण और वहां की भूकंपीय गतिविधियों का अध्ययन करेंगे। कुल 1,752 किलोग्राम* ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤



**इसरो वैज्ञानिकों को बधाई देने बेंगलुरु जाएंगे मोदी**- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चंद्रयान–3 मिशन की सफलता के बाद वैज्ञानिकों को बधाई देने के लिए आज भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन का दौरा करेंगे।

# शिक्षकों के 57447 रिक्त पदों की भर्ती के लिए डीएड-बीएड संघ का आज प्रदर्शन




**गौरेला पेंड्रा मरवाही** 25 अगस्त (देशबन्धु)। डीएड बीएड संघ शिक्षकों के रिक्त पदों पर भर्ती के लिए कल 26 अगस्त को प्रदर्शन करने जा रहा है। संघ के पदाधिकारी योगेंद्र मणि वर्मा ने बताया कि छत्तीसगढ़ में प्रत्येक जगह शिक्षकों के पद खाली है शिक्षक भर्ती के मांग को लेकर स्कूल के विद्यार्थियों के द्वारा लगातार धरना प्रदर्शन किया जा रहा है स्कूल में पढ़ने वाले विद्यार्थियों की पढ़ाई शिक्षको के कमी के कारण प्रभावित हो रही छत्तीसगढ़ में 6 हजार से अधिक स्कूल में केवल एक ही शिक्षक है 4 हजार से ज्यादा स्कूल गेस्ट टीचर और खाना बनाने वाली आया के भरोसे चल रहा है।

बिहार में 1 लाख 69 हजार शिक्षक भर्ती किया जा रहा है झारखंड में 30 हजार शिक्षकों की भर्ती की जा रही है मध्यप्रदेश में 50 हजार शिक्षकों की भर्ती की जा रही राजस्थान में बड़े पैमाने पर शिक्षकों की भर्ती की जा रही है ऐसे में छत्तीसगढ़ सरकार मैदानी इलाकों में शिक्षक भर्ती न करके छत्तीसगढ़ के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले 16 लाख विद्यार्थियों के साथ खिलवाड़ कर रही है। जबकि राज्य में 57447 शिक्षकों के पद खाली है ऐसे में सरकार का उदासीन रवैया यह बता रहा कि सरकार छत्तीसगढ़ के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है श्री वर्मा ने सरकार पर जमकर आरोप लगाया उन्होंने कहा सरकार छत्तीसगढ़ के युवाओ को पढ़ाना ही नही चाहती उनसे गोबर बिनवाना चाहती है सरकार युवाओं को रोजगार के नाम पर झुंझुना पकड़ा रही है प्रदेश में 3 लाख प्रशिक्षित डीएड बीएड योग्यता धारी युवाओ के साथ छल कर रही है। सरकार से खाली पड़े शिक्षक पदों में भर्ती के मांग को लेकर कला संकाय डीएड बीएड संघ के बेनर तले कल 26 अगस्त 2023 दिन शनिवार को प्रदेश भर के युवा बड़ी संख्या में तूता में आंदोलन करेंगे।

# ईवीएम का किया गया प्रदर्शन

## ग्रामीणों ने मतदान की प्रक्रिया जानी




**तखतपुर,** 25 अगस्त (देशबन्धु)। शत प्रतिशत मतदान को लेकर हर एक वर्ग अपनी सहभागिता निभा रहा है। जिला प्रशासन द्वारा साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनाव में मतदाताओं की शत प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए स्वीप की गतिविधियां आयोजित की जा रही है। इसी कड़ी में मतदाता जागरूकता के लिए जिले के विकासखण्डों में ईवीएम मशीनों का प्रदर्शन किया जा रहा है। इसी क्रम में तखतपुर के शासकीय जेएमपी महाविद्यालय में ईवीएम मशीन का प्रदर्शन एवं स्वीप कार्यक्रम के तहत एनएसएस के स्वयंसेवक मतदाता जागरूकता अभियान में शामिल हुए। मस्तूरी विकासखण्ड के शासकीय मदन लाल शुक्ल महाविद्यालय सीपत में भी आम जनता के बीच ईवीएम मशीन प्रदर्शन हेतु रखा गया। क्षेत्र के आम नागरिकों एवं ग्रामीणों ने इस दौरान मशीन की कार्यप्रणाली को बारीकी से देखा और समझा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मौजूद ग्रामीणों ने ईवीएम मशीन के संबंध में उपस्थित कर्मचारियों से जानकारी ली। जिले के सभी छह विधानसभा क्षेत्रों में ईवीएम प्रदर्शन वैन के द्वारा गांव-गांव एवं हाट बाजारों में घूम-घूमकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। प्रदर्शन के दौरान ग्रामीणों ने इसका वैसे ही इस्तेमाल करके देखा जैसे कि वे वास्तविक मतदान के दौरान करेंगे। मशीनों के संबंध में लोगों की जिज्ञासा एवं भ्रांतियों का समाधान किया जा रहा है। गौरतलब है कि आगामी विधानसभा निर्वाचन को दृष्टिगत रखते हुए जिले के आम नागरिकों के बीच स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता अभियान संचालित किये जा रहे है।

# जेएमपी के 23 छात्र-छात्राओं की एनसीसी बटालियन में भर्ती



**तखतपुर**, 25 अगस्त (देशबन्धु)। शासकीय जे.एम.पी. महाविद्यालय तखतपुर में 7 छ.ग. बटालियन एनसीसी बिलासपुर द्वारा कमांडिंग ऑफिसर कर्नल अमिताभ श्रीवास्तव, एडम ऑफिसर लेफ्टिनेंट कर्नल संजीव कुमार राय, महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. मधुलिका लाल के मार्गदर्शन में बटालियन से पीआई स्टाफ रवि कुमार एवं कौशल कुमार ने छात्र छात्राओं की भर्ती परीक्षा लेकर उनका चयन किया। चयन हेतु छात्र छात्राओं को मेडिकल परीक्षण, दौड़, पुशअप इत्यादि विभिन्न चरणों से गुजारने के बाद लिखित परीक्षा ली गयी जिसमें अंतिम रूप से पास होने वाले 8 छात्राएं एवं 15 छात्र कुल 23 कैडेट्स को एनसीसी में प्रवेश दिया गया। सेंट्रल इंडस्ट्री सिक्योरिटी फोर्स परीक्षा में चयनित पूर्व अंडर ऑफिसर अभिजीत पात्रे ने छात्रों को संबोधित करते हुए एकता व अनुशासन का पालन करने एन सी सी का लक्ष्य युवाओं में चरित्र निर्माण, कामरेडशिप, अनुशासन, धर्मनिरपेक्ष दृष्टिकोण, साहस की जैसे लक्ष्यों के बारे में बताया। चयन प्रक्रिया को सफलता पूर्वक संपन्न कराने में महाविद्यालय के एनसीसी प्रभारी लेफ्टिनेंट डॉ. विपिन अग्रहरि, सीनियर अंडर ऑफिसर प्रियंका यादव, अंडर ऑफिसर प्रशांत यादव, जूनियर अंडर ऑफिसर पूजा घिडोरे, शत्रुघ्न, पुष्पराज, आशीष, राजू, राकेश, कालेश्वर, भारत, कविता, झरना, रोशनी, दीप्ति, नेहा सहित अन्य का योगदान रहा।

## हादसे में घायल युवक की अस्पताल में मौत

**तखतपुर,** 25 अगस्त (देशबन्धु)। वाहन दूर्घटना में घायल युवक की ईलाज की दौरान मृत्यु हो गई। पुलिस ने वाहन चालक के खिलाफ धारा 304ए के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को जांच में लिया है।

सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार लाल यादव ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया था कि 13 जून की दोपहर 2 बजे गजेंद्र कुम्भकार अपने दूपहिया वाहन क्रमांक सीजी 10 एएच 0421 से अपने सहयोगी के साथ शादी के लिए बर्तन खरीदकर वापस आ रहा था तभी जोरापारा मोड़ के पास पहुंचा था तभी सामने की ओर से आ रही मैजिक क्रमांक सीजी 10 बी जे 7357 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए ठोकर मार दिया। जिसमें गजेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गया था जिसका उपचार सिम्स बिलासपुर में चल रहा था। जिसकी उपचार के दौरान मृत्यु हो गई। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ धारा 304ए के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को जांच में लिया है।

# बीएड डिग्रीधारियों के साथ अन्याय सांसद विजय बघेल को ज्ञापन सौंपा



**तखतपुर,** 25 अगस्त (देशबन्धु)। बीएड धारकों ने विजय बघेल सांसद दुर्ग, भाजपा जन घोषणा पत्र समिति संयोजक छत्तीसगढ़ को ज्ञापन दिया। जिसमें छत्तीसगढ़ व्यापम द्वारा आयोजित सहायक शिक्षक भर्ती में बीएड डिग्री धारकों को नियुक्ति प्रदान करने के संबंध में कहा गया। छत्तीसगढ़ व्यापम के द्वारा व्याख्याता शिक्षक एवं सहायक शिक्षक पदों पर सीधी भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किया गया था जिसमें निर्देश में स्पष्ट रूप से वर्णित है कि सहायक शिक्षक में बीएड एवं डीएड की पात्रता रखने वाले सभी अभ्यर्थी पात्र हैं जिसके आधार पर सभी अभ्यर्थियों ने उक्त परीक्षा में सम्मिलित हुए एवं जिसका रिजल्ट भी व्यापम के द्वारा जारी किया जा चुका है एवं व्याख्याता की भर्ती की जा चुकी है। लोक शिक्षण संचनालय छत्तीसगढ़ के द्वारा सहायक शिक्षक क्यों लेकर काउंसलिंग का आदेश जारी किया गया है। जिसमें बीएड वालों को शामिल नहीं किया गया है। यह बीएड डिग्रीधारी अभ्यर्थियों के साथ अन्याय है। इस विषय को संज्ञान में लेते हुए इस पर सकारात्मक कार्रवाई करें। जिससे हजारों की संख्या में निर्दोष बीएड डिग्री वालों के साथ न्याय हो सके। छात्र-नेता आयुष सिंह ठाकुर ने कहा कि अब काउंसिलिंग के समय बीएड धारकों को नही बुलाना गलत है। इस अवसर पर, विजेंद्र सिंह बघेल, योगिता ठाकुर, पूनम कश्यप, वर्षा द्विवेदी, दीपा कौशिक, कंचन वर्मा, प्रतिभा नवरंग, राहुल ठाकुर, टुकेश्वर साहू, पंकज साहू, रविराज सोनी सहित अन्य उपस्थित रहे।

## कृषि उपज मंडी प्रांगण में सावन उत्सव आज

तखतपुर, 25 अगस्त (देशबन्धु)। सावन महोत्सव का आयोजन क्षेत्रीय विधायक एवं संसदीय सचिव रश्मि सिंह द्वारा कृषि उपज मण्डी प्रांगण में 26 अगस्त को दोपहर 12 बजे से किया गया है। यह जानकारी कांग्रेस नेता आशीष सिंह ठाकुर ने दी।

## प्रमोद कुमार पाण्डेय का निधन



तखतपुर। मौहाभाठा निवासी प्रमोद कुमार पाण्डेय 58 वर्ष का बुधवार को निधन हो गया। वे दीपिका पाण्डेय, रश्मि पाण्डेय, मोनिका पाण्डेय के बड़े पिता एवं नरेंद्र पाण्डेय राकेश पाण्डेय के बड़े भाई तथा मेलूराम पाण्डेय के भतिजा थे। इनका अंतिम संस्कार गृहग्राम मौहाभाठा में किया गया।

## रामनाथ सप्ताह का समापन 28 को

तखतपुर, 25 अगस्त (देशबन्धु)। अखण्ड रामनाम सप्ताह का आयोजन राम जानकी छोटे मंदिर में किया गया है जिसका समापन 28 अगस्त को भव्य शोभायात्रा एवं जुलूस के साथ समापन होगा।

# दादी प्रकाशमणि का 16 वां पुण्यस्मृति दिवस मनाया गया

तखतपुर, 25 अगस्त (देशबन्धु)। ब्रह्मकुमारीज संस्थान की पूर्व मुख्य प्रशासिका दादी प्रकाशमणि का 16वी पुण्य स्मृति दिवस में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में संस्था प्रभारी बीके ममता दीदी ने दादी की विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि, आध्यात्मिक ज्ञान गुण एवं शक्तियों से विभूषित दादी प्रकाशमणि ऐसी सशक्त महिला का नाम है जिन्होंने महिलाओं को शक्ति स्वरूपा बनने का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया एवं उनकी छुपी हुई शक्तियों को जागृत किया। संस्था के विशाल आध्यात्मिक संगठन का सफल नेतृत्व करते हुए अपने जीवन काल में विश्वकल्याण का परचम फहराया। प्रेम की प्रतिमूर्ति दादी का स्नेह ने अनेकों का जीवन परिवर्तन कराया। कुशल प्रशासिका का दादी जी के कर्तव्यों, गुणों, चरित्रों और महानताओं की झलक सर्व को अपनी ओर आकर्षित करती थी। ऐसी व्यक्तित्व की धनी दादी जिनके दर्शन मात्र से दुख - अशांति एवं चिंताएं दूर हो जाती थी। इस कार्यक्रम में देवचरण यादव, विनोद अग्रवाल, रामविलास अग्रवाल, विमला जांगड़े, घनश्याम जांगड़े, राजेंद्र गुप्ता, अंजू लता गुप्ता, राजाराम कश्यप, संध्या कश्यप, महेंद्र कश्यप, कुमुदिनी धीवर, हेमंत, भागेश्वर ठाकुर, संतोष यादव, सविता तोलानी, अरुण तोमर, मणिशंकर भाई, चितवन, अशोक, रामप्रसाद साहू सहित अन्य उपस्थित रहे।



### प्रथम पृष्ठ का शेष...

**चीन ने हजारों किमी ...**

अपने मन की बात करते रहते हैं, लेकिन मैंने सोचा कि आपके दिल की बात सुनूं।

गांधीजी व कांग्रेस की विचारधारा लद्दाख के लोगों के डीएनए में -उन्होंने कहा एक बात स्पष्ट है, महात्मा गांधीजी और कांग्रेस की विचारधारा लद्दाख के लोगों के खून और डीएनए में है। उन्होंने यह भी कहा कि लेह शीर्ष निकाय और कारगिल डेमोक्रेटिक अलायंस ने कुछ मांगें रखी हैं और मैं आपको आश्वस्त करना चाहता हूं कि हमने आपकी मांगों का समर्थन किया है। उन्होंने आगे कहा कि सब जानते हैं कि यहां बहुत सारे प्राकृतिक संसाधन हैं। यहां सौर ऊर्जा की कोई कमी नहीं है। भाजपा के लोग ये जानते हैं कि अगर आपको प्रतिनिधित्व दिया तो वो आपसे आपकी जमीन नहीं छीन पाएंगे। मामला जमीन का है। भाजपा के लोग आपकी जमीन आपसे लेना चाहते हैं। अडानी के प्रोजेक्ट लगाना चाहते हैं हम ये कभी होने नहीं देंगे। राहुल गांधी ने कहा कि यहां हमने यूपी-बिहार से आने वाले श्रमिकों से बातचीत की तो उन्होंने बताया कि लद्दाख के लोगों के डीएनए में ही प्यार और मदद करना है। उन्होंने लद्दाख को अपना दूसरा घर बताया और कहा कि यहां के लोग उनकी हर तरह से मदद करते हैं। राहुल के इस बयान पर भाजा ने भी पलटवार किया। भाजपा नेता और राज्यसभा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि आखिर राहुल को ये सब जानकारी कौन देता है। उनका चीन से क्या रिश्ता है। वह हमेशा आधारहीन बातें करते हैं।

**मतदाता सूची का पुनरीक्षण...**

उपलब्धता व भंडारण तथा मानव संसाधन, वाहन तथा शिकायत निवारण प्रबंधन की समीक्षा की।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त, निर्वाचन आयुक्तद्वय और आयोग के वरिष्ठ अधिकारियों ने बैठक में विधानसभा निर्वाचन के लिए पोस्टल बैलेट की आवश्यकता, कम्युनिकेशन प्लान, निर्वाचन संपन्न कराने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों के प्रशिक्षण, कानून-व्यवस्था की स्थिति और स्वीप (स्ङ्कश्वश्वक्क) गतिविधियों की भी समीक्षा की। भारत निर्वाचन आयोग के वरिष्ठ उप निर्वाचन आयुक्त धर्मेन्द्र शर्मा और नितेश व्यास, उप निर्वाचन आयुक्त हृदेश कुमार, मनोज कुमार साहू, आर.के. गुप्ता और अजय भादू, महानिदेशक बी. नारायणन, निदेशक यशवेंद्र सिंह और अशोक कुमार, वरिष्ठ प्रधान सचिव एन.एन. बुटोलिया, प्रधान सचिव एस.बी. जोशी, संयुक्त निदेशक अनुज चांडक, अवर सचिव रितेश सिंह, छत्तीसगढ़ की मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबासाहेब कंगाले और सुरक्षा नोडल अधिकारी ओ.पी. पाल भी बैठक में शामिल हुए।

**केशकाल से रिटायर्ड ...**

से जीत का भरोसा दिलाया। रिटायर आईएएस टेकाम हाल ही में भाजपा प्रवेश किया है। छात्र जीवन से बुनियादी समस्याओं के समाधान के लिए सक्रिय रहे नीलकंठ टेकाम का जन्म कांकेर के अंतागढ़ ब्लॉक में हुआ। यहां प्रारंभिक शिक्षा के बाद आगे की पढ़ाई के लिए वे कांकेर जिला मुख्यालय में आ गए। जहां कॉलेज की पढ़ाई के साथ ही छात्र राजनीति में वे सक्रिय हो गए। कॉलेज के हॉस्टल में रहकर ही छात्र संघ चुनाव में हिस्सा लेकर अपने कॉलेज का प्रतिनिधित्व करने लगे और 1987-88 कांकेर महाविद्याल के छात्र संघ अध्यक्ष निर्वाचित हुए।

**चंद्रयान के रोवर ने ...**

वजनी लैंडर और रोवर चंद्रमा के वातावरण का अध्ययन करने के लिए एक चंद्र दिन के प्रकाश में परिचालन करने के लिए डिजाइन किए गए हैं। हालांकि, इसरो के अधिकारी इनके एक और चंद्र दिवस के लिए सक्रिय होने की संभावना को खारिज नहीं कर रहे। चंद्रमा की धरती पर रोवर के पहिए के निशान के साथ-साथ सौर पैनल के साथ रोवर की छाया भी देखी जा सकती है। इसरो ने पोस्ट किया लैंडर मॉड्यूल पेलोड आईएलएसए, रंभा और चाएसटीई आज (गुरुवार) चालू हो गए हैं। रोवर गतिशीलता संचालन शुरू हो गया है। सभी गतिविधियां निर्धारित समय पर हैं। सभी प्रणालियां सामान्य हैं। अगले दो सप्ताह तक रोवर चंद्रमा की घरती पर घूमकर पूर्व निर्धारित प्रयोगों को अंजाम देगा। इसरो के अनुसार, चंद्रमा रोवर में लैंडिंग स्थल के आसपास मौलिक संरचना प्राप्त करने के लिए अल्फा पार्टिकल एक्स-रे स्पेक्ट्रोमीटर (एपीएक्सएस) और लेजर प्रेरित ब्रेकडाउन स्पेक्ट्रोस्कोप (एलआईबीएस) है। अपनी ओर से, लैंडर भी अपने पेलोड के साथ उसे सौंपे गए कार्यों को पूरा करेगा। वह चंद्रमा की सतह का विश्लेषण, लैंडिंग स्थल के आसपास भूकंपीय तरंगों का मापन, प्लाज्मा घनत्व और इसकी विविधताओं का अनुमान लगाने जैसे प्रयोगों को अंजाम देगा।


**न्यायालय नायब तहसीलदार – 3 बिलासपुर**
मामले की श्रेणी : राजस्व

**ईश्तहार**

संदर्भ : जिला-बिलासपुर तहसील बिलासपुर प.ह.नं. 37 तोरवा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक CT202223400108300045

तहसील बिलासपुर के प.ह.नं. 37 के अंतर्गत ग्राम तोरवा के वर्तमान भूमिस्वामी हरिदीवान पिता गणेशदास दीवान सा.देह के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 624/1(0.2590), 665(0.1250) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता शेखर दीवान पिता हरि दीवान पता-रतनपुर, धनकुंवर पिता/ पति-हरि दीवान पता-तोरवा, हेमंत दीवान पिता हरि दीवान पता-तोरवा, राजेश दीवान पिता हरि दीवान पता-तोरवा, इंदिरा मानिकपुरी पिता हरि दीवान पति संजू मानिकपुरी पता-सन्यासीपारा खमतराई रायपुर के नाम पर पंजीयन/ फौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 28/08/2023 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय नायब तहसीलदार-3 बिलासपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते हैं। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 11/07/2023 को जारी किया जाता है।

सील

**श्रीमती प्रकृति ध्रुव**
**नायब तहसीलदार**



**कार्यालय कलेक्टर (आदिवासी विकास) बिलासपुर (छ.ग.)**

**संक्षिप्त निविदा आमंत्रण सूचना**

क्रमांक/ 32 / निर्माण/ 2023-24 / 1440 बिलासपुर, दिनांक 18/08/2023

छ.ग.शासन के राज्यपाल की ओर से मोहरबंद निम्न कार्य हेतु फार्म 'अ' में भवन कार्य हेतु जारी प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग रायपुर द्वारा जारी दिनांक 01.01.2015 (भवन कार्य) से प्रभावशील दर अनुसूची पर आधारित छ.ग. शासन लोक निर्माण विभाग में सिंगल विन्डो में पंजीकृत ठेकेदारों से दो लिफाफा पद्धति में पंजीकृत डाक/ स्पीडपोस्ट से कार्यालय में प्राप्त की जावेगी।

01 निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि – 01.09.2023 अपरान्ह 03 बजे तक
02 निविदा प्रपत्र जारी करने की अंतिम तिथि – 02.09.2023 अपरान्ह 03 बजे तक
03 निविदा प्रपत्र कार्यालय को प्राप्त होने की अंतिम तिथि – 04.09.2023 अपरान्ह 03 बजे तक
04 प्राप्त निविदाएं को खोलने की तिथि – 04.09.2023 अपरान्ह 3.30 बजे तक
05 कार्य पूर्ण करने की अवधि – 03 माह वर्षा ऋतु सहित।
06 ठेकेदार की श्रेणी – सक्षम श्रेणी या उससे ऊपर।
07 निविदा प्रपत्र का मूल्य – 750/-

| क्र. | संस्था का नाम | विकास खण्ड | प्रशासकीय स्वीकृति की राशि | अमानत राशि |
|---|---|---|---|---|
| 01. | प्री.मै.आदिवासी बालक छात्रावास केंदा में आहाता निर्माण | कोटा | 3.65 | 4000/- |
| 02. | आदिवासी बालक आश्रम बिरगहनी में आहाता निर्माण | कोटा | 11.29 | 11500/- |
| 03. | प्री.मै.आदिवासी बालक छात्रावास पोंड़ीमोहदा में आहाता निर्माण | कोटा | 7.40 | 7500/- |
| 04. | पो.मै.कर्मचारी पुत्र छात्रावास बिलासपुर में अहाता निर्माण | बिल्हा | 19.50 | 20000/- |
| | | | 41.84 | |

(राशि रूपए इकतालिस लाख चौरासी हजार मात्र)

टीप:- नियम एवं शर्तें कार्यालयीन समय में कार्यालय में उपस्थित होकर निर्माण शाखा में देखी जा सकती है।

जी- 04551/1

**सहायक आयुक्त**
**आदिवासी विकास बिलासपुर छ.ग.**



**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग, संभाग क्र.- 1, बिलासपुर (छ.ग.**

ज्ञाप क्र. 5676/ NIT-09/2023-24 / SAC दिनांक : 22.08.2023

निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :- 05/09/2023 अपरान्ह 5.30 बजे
ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि :- 13/09/2023 अपरान्ह 5.30 बजे
निविदा खोलने की तिथि :- 14/09/2023 पूर्वान्ह 11.30 बजे
प्रत्येक निविदा प्रपत्र की क्रय राशि रू. 750/-
निविदाकारों की श्रेणी ई-पंजीयन के अंतर्गत श्रेणी ''द'' से ''अ'' तक

| एन.आई.टी. क्र. निविदा क्र. | कार्य का नाम No.OfCalls एवं कार्य की अवधि | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) अमानती राशि (रू.में) बैंक साल्वेंसी (रू. में) |
|---|---|---|
| वित्तीय वर्ष 2023-24 के वार्षिक संधारण मद अंतर्गत उपसंभाग क्र.-1, बिलासपुर में डब्ल्यू.एम.एम.एवं बी.टी.पेच रिपेयर कार्य का विवरण निम्नानुसार है :- | | |
| 09 T0099 | उपसंभाग क्र.-1, बिलासपुर के अंतर्गत महमंद फदहाखार मार्ग में। (प्रथम आमंत्रण) दिनांक 31.12.2023 तक | 20.00<br>15000.00<br>300000.00 |
| 09 T0100 | उपसंभाग क्र.-1, बिलासपुर के अंतर्गत बिलासपुर पासीद मार्ग में। (प्रथम आमंत्रण) दिनांक 31.12.2023 तक | 20.00<br>15000.00<br>300000.00 |
| 09 T0101 | उपसंभाग क्र.-1, बिलासपुर के अंतर्गत विभिन्न एम.डी.आर. एवं ओ.डी.आर. मार्गों में त्वरित मरम्मत। (प्रथम आमंत्रण) दिनांक 31.12.2023 तक | 19.99<br>14993.00<br>299850.00 |
| 09 T0102 | उपसंभाग क्र.-1, बिलासपुर के अंतर्गत विभिन्न ग्रामीण मार्गों में त्वरित मरम्मत। (प्रथम आमंत्रण) दिनांक 31.12.2023 तक | 9.99<br>7493.00<br>149850.00 |

निविदा संबंधी शर्तें विभागीय वेबसाईट WWW.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है।
नोट :- 1. ई.पी.एफ. रजिस्ट्रेशन के साथ 03 माह का चालान अनिवार्य है।
2. छत्तीसगढ़ शासन, लोक निर्माण विभाग, मंत्रालय महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर, जिला- रायपुर (छ.ग.) के आदेश क्र.-एफ 21-5/टी/19/2012/ निविदा नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक 31.07.2020 के अनुसार एनेक्जर द्य,द्यद्य ड्डद्वस्र द्यद्यद्य (बिड केपीसिटी एवं शपथ पत्र) अमानत राशि लिफाफा के साथ प्रस्तुत करना अनिवार्य है, बिड केपीसिटी परीक्षण उपरांत उत्तीर्ण होने पर निविदा खोली जावेगी।
3. हॉट मिक्स प्लांट 60-90 टी.पी.एच. का स्वामित्व प्रमाण-पत्र होना आवश्यक है। जिनका अवलोकन संबंधित संभागीय कार्यालय में किया जावेगा।

जी- 04562/1

**कार्यपालन अभियंता**
**लो.नि.वि.संभाग क्र.- 1,**
**बिलासपुर (छ.ग.)**



**न्यायालय नायब तहसीलदार – 3 बिलासपुर**
मामले की श्रेणी : राजस्व

**ईश्तहार**

संदर्भ : जिला-बिलासपुर तहसील बिलासपुर प.ह.नं. 37 तोरवा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक CT202223400108300046

तहसील बिलासपुर के प.ह.नं. 37 के अंतर्गत ग्राम तोरवा के वर्तमान भूमिस्वामी हरिदीवान व. गणेशदास पिता/ पति-पता-सा.देह के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 92 (0.0040) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता हेमंत दीवान पिता/ पति- हरि पता-तोरवा राजेश दीवान पिता/ पति-हरि दीवान पता-सा.देह, शेखर दीवान पिता/पति-हरि दीवान पता-रतनपुर, धनकुंवर दीवान पिता/पति-हरि दीवान पता-तोरवा, इंदिरा मानिकपुर पिता/पति-हरि पति संजू मानिकपुरी पता-खमतराई रायपुर में नाम पर पंजीयन/ फौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 28/08/2023 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय नायब तहसीलदार-3 बिलासपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते हैं। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 11/07/2023 को जारी किया जाता है।

सील

**श्रीमती प्रकृति ध्रुव**
**नायब तहसीलदार**



**न्यायालय तहसीलदार, बिलासपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

क्रमांक/ क/ तह./ वाचक/ 2023
बिलासपुर, दिनांक 11/08/2023

ग्राम मोपका के सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि ग्राम मोपका प.ह.नं. 29 तहसील बिलासपुर स्थित भूमि ख.नं. 175, 1383, 2272/21 में से रकबा 0.46, 0.20, 0.05 एकड़ भूमि की नामांतरण फौती के आधार पर किए जाने के लिए श्री स्वप्निल त्रिपाठी वगै. आ. स्व. पुरूषोत्तम मणि त्रिपाठी निवासी सरकंडा द्वारा आवेदन किया गया।

यदि किसी व्यक्ति/ संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/ दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनांक 28/08/2023 को सुबह 11.00 बजे स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति/ दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति स्वीकार नहीं किये जावेंगे।

आज दिनांक 11/08/2023 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

सील

**तहसीलदार**
**बिलासपुर (छ.ग.)**



**न्यायालय नजूल अधिकारी बिलासपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. ............/ अ-6/ 2022-23
पक्षकार : विमला शुक्ला पति स्व. राजकुमार शुक्ला वगै. .. आवेदक
बनाम
छ.ग.शासन ....... अनावेदक

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका विमला शुक्ला पति स्व. राजकुमार शुक्ला निवासी काली मंदिर के पास, तेलीपारा बिलासपुर (छ.ग.) ने स्वतः / अधिवक्ता के माध्यम् से नगर बिलासपुर के मोहल्ला खपरगंज स्थित शीट नंबर 33, प्लाट नंबर 17 क्षेत्रफल (रकबा) 1640 वर्गफीट नजूल भूमि को फौती के आधार पर नामांतरण दर्ज कराने हेतु छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के अंतर्गत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

इस संबंध में किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वे दिनांक 04/09/2023 को न्यायालयीन समय में स्वतः उपस्थित होकर अथवा अपने विधि मान्य प्रतिनिधि के माध्यम् से प्रस्तुत कर सकता है। उक्त तिथि के उपरांत प्राप्त आपत्ति/ दावा विचारणीय नहीं होगा।

आज दिनांक 11/08/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

सील

**नजूल अधिकारी**
**बिलासपुर(छ.ग.)**



**कार्यालय छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल प्रक्षेत्र बिलासपुर**

**आम सूचना**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा पं.दीनदयाल आवास योजनांतर्गत मंगला के तहत निर्मित भवनों में से भवन क्रमांक एल.आई.जी.-873, मूल आबंटी श्रीमती गुरमीत कौर पिता स्व.श्री मंजीत कुमार अरोरा, को आबंटित भवन का विक्रय विलेख दिनांक 09.04.2008 को पंजीकृत किया गया है। इसके उपरांत द्वितीय क्रेता द्वारा विक्रय विलेख दिनांक 12.10.2020 को पंजीकृत कराने के पश्चात् उक्त भवन को श्री इंद्रजीत सिंह पिता श्री राजेन्द्र सिंह अरोरा, के नाम पर नामांतरण करने हेतु आवेदन किया गया है।

यदि किसी व्यक्ति/ शासकीय/ अर्द्धशासकीय/ संस्था आदि को इस भवन के नामांतरण/ हस्तांतरण के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह अधोहस्ताक्षरकर्ता इस कार्यालय में लिखित रूप से मय प्रमाणित दस्तावेज सहित दावा/ आपत्ति कर सकता है, अन्यथा इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के बाद में कोई दावा/ आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं मण्डल नियमानुसार उनके पक्ष में नामांतरण/ हस्तांतरण कार्यवाही की जावेगी।

**संपदा अधिकारी,**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**प्रक्षेत्र- बिलासपुर (छ.ग.)**



**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार सकरी जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

ग्राम अमेरी त.सकरी
जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती ममता सोनवानी पति-स्व. कीर्तन सिंह सोनवानी, निवासी- शांति नगर, अमेरी तहसील सकरी जिला-बिलासपुर छ.ग. के द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर ग्राम अमेरी, तहसील सकरी स्थित भूमि खसरा नं. 411/21 रकबा 0.006 हे. भूमि आवेदिका के स्वामित्व की भूमि है जो खरीदी हक के आधार पर आवेदिका के नाम दर्ज हुआ है। उक्त भूमि वर्तमान में विक्रेता के नाम पर दर्ज है, जो कि त्रुटिपूर्ण है जिसे सुधार किए जाने हेतु छ.ग.भू.रा.सं. की धारा 115 के तहत् आवेदन न्यायालय श्रीमान अ.वि.अ.रा.तखतपुर, जिला-बिलासपुर छ.ग.में आवेदन प्रस्तुत किया गया है तथा इस न्यायालय को जाँच प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है। इस ईश्तहार के माध्यम से दावा/ आपत्ति आमंत्रित किया जाता है।

अतः उक्त आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/ आपत्ति हो तो वह अपना दावा/ आपत्ति स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 29.08.2023 तक प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त तिथि पश्चात् दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 14.08.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील व मुहर से जारी किया गया।

सील

**अतिरिक्त तहसीलदार**
**सकरी**

**उवाच** "अमेठी का अपमान करने वालों को जनता कैसे स्वीकार करेगी। उन्होंने राहुल गांधी के अमेठी से चुनाव लड़ने के सवाल पर कहा कि लोकतंत्र में सबको कहीं से चुनाव लड़ने का अधिकार है:- **स्मृति ईरानी, केन्द्रीय मंत्री**



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 35.3 | 25.5 |
| मुंबई | 31.6 | 26.3 |
| कोलकाता | 27.8 | 25.8 |
| चेन्नई | 35.3 | 26.2 |

# मीडिया विभाग को और चाक-चौबंद करेगी कांग्रेस, जल्द होगा आधिकारिक प्रवक्ताओं का ऐलान

## पार्टी के वाररूम में मीडिया और सोशल मीडिया के बीच तालमेल के लिए भी एक टीम गठित की जाएगी

■ विंध्यवासिनी त्रिपाठी

**नई दिल्ली,** 25 अगस्त देशबन्धु। लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर कांग्रेस पार्टी ने कमर कस ली है। संगठन के हर पेंच को दुरूस्त करने की कवायद हो रही है। इसी कड़ी में राष्ट्रीय नेतृत्व मीडिया विभाग को भी और चाक-चौंब्रद करने की तैयारी कर रहा है। जल्द ही राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से मंजूरी मिल जाने के बाद पार्टी नई रणनीति के साथ अपने प्रवक्ताओं की आधिकारिक सूची जारी कोगी। सूत्रों ने बताया कि लोकसभा चुनाव को देखते हुए कांग्रेस पार्टी अपने मीडिया विंग को और अधिक धारदार बनाने की तैयारी कर रही है इस बात पर जोर दिया जा रहा है कि केंद्र और राज्यों के मीडिया विभागों के बीच ज्यादा से ज्यादा तालमेल हो। ताकि जिला और ब्लॉक स्तर तक समन्वय स्थापित किया जा सकें। जो संदेश पार्टी का केंद्रीय नेतृत्व दे वह हुबहू जिला और ब्लॉक समितियों तक पहुंचे। इसके लिए हर स्तर पर एक टीम गठित होगी। साथ ही केंद्रीय स्तर पर पार्टी के वाररूम में मीडिया और सोशल मीडिया के बीच तालमेल के लिए भी एक टीम गठित की जाएगी। वहीं जवाबदेही के साथ राज्यवार 40 सोशल मीडिया कोऑर्डिनेटरों की नियुक्ति कर दी गई है। सोशल मीडिया में और प्रोफेशनल लोगों को शामिल करने की तैयारी चल रही है। जो सोशल मीडिया के अलग-अलग प्लेटफॉर्म के लिहाज से अलग-अलग कंटेंट तैयार करेंगे। सोशल मीडिया प्रमुख सुप्रिया श्रीनेत ने भी कहा,पार्टी ने अब अपने उदार रवैए को छोड़कर ज्यादा आक्रामक होकर भाजपा के झूठ का पर्दाफाश कर रही है। यह तेवर आगे भी बरकरार रहेगा। इतना ही नहीं पार्टी एक पैनल का गठन करेगी,जो मीडिया पर नजर रखेगी और एजेंडा चलाने वालों का बहिष्कार करेगी।



■ सोशल मीडिया में और प्रोफेशनल लोगों को शामिल करने की तैयारी चल रही है

### पीएम मोदी को तब तक उनके झूठ की याद दिलाते रहेंगे जब तक वह सच नहीं बोल देतेः कांग्रेस

नई दिल्ली। कांग्रेस ने शुक्रवार को कहा कि वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देश से उनके झूठ की याद तब तक याद दिलाती रहेगी, जब तक वह अपनी 'हमारी जमीन में किसी ने प्रवेश नहीं किया' वाली टिप्पणी पर सच नहीं बोल देते। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने एक ट्वीट में कहा, 'याद रखें कि प्रधानमंत्री ने 19 जून 2020 को क्या कहा था। जब तक प्रधानमंत्री सच नहीं बोलेंगे, हम देश को बार-बार उनके झूठ की याद दिलाएंगे।' उन्होंने प्रधानमंत्री का एक वीडियो भी संलग्न किया जिसमें वह एक सर्वदलीय बैठक को संबोधित करते नजर आ रहे हैं। उन्हें यह कहते हुए सुना जा सकता है, 'हमारे क्षेत्र में कोई नहीं घुसा है, कोई वहां नहीं है और एक भी पोस्ट पर किसी ने कब्जा नहीं किया है।'



'याद रखें कि प्रधानमंत्री ने 19 जून 2020 को क्या कहा था। जब तक प्रधानमंत्री सच नहीं बोलेंगे, हम देश को बार-बार उनके झूठ की याद दिलाएंगेः-जयराम रमेश

### कांग्रेस जीतने वाले को बनाएगी उम्मीदवार : कमलनाथ

मुरैना। कांग्रेस की मध्यप्रदेश इकाई के प्रदेशाध्यक्ष कमलनाथ ने साफ कर दिया है कि कांग्रेस जिताऊ व्यक्ति को उम्मीदवार बनाएगी। मुरैना जिले के अंबाह पहुंचे कमलनाथ ने संवाददाताओं से चर्चा करते हुए कहा कि राज्य में भ्रष्टाचार का बोलबाला है, राज्य की पहचान ही भ्रष्टाचार से बन रही है, पचास प्रतिशत तक कमीशन लिया जा रहा है। कमलनाथ से जब राज्य के चुनाव में उम्मीदवार को लेकर चल रही कवायद पर सवाल पूछा गया तो उन्होंने कहा कि कांग्रेस जिताऊ व्यक्ति को उम्मीदवार बनाएगी।

# असदुद्दीन ओवैसी ने मोदी सरकार पर चीन के सामने झुकने का आरोप लगाया

## ओवैसी ने संसद का विशेष सत्र बुलाने की भी मांग की

**हैदराबाद,** 25 अगस्त (एजेंसियां)। एआईएमआईएम अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने शुक्रवार को सीमा मुद्दे पर मोदी सरकार पर चीन के सामने झुकने का आरोप लगाया। साथ ही ओवैसी ने संसद का विशेष सत्र बुलाने की भी मांग की। ओवैसी ने मोदी सरकार को चीन के सामने झुकने को शर्मनाक और खतरनाक बताया। उन्होंने मांग की कि सरकार को देश को बताना चाहिए कि उसने 19 दौर में चीन के साथ क्या चर्चा की। एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए ओवैसी ने पूछा कि प्रधानमंत्री बातचीत के लिए चीनी राष्ट्रपति के पीछे क्यों भाग रहे हैं और सरकार, लद्दाख में जो हो रहा है, उसके बारे में देश को अंधेरे में क्यों रख रही है? ओवैसी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने बाली में चीनी राष्ट्रपति से बात की। लेकिन, देश को एक महीने बाद पता चला कि किसी तरह का समझौता हुआ है। ओवैसी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने 23 अगस्त को दक्षिण अफ्रीका में ब्रिक्स बैठक में चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात की थी। अगले दिन देश को बैठक के बारे में तब पता चला जब चीनी विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर कहा कि यह बैठक प्रधानमंत्री के अनुरोध पर हुई थी। ओवैसी ने कहा कि चीन के साथ 19 दौर की बातचीत हुई। उन्होंने जानना चाहा कि नतीजा क्या निकला। क्या चीन ने हमें उन 25 गश्त बिंदुओं पर गश्त करने की इजाजत दी है, जहां उसने हमें गश्त करने से रोका था? क्या चीन ने हमें देपसांग और देमचोक में गश्त करने की इजाजत दी है। कुछ नहीं हो रहा है। यह सरकार चीनियों के सामने क्यों झुक रही है और घुटने क्यों टेक रही है? ओवैसी ने यह भी पूछा कि मोदी सरकार सीमा संकट के समाधान के रूप में कुछ भी स्वीकार करने के लिए सेना पर दबाव क्यों डाल रही है।



प्रधानमंत्री बातचीत के लिए चीनी राष्ट्रपति के पीछे क्यों भाग रहे हैं और सरकार, लद्दाख में जो हो रहा है, उसके बारे में देश को अंधेरे में क्यों रख रही हैः-असदुद्दीन ओवैसी

## सार संक्षेप

### जन प्रतिनिधियों का आचरण निराशाजनकः धनखड़

नई दिल्ली। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने देश में जन प्रतिनिधियों के आचरण को निराशाजनक करार देते हुए शुक्रवार को कहा कि युवाओं को इस संबंध में विरोध दर्ज कराना चाहिए। श्री धनखड़ ने आज यहां नयी दिल्ली प्रबंधन संस्थान के 25वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि सत्ता के गलियारे 'सत्ता के दलालों' से पूरी तरह मुक्त हो गए हैं। उन्होंने कहा, 'सत्ता के दलालों' की व्यवस्था समाप्त हो गई है। यह कभी पुनर्जीवित नहीं हो सकती। पारदर्शिता और जवाबदेही सरकार की पहचान है और अब भ्रष्टाचार के प्रति शून्य सहिष्णुता है।' न्यायिक प्रणाली को बहुत मजबूत करार देते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि जब किसी पर कानून के उल्लंघन का मामला दर्ज किया जा सकता है, तो सड़कों पर उतरने की संस्कृति खत्म होनी चाहिए।

### इंद्राणी तहसीलदार आत्महत्या मामले में कांग्रेस ने की जांच की मांग, राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन

गुवाहाटी। असम में इंद्राणी तहसीलदार की आत्महत्या मामले में कांग्रेस ने गहन जांच की मांग की है। तहसीलदार ने 11 अगस्त को एक अन्य सदस्य के साथ अपनी अंतरंग तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद कथित तौर पर आत्महत्या कर ली थी। असम महिला कांग्रेस की अध्यक्ष मीरा बारठाकुर ने कहा, 'हमें न्यायपालिका पर भरोसा है, लेकिन हाल के कुछ मामलों में हमने देखा है कि पुलिस ने कई मामलों में जांच को विफल कर दिया है। इसीलिए हमने माननीय राज्यपाल से इस मामले में कार्रवाई करने का अनुरोध किया है।' उन्होंने जोर देकर कहा कि भाजपा और तहसीलदार के बीच नौकरी के बदले पैसे की सांठगांठ है। गिरफ्तार किए गए पार्टी नेताओं में से एक ने पुलिस को यह जानकारी दी।

### तमिलनाडु के मंत्री सेंथिल बालाजी की न्यायिक हिरासत 28 अगस्त तक बढ़ी

चेन्नई। चेन्नई में विशेष एमपी/एमएलए अदालत ने शुक्रवार को तमिलनाडु के वी. सेंथिल बालाजी की न्यायिक हिरासत 28 अगस्त तक बढ़ा दी। वो फिलहाल मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जेल में हैं। अदालत ने जेल अधिकारियों को सुनवाई के लिए मंत्री को 28 अगस्त को अदालत में पेश करने का भी निर्देश दिया। सेंथिल बालाजी को 215 के नौकरी घोटाले के सिलसिले में 14 जून को ईडी ने गिरफ्तार किया था। वर्तमान में, हार्ट बाईपास सर्जरी के बाद उनका एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। राज्यपाल आर.एन. रवि ने सेंथिल बालाजी की गिरफ्तारी के बाद उन्हें मंत्रिपरिषद से बर्खास्त कर दिया था। लेकिन मुख्यमंत्री स्टालिन ने इस कदम को लेकर राज्यपाल पर हमला बोला और कहा कि उनके पास बर्खास्त करने का कोई अधिकार नहीं है।

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दादी प्रकाशमणि की स्मृति में डाक टिकट जारी किया

**नई दिल्ली,** 25 अगस्त (एजेंसियां)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार 25 अगस्त को राष्ट्रपति भवन के सांस्कृतिक केंद्र में ब्रह्माकुमारीज़ की पूर्व प्रमुख दादी प्रकाशमणि की स्मृति में एक डाक टिकट जारी किया। डाक टिकट दादी प्रकाशमणि की 16वीं पुण्य तिथि के अवसर पर संचार मंत्रालय के डाक विभाग की 'माई स्टैम्प' पहल के अंतर्गत जारी किया गया। राष्ट्रपति ने इस अवसर पर कहा कि दादी प्रकाशमणि ने आध्यात्मिकता के माध्यम से भारतीय मूल्यों और संस्कृति को भारत और विदेशों में फैलाया। उनके नेतृत्व में ब्रह्माकुमारीज़ विश्व में महिलाओं के नेतृत्व वाला सबसे बड़ा आध्यात्मिक संगठन बना। वह एक सच्चे नेता की तरह चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में भी विश्वास और साहस के साथ ब्रह्माकुमारीज़ परिवार के साथ खड़ी रहीं और हमेशा उनका मार्गदर्शन किया। राष्ट्रपति ने कहा कि विश्व का यह सबसे बड़ा सत्य है कि जीवन अस्थायी है और व्यक्ति को उसके कर्मों के कारण ही याद किया जाता है। व्यक्ति को लोक कल्याण की भावना से नेक कार्य करना चाहिए। दादी जी भले ही शारीरिक रूप से हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनके आध्यात्मिक और मिलनसार व्यक्तित्व और मानव कल्याण के उनके संदेश की यादें हमेशा हमारे बीच जीवित रहेंगी और आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेंगी। राष्ट्रपति ने हाल ही में चंद्रयान-3 मिशन की सफलता के बारे में कहा कि हम सभी ने भारत के वैज्ञानिकों की अभूतपूर्व सफलता देखी है। भारत चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर पहुंचने वाला पहला देश बन गया है।



# जाति आधारित सर्वे तैयार, जल्द होगा सार्वजनिक : नीतीश

**पटना,** 25 अगस्त (एजेंसियां)। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को कहा कि जाति आधारित सर्वे का काम पूरा हो गया है और जल्द ही इसे सार्वजनिक किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह समाज के सभी वर्गों के लिए फायदेमंद साबित होगा। पटना में मीडियाकर्मियों से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा, 'गिनती पूरी हो चुकी है और डेटा संकलित करने का काम चल रहा है। यह जल्द ही सामने आएगा। सर्वे से समाज के वंचित लोगों को मदद मिलेगी। यह एक तस्वीर देगा कि किस वर्ग को कितना विकास की जरूरत है।' उन्होंने कहा, 'मुझे इस बात की परवाह नहीं है कि भाजपा नेता जाति-आधारित सर्वे पर क्या कह रहे हैं। मैं कह सकता हूं कि जाति-आधारित सर्वे कराने का बीजेपी सहित सभी दलों का सर्वसम्मत निर्णय था। हम इसके पक्ष में हैं, शुरुआत से।' उन्होंने यह भी कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने कभी भी सर्वे पर रोक नहीं लगाई। इस संबंध में दायर जनहित याचिका को पटना हाईकोर्ट पहले ही खारिज कर चुका है। नीतीश कुमार ने यह भी कहा, 'केंद्र देश की जनगणना क्यों नहीं करा रहा है जो हर 10 साल में होती है और 2021 में होनी थी।



यह समाज के सभी वर्गों के लिए फायदेमंद साबित होगा, 'गिनती पूरी हो चुकी है और डेटा संकलित करने का काम चल रहा है। यह जल्द ही सामने आएगाः-नीतीश, मुख्यमंत्री बिहार

### नीतीश का आरोप, केंद्र लालू प्रसाद को 'फंसा' रहा है

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि केंद्र सरकार राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद को चारा घोटाले में फंसा रही है। इससे पहले दिन में, सुप्रीम कोर्ट ने करोड़ों रुपए के चारा घोटाले में लालू प्रसाद को दी गई जमानत को रद्द करने की मांग करने वाली सीबीआई की याचिका पर सुनवाई अक्टूबर तक के लिए स्थगित कर दी।

राजद प्रमुख की जमानत खारिज करने की मांग करते हुए, सीबीआई ने कहा, 'लालू प्रसाद को स्वास्थ्य आधार पर जमानत दी गई थी, और अब किडनी प्रत्यारोपण के बाद उनका स्वास्थ्य ठीक है, इसलिए उनकी जमानत रद्द की जानी चाहिए।' यहां पत्रकारों से बातचीत करते हुए नीतीश ने कहा, 'केंद्र सरकार में बैठे लोग लालू प्रसाद को बेवजह परेशान कर रहे हैं।

वे विपक्षी दलों में सभी को परेशान कर रहे हैं।' शिक्षक भर्ती परीक्षा पर उन्होंने कहा, 'परीक्षाएं आयोजित की जा रही हैं। मैंने लड़के-लड़कियों को नौकरी देने का वादा किया है और उसे पूरा कर रहा हूं। हम आम लोगों के लिए और भी कई अच्छे काम करेंगे।'

## हाईडैम बनाने को लेकर गंभीर नहीं है केंद्र सरकार : संजय झा

**पटना,** 25 अगस्त (देशबन्धु)। शुक्रवार को जद(यू0) मुख्यालय में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में बिहार सरकार के जल संसाधन मंत्री श्री संजय झा एवं विज्ञान व प्रौद्योगिकी मंत्री श्री सुमित कुमार सिंह ने आमजनों की समस्याओं को सुनकर उनके त्वरित निष्पादन हेतु संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। कार्यक्रम के दौरान पत्रकारों से मुखातिब होते हुए माननीय मंत्री श्री संजय झा ने कहा कि नेपाल में जब भी रिकॉर्ड बारिश होती है तब उसका सबसे अधिक प्रभाव बिहार में होता है, आज भी नेपाल में जबरदस्त बारिश हुई है और लगभग तीन लाख क्यूसेक पानी नेपाल की तरफ़ से छोड़ा गया है, विभाग पूरी तरह से अलर्ट मोड पर है। हाईडैम की मांग को लेकर हमनें कई बार केंद्र सरकार के समक्ष अपनी बात रखी है क्योंकि हाईडैम ही इस समस्या का एकमात्र समाधान है, पटना उच्च न्यायालय के द्वारा भी हाईडैम बनाने को लेकर ऑटोरिट गठित करने की बात कही गई मगर केंद्र सरकार न जाने बिहार से कौन सा दुश्मनी निकाल रही है। श्री झा ने कहा कि स्थिति को नियंत्रित करने के लिए बिहार के अंदर जो भी काम करना है वो काम सरकार पुरी तत्परता से कर रही है, केंद्र सरकार से कहीं कोई सहयोग हमें नहीं मिला है। बिहार के हितों को अनदेखा कर फ़रक्का को निर्माण करवाया गया, गंगा नदी के किनारे बसे सभी शहरों पर हर वर्ष बाढ़ का ख़तरा रहता है। विपक्षी दलों की बैठक के बारे में पत्रकारों द्वारा पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि दोनों बैठकों में सकारात्मक बातचीत हुई है और हमें विश्वास है कि मुंबई में आयोजित होने वाली तीसरी बैठक से इसके स्वरुप को लेकर कोइ ठोस नतीजा निकलेगा।

# ईडी का समन रद्द करने की गुहार लेकर सुप्रीम कोर्ट पहुंचे मुख्यमंत्री सोरेन

**नई दिल्ली,** 25 अगस्त (एजेंसियां)। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 'मनी लॉन्ड्रिंग' मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समन को शुक्रवार को उच्चतम न्यायालय में चुनौती देते हुए उसे रद्द करने की गुहार लगाई। श्री सोरेन ने अपनी याचिका में ईडी पर आरोप लगाते हुए कहा है कि यह समन उनकी छवि, लोकतांत्रिक रूप से चुनी हुई झारखंड सरकार और वहां के लोगों की प्रतिष्ठा को धूमिल करने का प्रयास है। उन्होंने अन्य प्रार्थनाओं के अलावा मनी लॉन्ड्रिंग मामले में उनके खिलाफ जारी समन को रद्द करने की मांग की। ईडी ने श्री सोरेन को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूछताछ के लिए दो बार बुलाया था, लेकिन वह नहीं पहुंचे। ईडी राज्य में मनी लॉन्ड्रिंग के दो बड़े मामलों की जांच कर रही है। पहला मामला राज्य में अवैध खनन से जुड़ा है। एजेंसी ने पिछले साल 17 नवंबर को खनन मामले में श्री सोरेन से पूछताछ की थी। दूसरा मामला राज्य की राजधानी रांची में कथित भूमि घोटाले से संबंधित है। कथित जमीन के मामले में भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी सी रंजन और दो व्यापारियों सहित तेरह लोगों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। केंद्रीय जांच एजेंसी ईडी ने धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत अपना बयान दर्ज कराने के लिए श्री सोरेन को 14 अगस्त को रांची स्थित अपने क्षेत्रीय कार्यालय में बुलाया था।



यह समन उनकी छवि, लोकतांत्रिक रूप से चुनी हुई झारखंड सरकार और वहां के लोगों की प्रतिष्ठा को धूमिल करने का प्रयास हैः-हेमंत सोरेनइ

### हाइड्रोजन इंजन निर्माण परियोजना राज्य के विकास को गति देगीः हेमन्त सोरेन

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि हाइड्रोजन इंजन निर्माण परियोजना के लिए टाटा मोटर्स एवं टाटा कमिंस के संयुक्त उपक्रम तथा झारखंड सरकार के बीच एमओयू होना निश्चित रूप से झारखंड के इतिहास में एक महत्वपूर्ण दिन है। श्री सोरेन ने आज झारखंड मंत्रालय के सभागार में आयोजित टीसपीएल ग्रीन एनर्जी सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड(टाटा मोटर्स लिमिटेड तथा टाटा कमिंस लिमिटेड का संयुक्त उपक्रम) के साथ उद्योग विभाग, झारखंड सरकार के बीच हाइड्रोजन इंजन निर्माण से संबंधित नई परियोजना के लिए एम ओ यू हस्ताक्षर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे तो देश की आजादी से लेकर अब तक झारखंड में उद्योग के क्षेत्र में कई कड़ियां जुड़ी हैं।

## विधानसभा उपचुनाव : 16 उम्मीदवारों पर आपराधिक मामले, 11 के खिलाफ गंभीर आरोप

**नई दिल्ली,** 25 अगस्त (एजेंसियां)। छह राज्यों की सात विधानसभा सीटों पर उपचुनाव लड़ रहे 42 में से कुल 16 उम्मीदवारों ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले घोषित किए हैं। जिनमें से 11 के खिलाफ गंभीर आरोप हैं। एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) और नेशनल इलेक्शन वॉच (एनईडब्ल्यू) ने एक रिपोर्ट में जिक्र किया है कि उसने 5 सितंबर को छह राज्यों के सात विधानसभा क्षेत्रों में होने वाले उपचुनाव के 43 में से 42 उम्मीदवारों के शपथ पत्रों का विश्लेषण किया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि 16 उम्मीदवार (38 प्रतिशत) ऐसे हैं, जिन्होंने अपने खिलाफ आपराधिक मामले घोषित किए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक 'इनमें से 11 उम्मीदवार (26 फीसदी) ने खुद पर गंभीर आपराधिक मामले घोषित किए हैं।' रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि उपचुनाव लड़ रहे 42 में से 10 उम्मीदवार (24 प्रतिशत) करोड़पति हैं। प्रति उम्मीदवार औसत संपत्ति 1.08 करोड़ रुपये है। 19 उम्मीदवारों ने खुद पर देनदारियां घोषित की हैं। रिपोर्ट में जिक्र किया गया है कि 42 में से 5 उम्मीदवार (12 फीसदी) महिलाएं हैं। बता दें कि झारखंड की डुमरी, केरल की पुथुपल्ली, त्रिपुरा की बोक्सानगर और धनपुर, उत्तर प्रदेश की घोसी, उत्तराखंड की बागेश्वर और पश्चिम बंगाल की धूपगुड़ी विधानसभा सीट पर 5 सितंबर को उपचुनाव होने हैं।



**कवायद** *दिल्ली में जी- 20 बैठक के तीन दिवसीय प्रतिबंध दिलाएंगे लॉकडाउन की याद*

# केन्द्र व दिल्ली सरकार के दफ्तरों में बंदी के साथ सबकुछ बंद, ट्रैफिक एडवाइजरी जारी

■ जोगोन्द्र सोलंकी

**नई दिल्ली, 25 अगस्त (देशबन्धु)। दिल्ली में होने वाले जी2 शिखर सम्मेलन के मद्देनजर 8, 9 और 1 सितंबर को जनता कर्फ्यू से लोगों को एक बार फिर कोरोनो काल के लॉकडाउन की याद ताजा होंने वाली है। क्योंकि इन दिनों के लिए दिल्ली सरकार से लेकर केन्द्र सरकार के दिल्ली में सभी दफ्तर बंद रहेंगे। दिल्ली सरकार ने अधिसूचना भी जारी कर दी है।**

इन तीन दिनों में स्कूल-कॉलेज, दफ्तर, मार्केट से लेकर बहुत सारी चीजें बंद रहेंगी। खासकर लुटियंस दिल्ली के आसपास तो सबकुछ बंद रहेगा। अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के लिए दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने आज शुक्रवार को जो एडवाइजरी जारी की है उससे भी साफ है कि तीन दिनों में दिल्ली की सड़कें भी खाली दिखने वाली हैं। पुलिस ने एडवाइजरी में बताया है कि किन सड़कों पर रोक रहेगी और कहां आप चल सकते हैं। लॉकडाउन की तरह जरूरी सेवाओं पर कोई रोक नहीं होगी और मेडिकल इमरजेंसी वाले वाहनों पर पूरी दिल्ली में बिना रोक के आ और जा सकेंगे। दूसरे राज्यों के लिए गुजरने वाले वाहनों को ईस्टर्न और वेस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे या अन्य वैकल्पिक रूट पर डायवर्ट किया जाएगा। ऐसे वाहनों को दिल्ली में एंट्री नहीं दी जाएगी। मालवाहक वाहनों (ट्रक या छोटे वाहन) को दिल्ली में एंट्री नहीं दी जाएगी। हालांकि, दूध, सब्जी, फल, मेडिकल सप्लाई देने वाले बड़े वाहनों को छूट रहेगी। दूसरे राज्यों से आ रही बसों को दिल्ली में प्रवेश की अनुमति तो दी जाएगी।



■ इन तीन दिनों में स्कूल-कॉलेज, दफ्तर, मार्केट से लेकर बहुत सारी चीजें बंद रहेंगी

ऐसी सभी बसों को रिंग रोड पर ही रुकना होगा। दिल्ली में पहले से मौजूद बसें रिंग रोड और रिंग रोड से आगे दिल्ली की सीमाओं की ओर सड़क नेटवर्क पर चलेंगी। इन बसों को दिल्ली से बाहर जाने की परमिशन होगी।

टैक्सियों को नई दिल्ली जिले के बाहर सड़क नेटवर्क पर चलने की अनुमति होगी। साथ ही नई दिल्ली जिले के अंदर स्थित होटलों में बुकिंग वाले लोगों को ले जाने वाली टैक्सियों को नई दिल्ली जिले के अंदर सड़क नेटवर्क पर चलने की अनुमति होगी। 8-10 सितंबर के बीच दिल्ली के सभी मेट्रो स्टेशनों पर यात्रियों के लिए मेट्रो सेवा उपलब्ध रहेगी लेकिन खान मार्केट, मंडी हाउस, केंद्रीय सचिवालय, सुप्रीम कोर्ट मेट्रो स्टेशन 9 सितंबर को 5 बजे सुबह से लेकर 10 सितंबर रात 11 बजे तक बंद रहेगा। नई दिल्ली की ओर आने वाले सभी मार्ग बंद रहेंगे। केवल एयरपोर्ट, नई दिल्ली और पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशनों तक यात्रियों की आवाजाही की परमिशन होगी। जरूरी चीजों के लिए जांच के बाद ही अनुमति दी जाएगी।

# अभिमत

*ग्रीस से लौटने के तुरंत बाद पीएम मोदी 26 अगस्त को बंगलुरु जाएंगे। ऐसा लगता है कि इसरो को चुनावी मंच पर लाने की पूरी तैयारी हो चुकी है। जब वहां हरेक लांच के समय पूजा-पाठ का पाखंड शुरू हुआ, तभी लग गया था कि विज्ञान के इस अधिकेंद्र के बुनियादी स्वरूप को बदलने में मोदी सरकार लग चुकी है। इसरो में जो कुछ अजीबोगरीब घटित हुआ, उसमें शैलेश नायक का क़िस्सा भी दिलचस्प है, जो केवल 11 दिनों के वास्ते इस महकमे के प्रमुख बनाये गये थे।*

## चुनाव तक हमें चांद चाहिए!



पुष्परंजन

**हमारा देश अपने वैज्ञानिकों की उपलब्धियों पर अवश्य गर्व करे, मगर साथ में उन परिस्थितियों की भी पड़ताल करे, जिस वजह से उन्हें आत्महत्या के लिए विवश होना पड़ता है। 2014 से पहले, और बाद में भी इसरो समेत देश के प्रमुख वैज्ञानिक शोध संस्थानों में खुदकुशी व रहस्यमय हत्याओं की घटनाएं हुई हैं।**

पूरा देश मदमस्त है। होना भी चाहिए। मोदी जी के नेतृत्व में इतनी बड़ी सफलता। रूस कभी साउथ पोल पर रचना चाहता था इतिहास, उसे भारत ने पीछे छोड़ दिया। पाकिस्तान वालों के सीने पर सांप लोट रहा है। वाघा बॉर्डर पार इतना सन्नाटा क्यों है भाई? इत्थे देखो। यहां अब कोई टमाटर का भाव नहीं पूछेगा। यदि किसी करमजलिये ने टमाटर-प्याज़-पेट्रोल का भाव पूछा, भक्तजन चांद दिखा देंगे। वोटरों को जून 2024 तक चांद दिखाते रहेंगे। साथ में दिखायेंगे पीएम मोदी की ऊंगली, जिसके ज़रिये लांचिंग के समय वो छाये रहे। साउथ पोल पर संपूर्ण लैंडिंग क्यों देखे देश? बीच ब्राड कास्टिंग मोदी की इंट्री चाहिए ही।

लेकिन सबसे हरामखोर निकले उनके टुकड़ों पर पलने वाले गोदिये। वर्चुअल स्टूडियो में तूफान लाने और छाते के साथ एंकरनी प्रस्तुत कर सकते हैं, चांद पर पीएम मोदी को लैंडिंग करते दिखा देते, तो तेरा क्या जाता कालिये? लाखों रुपये के वर्चुअल स्टूडियो ऐसे ही चंपक कार्यक्रमों के लिए निर्मित किये जाते हैं। साउथ पोल पर घूमते-टहलते, शोधपूर्ण मुद्रा में देखकर भक्त और विभोर होते। मीडिया के मालिकान नंबर बनाते, मगर मूर्खों ने पानी फेर दिया।

किसी दिलजले ने पूछा, चांद की रेस में भारत रूस से आगे निकल भी गया, तो देश के आम आदमी को क्या मिला? भक्त बता सकते हैं कि यहां का किसान चांद पर टमाटर बोयेगा, होम डिलीवरी वहीं से होगी। केवल पांच रुपये किलो। दिलजलों को इससे मतलब नहीं कि 600 करोड़ के चंद्रयान-3 मिशन से अंतरिक्ष से भारतीय सीमा की निगरानी के अलावा अनुसंधान के क्षेत्र में हमें क्या उपलब्धियां हासिल होनी है। वो तो फूंके पड़े हैं। कोई भूल-चूक हुई, तो मोदी के गुब्बारे में पिन मारने को चौचक बैठे हैं।

चंद्रयान अभियान से नफरतियों को खुराक देने वाले अखबारों-चैनलों ने बताना शुरू किया कि चांद पाकिस्तान के झंडे पर उकेरा हुआ है। बात दूर तलक गई, उसका धार्मिक एंगल भी ढूंढ लिया कि चांद को पवित्र मानते हो, तो वहां हमने झंडे गाड़ दिये मोदी जी के नेतृत्व में। चांद के बहाने नफरत फैलाओ, और वोट का ध्रुवीकरण करो। अब इन अनपढ़ नफ़रतियों को कौन बताये कि अकेले पाकिस्तान नहीं, दुनिया के दस और देश अपने झंडों में चांद का इस्तेमाल करते हैं। उज़्बेकिस्तान, तुर्कमेनिस्तान, तुर्की, ट्यूनिशिया, उत्तर-पश्चिमी अफ़्रीकी देश मॉरिटेनिया, मालदीव, मलयेशिया, कोमोरोस, अज़रबैजान और अल्जीरिया को भी याद कर लो व्हाट्सअप यूनिवर्सिटी वालों। चांद तो हिंदू बहुल राष्ट्र नेपाल के झंडे में भी है। उसका क्या करोगे? उनके ध्वज में ऊपर चांद है, और नीचे सूरज।

एक ख़बर यह आई कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ब्रिक्स सम्मेलन और ग्रीस से भारत लौटने के तुरंत बाद 26 अगस्त को बंगलुरु जाएंगे। पीएम मोदी इसरो के प्रमुख एस. सोमनाथ के साथ-साथ वैज्ञानिकों से मुलाकात करेंगे। प्रधानमंत्री हैं, तो उनका वहां जाना और पूरी टीम को चंद्रयान-3 की सफलता के लिए धन्यवाद देना बनता है। लेकिन इसका राजनीतिकरण डराता है। चुनावी कालखंड है, तो इसरो की उपलब्धियों से राजनीतिक मंच निरापद रहे, वो भी नरेंद्र मोदी के रहते? नेति-नेति।

प्रधानमंत्री मोदी ने चंद्रयान-3 की लैंडिंग के समय कहा था कि यह विकसित भारत का शंखनाद है। भारत की यह उड़ान चंद्रयान से भी आगे जाएगी। पीएम ने इस दौरान सूर्य मिशन का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि जल्द ही इसरो आदित्य एल-1 मिशन भी लॉन्च करेगा, जिससे सूर्य का विस्तृत अध्ययन किया जा सकेगा। इसके बाद शुक्र और सौरमंडल के सामर्थ्य को परखने के लिए दूसरे अभियान भी आरंभ किए जाएंगे। ऐसी घोषणा के हवाले से प्रधानमंत्री मोदी के शैदाई दावा कर सकते हैं कि पूरे ब्रह्मांड में वो अकेले नेता हैं, जो सौर मंडल के हर ग्रह-उपग्रह पर वैज्ञानिक शोध कराने की क्षमता रखता है। अजेय-अभूतपूर्व।

प्रधानमंत्री ने जोहान्सबर्ग में कहा था, 'अब चांद से जुड़े मिथक भी बदल जाएंगे। नई पीढ़ी के लिए कहावतें पुरानी पड़ जाएंगी। पहले कहा जाता था कि चंदा मामा दूर के... लेकिन अब लोग कहेंगे चंदा मामा बस एक टूर के...' मोदी ने अपने भाषण में देश के पहले मानव मिशन गगनयान की भी जानकारी दी। बताया कि इसके लिए तैयारियां तेजी से की जा रही हैं। मोदी से पहले के प्रधानमंत्री वैज्ञानिक मिशन के मामले में चुप रहा करते थे, यहां मुट्ठी खोलने में देर नहीं लगती।

मगर, सवाल यह है कि जिन वैज्ञानिकों के बूते भारत अपना भाल ऊंचा कर रहा है, क्या उनके काम करने की परिस्थितियां और उनके हालात सही चल रहे हैं? 2022 को ही आधार मान लेते हैं, जब इसरो में 16 हज़ार 786 लोग काम कर रहे थे। इसरो की जय-जय कर रही सरकार से कोई पूछे कि 2023-24 के बजट में इस महकमे के वास्ते आबंटित राशि में आठ प्रतिशत की कटौती क्यों कर दी गई? पहले वाले बजट में 13 हज़ार 700 करोड़ को कम कर 12 हज़ार 542.91 करोड़ कर देने के पीछे की वजहें वित्त मंत्री ने स्पष्ट नहीं किया था।

चन्द्रयान-3 की सफलता के बाद अपनी पीठ ठोकने वाली सरकार ने विगत नौ वर्षों की रिपोर्ट कार्ड जारी कर दी। रिपोर्ट कार्ड का लब्बो-लुआब यह है कि नौ साल की अवधि में इसरो के ज़रिये 389 विदेशी सेटेलाइट लांच किये गये थे, जिससे 3 हज़ार 300 करोड़ की आय हुई थी। सरकार का कहना है कि 2014 से पहले केवल 35 विदेशी उपग्रह अंतरिक्ष में प्रक्षेपित किये गये थे। मोदी से पहले 2013-14 में अंतरिक्ष कार्यक्रमों का बजट केवल 5 हज़ार 615 करोड़ आबंटित था।

मतलब, भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रमों में पीएम मोदी का महान अवदान रहा है। उनके पहले वाले, जितने महानुभाव प्रधानमंत्री बने, 7 रेसकोर्स रोड पर झाल बजा रहे थे। चैनलों और न्यूज़ एजेंसियों के ज़रिये नौ साल के कालखंड में अपने देश की वैज्ञानिक उपलब्धियों को जिस तरह से बघारा गया है, ऐसा लगता है कि उससे पहले अक्खा देश आदिम अवस्था में था। पब्लिक तन पर पत्ते ढंक कर काम चला रही थी।

मोदी सरकार की रिपोर्ट कार्ड से इसरो में काम कर चुके वैज्ञानिकों के मनोबल पर क्या असर पड़ेगा, यह भी सोचने की बात होगी। विक्रम साराभाई, एमजीके मेनन, यूआर राव, के. कस्तूरीरंगन, जी. माधवन नायर और के. राधाकृष्णन (जो पीएम मोदी के ज़माने में अपनी सर्विस के बाक़ी आठ माह जैसे-तैसे निकाल पाये थे), जैसे नामचीन वैज्ञानिकों को केवल 35 फॉरेन सेटेलाइट्स लांच करने का श्रेय दिया जाएगा? मोदी सरकार ने विज्ञप्ति के ज़रिये अपना तो बघार लिया, मगर देश के नामी-गिरामी वैज्ञानिकों के परफॉरमेंस पर बड़ा सा प्रश्न चिह्न चिपका दिया।

ऐसा लगता है कि इसरो को चुनावी मंच पर लाने की पूरी तैयारी हो चुकी है। जब वहां हरेक लांच के समय पूजा-पाठ का पाखंड शुरू हुआ, तभी लग गया था कि विज्ञान के इस अधिकेंद्र के बुनियादी स्वरूप को बदलने में मोदी सरकार लग चुकी है। इसरो में जो कुछ अजीबोगरीब घटित हुआ, उसमें शैलेश नायक का क़िस्सा भी दिलचस्प है, जो केवल 11 दिनों के वास्ते इस महकमे के प्रमुख बनाये गये थे। 1 जनवरी 2015 को शैलेश नायक इसरो के प्रमुख बने, 12 जनवरी 2015 को ख़बर आई कि वो इस्तीफा दे चुके हैं। इसरो में सबसे कम अवधि तक कुर्सी पर रहने का इतिहास रच गये शैलेश नायक।

प्रधानमंत्री के अधीनस्थ अंतरिक्ष विभाग देश का अकेला मंत्रालय है, जिसका मुख्यालय दिल्ली नहीं, बंगलुरू है। 1961 में तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने होमी जे भाभा के ज़िम्मे अंतरिक्ष अनुसंधान व बाहरी अंतरिक्ष के शांतिपूर्ण उपयोग का ज़िम्मा सौंपा। परमाणु ऊर्जा विभाग की स्थापना भी होमी जे भाभा ने की थी। 1962 में भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष अनुसंधान समिति (इन्कोस्पार) की स्थापना हुई थी। उसी वर्ष तिरुवनंतपुरम के पास थुम्बा भूमध्यरेखीय रॉकेट लांचिंग स्टेशन (टर्ल्स) पर भी काम शुरू हुआ। उसके सात साल बाद, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) की स्थापना, अगस्त 1969 में की गई। जून 1972 में अंतरिक्ष विभाग अस्तित्व में आया, और सितंबर 1972 में अंतरिक्ष विभाग के तहत 'इसरो' को लाया गया।

अंतरिक्ष विभाग और इसरो मुख्यालय का सचिवालय न्यू बीईएल रोड, बंगलुरु के अंतरिक्ष भवन में स्थित है। इसरो का मुख्य काम उपग्रह संचार, राकेट व उपग्रह प्रक्षेपण, अंतरिक्ष विज्ञान, आपदा प्रबंधन सहायता, प्रायोजित अनुसंधान योजना, अंतरराष्ट्रीय सहयोग व सुरक्षा समन्वय को आगे बढ़ाना है। 2014 से पहले क्या किसी सरकार ने इसरो का इस्तेमाल चुनावी प्रचार या जनमत को प्रभावित करने में लगाया है? यह भी खोज का विषय है।

हमारा देश अपने वैज्ञानिकों की उपलब्धियों पर अवश्य गर्व करे, मगर साथ में उन परिस्थितियों की भी पड़ताल करे, जिस वजह से उन्हें आत्महत्या के लिए विवश होना पड़ता है। 2014 से पहले, और बाद में भी इसरो समेत देश के प्रमुख वैज्ञानिक शोध संस्थानों में ख़ुदकुशी व रहस्यमय हत्याओं की घटनाएं हुई हैं।

अपने देश के वैज्ञानिक रहस्यमय परिस्थितियों में मारे गये हैं, उनमें होमी जे भाभा, लोकनाथन महालिंगम, उमा राव, रवि मूले, एम.अय्यर, केके जोशी, अभीष शिवम, उमंग सिंह, पार्थ प्रतिम बग, मुहम्मद मुस्तफा, टाइटस पॉल, दलिया नायक जैसे बहुतेरे नाम हैं।

बहस इस पर भी होनी चाहिए जो वैज्ञानिक रहस्यमय परिस्थितियों में जान गंवा बैठे, उनकी सही दिशा में जांच क्यों नहीं हुई? एक वैज्ञानिक की रहस्यमय मौत का मामला देश की प्रतिरक्षा से भी जुड़ा होता है। 24 जनवरी 1966 को होमी जे भाभा की मौत स्विट्ज़रलैंड में माउंट ब्लांक की वादियों में एयर इंडिया की फ्लाइट 101 के दुर्घटनाग्रस्त होने से हुई थी। इसके पीछे किन शक्तियों का हाथ रहा था? उस रहस्य से आजतक पर्दा नहीं उठ पाया। जनवरी 2023 में ख़बर आई कि इसरो के श्रीहरिकोटा केंद्र में तीन दिनों में तीन लोगों ने ख़ुदकुशी कर ली, जिनमें से दो सीआईएसएफ के जवान थे!

pushpr1@rediffmail.com

## बीता सप्ताह

**19 अगस्त**
- भारतीय मूल के थर्मन शनमुगरानम संगादुर राष्ट्रपति चुनाव के लिए मात्र तीन उम्मीदवारों में शामिल किए गए।
- कोलंबिया में 6.1 तीव्रता वाले भूकंप आने से एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई।
- मलेशिया में एक निजी जेट दुर्घटनाग्रस्ता हो जाने पर 10 लोगों की मौत हो गई।
- नफरती भाषण पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा- सभी के साथ एक जैसा व्यवहार किया जाएगा।

**20 अगस्त**
- महाराष्ट्र सरकार ने दिग्गज उद्योगपति रतन टाटा को 'उद्योग रत्न' से सम्मानित किया।
- भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने कहा-आदित्य एल-1 मिशन सूर्य का व्यवस्थित अध्ययन करने सात वैज्ञानिक पेलोड का एक सूट ले जाएगा।
- केंद्रीय मंत्री पूर्व राजनयिक हरदीप सिंह पुरी ने कहा- भारत में जी-20 की 60 वीं बार बैठक में शामिल होने का नया कीर्तिमान बनाया।
- राहुल गांधी ने लेह से पेंगांग झील तक बाइक से सफर किया।

**21 अगस्त**
- पाकिस्तान के पूर्वी पंजाब के हफीजाबाद में एक बस में आग लगने से 20 लोगों की मौत हो गई।
- भारत की अनहत सिंह ने 30 वीं एशियाई जूनियर स्क्वैश अंडर-17 वर्ग में स्वर्ण पदक जीता।
- छत्तीसगढ़ के निर्वाचन कार्यालय के अनुसार छत्तीसगढ़ में 1 करोड़ 96 लाख 40 हजार 430 मतदाता हैं।
- उत्तराखंड गंगोत्री नेशनल हाइवे में एक बस 50 मीटर गहरी खाई में गिर जाने से 8 लोगों की मौत हो गई।

**22 अगस्त**
- सुप्रीम कोर्ट ने एक दुष्कर्म पीड़िता को 28 सप्ताह के भ्रूण को गर्भपात कराने की अनुमति दी।
- केंद्रीय सतर्कता आयोग की जारी रिपोर्ट के अनुसार भ्रष्टाचार की शिकायतों में गृह मंत्रालय पहले नंबर पर रेलवे व बैंक- दूसरे व तीसरे नंबर पर रहे।
- तुर्की में एक बस दुर्घटना में 12 लोगों की मौत हो गई।
- राज्य सभा में नौ नए सदस्यों ने सदस्यता की शपथ ली।

**23 अगस्त**
- ब्रिक्स सम्मेलन में भाग लेने प्रधानमंत्री मोदी जोहान्सबर्ग पहुंचे।
- सुप्रीम कोर्ट ने हत्या करने के प्रयास मामले में लक्षद्वीप के लोकसभा सांसद मोहम्मद फैजल दोषसिद्धि और सजा को निलंबित करने वाले केरल उच्च न्यायालय के आदेश को निरस्त कर पुनर्विचार करने का आदेश दिया।
- राष्ट्रीय कांग्रेस नेता राहुल गांधी लेह में सेना के पूर्व अधिकारियों से मुलाकात कर स्थिति का जायजा लिया।
- चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ब्रिक्स सम्मेलन में भाग लेने जोहान्सबर्ग पहुंचे।

**24 अगस्त**
- 23 अघस्त 2023 की शाम 6.04 बजे चंद्रयान-3 चंद्रमा पर उतरा।
- केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा स्वच्छ वायु सर्वेक्षण-2023 में इंदौर शहर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।
- दिग्गज क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर तीन साल के लिए चुनाव आयोग के नेशनल आइकन के रूप में कार्य करेंगे।
- मिजोरम के सैरांग में निर्माणाधीन रेलवे पुल गिरने से 26 लोगों की मौत हो गई।

25 अगस्त
- छत्तीसगढ़ की मुख्यमंत्री मितान योजना को यूपी सरकार ने किया पुरस्कृत।
- ब्रिक्स में 6 नए देश शामिल हुए, अर्जेंटीना, भिति, हथियोपिया, ईरान, सउदी अरब और संयुकत अरब अमीरात (यूएई)।
- 69वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार में अतलू अर्जुन बने सर्वश्रेष्ठ अभिनेता और सर्वश्रेष्ठ हिंदी फिल्म बनी सरदार उधम।
- भारतीय कुश्ती महासंघ को यूनाइटेड एतर्ड रेसलिंग ने समय पर चुनाव नहीं करने के कारण निलंबित कर दिया।

## क्या 'विकास' से बच पाएंगे हिमालयी राज्य?

■ प्रमोद भार्गव

लगता है, 2013 की केदारनाथ त्रासदी से लेकर हिमाचल और उत्तराखंड में हो रही मौजूदा तबाही तक, नीति-नियंताओं ने कोई सबक नहीं लिया है। नतीजतन चार दिन की बारिश, 112 बार हुए भूस्खलन और पांच बार फटे बादलों से जो बर्बादी हुई उसमें 71 लोग मारे गए। इस मानसून में अब तक हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में 327 लोगों को आपदाओं ने लील लिया, 1442 घर जलधाराओं में विलीन हो गए और 7170 करोड़ रुपए की अचल संपत्तियां धराशायी हो गईं। हिमाचल में एक साथ करीब 950 सड़कों पर आवाजाही बंद पड़ी है। बद्री-केदारनाथ राजमार्ग भी ठप्प है।

इस तबाही के असली कारण समूचे हिमालय क्षेत्र में बीते एक दशक से पर्यटकों के लिए सुविधाएं जुटाने के परिप्रेक्ष्य में 'जल-विद्युत संयंत्र' और रेल परियोजनाओं की जो बाढ़ आई हुई है, वह है। इन परियोजनाओं के लिए हिमालय क्षेत्र से रेल गुजारने और कई छोटी हिमालयी नदियों को बड़ी नदियों में डालने के लिए सुरंगें निर्मित की जा रही हैं। बिजली परियोजनाओं के लिए भी जो संयंत्र लग रहे हैं, उनके लिए हिमालय को खोखला किया जा रहा है। इस आधुनिक औद्योगिक और प्रौद्योगिकी विकास का ही परिणाम है कि आज हिमालय ही नहीं, हिमालय के शिखरों पर स्थित पहाड़ दरकने लगे हैं।

> **रेल परियोजनाओं के अलावा यहां बारह हजार करोड़ रुपये की लागत से बारहमासी मार्ग निर्माणाधीन हैं। इन मार्गों पर पुलों के निर्माण के लिए भी सुरंगें बनाई जा रही हैं, तो कहीं घाटियों के बीच पुल बनाने के लिए मजबूत स्तंभ बनाए जा रहे हैं। हालांकि सैनिकों का इन सड़कों के बन जाने से चीन की सीमा पर पहुंचना आसान हो गया है, लेकिन पर्यटन को बढ़ावा देने के लिहाज से जो निर्माण किए जा रहे हैं, उन पर पुनर्विचार की जरूरत है।**

हिमाचल प्रदेश के समरहिल स्थित शिवबाड़ी मंदिर में जो तबाही दिखी, वैसी ही पिछले साल उत्तराखंड के चमोली जिले के जोशीमठ में भी दिखाई दी थी। इस शहर ने कई अप्रिय कारणों से नीति-नियंताओं का ध्यान अपनी ओर खींचा था। 'भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन' (इसरो) द्वारा जारी उपग्रह तस्वीरों ने बारह दिनों में जोशीमठ के 5.4 सेंटीमीटर धंस जाने की चिंता जताई थी। इन प्रामाणिक सच्चाईयों को छिपाने के लिए 'राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण' और उत्तराखंड सरकार ने 'इसरो' समेत कई सरकारी संस्थानों को निर्देश दिए थे कि वे मीडिया के साथ जानकारी साझा न करें। नतीजतन 'इसरो' की बेवसाइट से धरती के धंसने के चित्र हटा दिए गए।

सरकार का यह उपाय भूलों से सबक लेने की बजाय उन पर धूल डालने जैसा था। जब धरती को हिलाकर हिमालय का पारिस्थितिकी तंत्र नाजुक बना दिया गया है और घरों में दरारें पड़ने के साथ आधारतल तक धंस रहे हैं, तब लोगों की जीवन-रक्षा से जुड़ी सच्चाईयों को क्यों छुपाया गया? दरअसल भारत सरकार और राज्य सरकार ने स्थानीय लोगों के विरोध के बावजूद हठपूर्वक पर्यावरण के विपरीत जिन विकास परियोजनाओं को चुना है, उनके चलते यदि लोग अपने गांव और आजीविका के संसाधनों को खो रहे हैं, तो ऐसी परियोजनाएं किसलिए और किसके लिए बनाई जा रही हैं?

रेल और बिजली के विकास से जुड़ी कंपनियां दावा कर रही हैं कि धरती निर्माणाधीन परियोजनाओं से नहीं धंस रही है, लेकिन किन कारणों से धंस रही है, इसका उनके पास कोई उत्तर नहीं है। 'केंद्रीय ऊर्जा मंत्रालय' का 'नेशनल थर्मल पॉवर कॉर्पोरेशन' जो इस क्षेत्र में 'तपोवन-विष्णुगढ़ जल-विद्युत परियोजनाओं' का निर्माण कर रहा है, ने दावा किया है कि इस क्षेत्र की जमीन धंसने में उसकी परियोजनाओं की कोई भूमिका नहीं है।

उत्तराखंड में गंगा और उसकी सहयोगी नदियों पर एक लाख तीस हजार करोड़ रुपयों की 'जल-विद्युत परियोजनाएं' निर्माणाधीन हैं। इन संयंत्रों की स्थापना के लिए लाखों पेड़ों को काटने के बाद पहाड़ों को निर्ममता से छलनी किया जा रहा है और नदियों पर बांध निर्माण के लिए नींव के गहरे गड्ढे खोदकर खंबे व दीवारें खड़े किए जा रहे हैं। अभियंता कंप्यूटरों पर 90 डिग्री पर पहाड़ काटने का नक्शा बना रहे हैं, जबकि मौके पर जाकर पहाड़ की स्थिति को जानने की जरूरत है।

कई जगह सुरंगें बनाकर पानी की धार को संयंत्र के पंखों पर डालने के उपाय किए गए हैं। इन गड्ढों और सुरंगों की खुदाई में ड्रिल मशीनों से जो कंपन होता है, वह पहाड़ की परतों को खोखला कर देता है। पेड़ों की जड़ों से जो पहाड़ गुंथे होते हैं, उनकी पकड़ भी इस कंपन से ढीली पड़ जाती है। नतीजतन तेज बारिश के चलते पहाड़ों के ढहने और हिमखंडों के टूटने की घटनाएं पूरे हिमालय क्षेत्र में लगातार बढ़ जाती हैं। यही नहीं कठोर पत्थरों को तोड़ने के लिए भीषण विस्फोट भी हिमालय को हिला देते हैं।

हिमालय में अनेक रेल परियोजनाएं निर्माणाधीन हैं। सबसे बड़ी रेल परियोजना के कारण उत्तराखंड के चार जिलों (टेहरी, पौड़ी, रुद्रप्रयाग और चमोली) के तीस से ज्यादा गांवों को भी विकास की कीमत चुकानी पड़ रही है। यहां के छह हजार परिवार विस्थापन की चपेट में आ गए हैं। यह तो शुरूआत है, लेकिन यदि विकास इसी तरह जारी रहता है तो बर्बादी का नक्शा बहुत विस्तारित होगा। ऋषिकेश से कर्णप्रयाग तक की रेल परियोजना 125 किमी लंबी है। इसके लिए सबसे लंबी सुरंग देवप्रयाग से जनासू तक बनाई जा रही है, जो 14.8 किमी लंबी है। केवल इसी सुरंग का निर्माण बोरिंग मशीन से किया जा रहा है। बाकी जो 15 सुरंगे बन रही हैं, उनमें ड्रिल तकनीक से बारूद लगाकर विस्फोट किए जा रहे हैं।

इस परियोजना का दूसरा चरण कर्णप्रयाग से जोशीमठ की बजाय अब पीपलकोठी तक होगा। भू-गर्भीय सर्वेक्षण के बाद 'रेल विकास निगम' ने जोशीमठ क्षेत्र की भौगोलिक संरचना को परियोजना के अनुकूल नहीं पाया था। इसलिए अब इस परियोजना का अंतिम पड़ाव पीपलकोठी कर दिया है। हिमालय की ठोस व कठोर अंदरूनी सतहों में होने वाले विस्फोट दरारें पैदा करके पेड़ों की जड़ें भी हिला रहे हैं। अन्य जिलों के श्रीनगर, मलेथा, गौचर ग्रामों के नीचे से सुरंगें निकाली जा रही हैं। इनमें किए जा रहे धमाकों से घरों में दरारें आ गई हैं।

उत्तराखंड के भूगोल का मानचित्र बीते डेढ़ दशक में तेजी से बदला है। चौबीस हजार करोड़ रुपए की 'ऋषिकेश-कर्णप्रयाग परियोजना' ने जहां विकास और बदलाव की ऊंची छलांग लगाई है, वहीं इन परियोजनाओं ने खतरों की नई सुरंगें भी खोद दी हैं। उत्तराखंड के सबसे बड़े पहाड़ी शहर श्रीनगर के नीचे से भी सुरंग निकल रही है। नतीजतन धमाकों के चलते 150 से ज्यादा घरों में दरारें आ गई हैं। पौड़ी जिले के मलेथा, लक्ष्मोली, स्वोत और डेवली में 771 घरों में दरारें आ चुकी हैं।

रेल परियोजनाओं के अलावा यहां बारह हजार करोड़ रुपये की लागत से बारहमासी मार्ग निर्माणाधीन हैं। इन मार्गों पर पुलों के निर्माण के लिए भी सुरंगें बनाई जा रही हैं, तो कहीं घाटियों के बीच पुल बनाने के लिए मजबूत स्तंभ बनाए जा रहे हैं। हालांकि सैनिकों का इन सड़कों के बन जाने से चीन की सीमा पर पहुंचना आसान हो गया है, लेकिन पर्यटन को बढ़ावा देने के लिहाज से जो निर्माण किए जा रहे हैं, उन पर पुनर्विचार की जरूरत है।

उत्तराखंड भूकंप के सबसे खतरनाक 'जोन-5' में आता है। कम तीव्रता के भूकंप यहां निरंतर आते रहते हैं। मानसून में हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के पहाड़ी जिलों में भू-स्खलन, बादल फटने और बिजली गिरने की घटनाएं निरंतर हो रही हैं। पहाड़ों के दरकने के साथ छोटे-छोटे भूकंप भी देखने में आ रहे हैं। बीते सात सालों में इन राज्यों में 130 बार से ज्यादा छोटे भूकंप आए हैं। यहां 'जल-विद्युत' और रेल परियोजनाओं ने बड़ा नुकसान पहुंचाया है।

टिहरी पर बंधे बांध को रोकने के लिए तो लंबा अभियान तक चला था। पर्यावरणविद और भू-वैज्ञानिक हिदायतें देते रहे कि गंगा और उसकी सहायक नदियों की अविरल धारा बाधित हुई तो गंगा तो अस्तित्व खोएगी ही, हिमालय की अन्य नदियां भी अस्तित्व के संकट से जूझेंगी, लेकिन हमेशा की तरह 'विकास-वादियों' ने किसी की नहीं सुनी। उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश आज इसी जिद का खामियाजा भुगत रहा है।

*(स्वतंत्र लेखक और पत्रकार हैं।)*

## कृषि नीति के बुने जाल में उलझा है देश

केंद्र सरकार ने घोषणा की है कि वह इस साल अतिरिक्त दो लाख टन प्याज खरीदेगी। इससे इस साल बफर स्टॉक का लक्ष्य तीन लाख टन से बढ़कर पांच लाख टन हो जाएगा। खास बात यह है कि यह घोषणा 40 फीसदी निर्यात शुल्क लगाए जाने के फैसले के एक दिन बाद आई है। सीधे शब्दों में कहें तो सरकार ने निर्यात को प्रभावी ढंग से घटाकर स्थानीय आपूर्ति में वृद्धि की जिससे कीमतें गिर गईं और फिर वह अपने बफर स्टॉक को बढ़ाने के लिए सस्ते प्याज का भंडारण कर रही है। क्या इससे बाजार तंत्र में दखलदांजी की बू नहीं आती? क्या ऐसा नहीं लगता कि इससे प्याज उत्पादक किसान सरकार को कम कीमत पर प्याज बेचने के लिए मजबूर हो रहे हैं? क्या यह सत्ता का दुरुपयोग नहीं है? एक पूर्व कृषि मंत्री ने यह कहकर निर्यात कर की आलोचना की है कि इससे निश्चित रूप से किसानों को नुकसान पहुंचेगा। ये पूर्व मंत्री एक ऐसे राज्य से आते हैं जो देश के एक तिहाई प्याज की आपूर्ति करता है। किसान पहले से ही निर्यात कर के खिलाफ आंदोलन कर रहे हैं लेकिन इस आंदोलन का फायदा नहीं हुआ।

वैसे कृषि उत्पादों के बाजार तंत्र में इस तरह के मनमाने हस्तक्षेपों की किसानों को आदत है। इस सप्ताह प्याज की महंगाई दर 19 प्रतिशत है। यह दर सरकार के लिए चिंताजनक है। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि घरेलू बजट में प्याज का हिस्सा बहुत थोड़ा होता है पर प्याज की कीमतें नेताओं की आंखों में आंसू ला सकती हैं और इतिहास गवाह है कि प्याज की कीमतों की अनियमितता के कारण सरकारें गिरी हैं। मोदी सरकार द्वारा सितंबर 2020 में संसद में प्रस्तावित कृषि कानूनों को याद करें। इन तीन कानूनों में से एक में कीमतों को पूरी तरह से नियंत्रण मुक्त करने और स्टॉकिंग सीमा को हटाने का प्रस्ताव किया गया था। इसके अलावा, निर्यात या आयात पर मनमाने ढंग से प्रतिबंधों को नियंत्रण मुक्त करने की भी पेशकश थी। जब कृषि कानून पेश किए गए थे तो उसी सप्ताह बांग्लादेश में प्याज के निर्यात कार्गो ले जा रहे जाने वाले कई ट्रकों को सीमा पर रोक दिया गया था जिसके कारण किसानों को प्याज की कीमतों में वृद्धि का लाभ नहीं मिल सका। एक तरफ निर्यात रोकने और दूसरी तरफ कृषि बाजारों को नियंत्रण से मुक्त करने की मांग जैसी ये मिश्रित कार्रवाइयां बेईमानी के संकेत देती हैं।



डॉ.अजीत रानाडे

> **आधे किसानों को सब्सिडी नहीं मिलती है क्योंकि या तो वे भूमिहीन या पट्टेदार हैं और इस प्रकार उस भूमि से बंधे नहीं हैं जिस पर वे खेती करते हैं। कृषि नीति को लेकर जो जाल हमने बुना है उसने हमें उलझा दिया है जिसे सुलझाना बहुत मुश्किल हो गया है। बाजार बेहतर ढंग से कार्य कर सकें इसके लिए हमें बड़े पैमाने पर सुधार करने की आवश्यकता है। इसमें राज्य की बहुत कम घुसपैठ और किसान को बाजार प्रक्रिया में भाग लेने और इससे लाभ उठाने के लिए अधिक स्वतंत्रता की आवश्यकता है।**

अभी जब हम टमाटर की अत्यधिक बढ़ी हुई कीमतों से बुरी तरह प्रभावित हुए हैं तो उन परिस्थितियों में शायद प्याज पर वर्तमान निर्यात कर एक निरोधक उपाय है। भारतीय राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता संघ (एनसीसीएफ) और भारतीय राष्ट्रीय सहकारी विपणन संघ (नेफेड) अपने बफर स्टॉक में पहले ही 15 लाख टन से अधिक टमाटर खरीद चुके हैं। टमाटर की कीमत 200 रुपये प्रति किलो तक बढ़ने के कारण वे इन्हें रियायती दरों पर बेच रहे हैं। इस सब्सिडी का भुगतान कहां से किया जाता है? मुद्रास्फीति की भड़की आग को बुझाने के लिए भारत ने नेपाल और शायद अन्य देशों से भी टमाटर का आयात किया है। कितना टमाटर आयात किया है, इसके बारे में जानकारी नहीं है। खुदरा मुद्रास्फीति 7.5 प्रतिशत पर चल रही है जो भारतीय रिजर्व बैंक की उदार सीमा 6 प्रतिशत से काफी ऊपर है। मतलब टमाटर मुद्रास्फीति पैदा करने वाले मुख्य खलनायकों में से है। हालांकि सब्जियों के मूल्यों से उत्पन्न मुद्रास्फीति मौसमी और स्वभावत: चंचल होती है लेकिन यह जबरदस्त तरीके से मीडिया का ध्यान आकर्षित करता है।

एक और कृषि उत्पाद पर चर्चा करते हैं। भारत ने जुलाई में गैर-बासमती सफेद चावल और टूटे हुए चावल के निर्यात पर भी प्रतिबंध लगा दिया था। सभी प्रकार के चावल निर्यात का यह कुल 45 प्रतिशत हिस्सा है। इस फैसले ने हमारे कई व्यापारिक भागीदारों को परेशान कर दिया है जिसके कारण भारत एक गैर भरोसेमंद आपूर्तिकर्ता की तरह नजर आता है। भारत से चावल के आयात पर निर्भरता अफ्रीका और एशिया में कुछ देशों की खाद्य सुरक्षा को खतरे में डाल सकती है। क्या सरकार खाद्य सुरक्षा को लेकर चिंतित थी? प्रकट रूप से नहीं। तब निर्यात पर प्रतिबंध लगाने का क्या कारण हो सकता है? प्रथम दृष्टया यह इथेनॉल निर्माताओं के हितों की रक्षा करने के बारे में लगता है। अनुमानत: 30 लाख टन इथेनॉल बनाने के लिए 50 से 60 लाख टन टूटे हुए चावल का प्रयोग होता है। इसलिए निर्यात प्रतिबंध से कार इंजनों के लिए इथेनॉल की उपलब्धता बढ़ जाती है लेकिन यह उपलब्धता चावल उत्पादक किसान के मुनाफे की कीमत पर है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चावल की कीमतें पिछले 10 वर्षों के उच्च स्तर पर हैं और यह किसानों के लिए लाभ कमाने का एक अच्छा अवसर है, परन्तु जब कृषि उत्पादों पर निर्यात प्रतिबंध जैसे लाभ-विरोधी उपायों की बात आती है तो किसान हमेशा निशाने पर रहा है।

टमाटर, प्याज या चावल पर नीतिगत कार्रवाई संबंधी हाल की घटनाएं बताती हैं कि कृषि में सुधार बहुत कठिन और अधूरे क्यों हैं। सबसे पहले यह एक अंतर्निहित शहरी पूर्वाग्रह है जिसका मतलब है कि ये नीतियां किसानों के हित के बजाय शहरी उपभोक्ताओं (कम खाद्य मुद्रास्फीति) के कल्याण को उच्च प्राथमिकता देती हैं। इसलिए कृषि नीतियां जिनसे बाजार में सुधार होता हैं और जो किसान के पक्ष में विनियमन करती हैं, उन्हें हमेशा मनमाने ढंग से पलट दिया जाता है या कम किया जाता है। दूसरा, मूल्य नियंत्रण के कारण किसानों को हुए नुकसान की भरपाई के लिए इनपुट सब्सिडी जारी है- उदाहरण के लिए मुफ्त पानी और बिजली, सस्ती खाद या कृषि आय पर कोई कर नहीं है। ये रियायतें (सब्सीडी) भारी और टाले जा सकने वाले राजकोषीय बोझ के कारण बनते हैं। तीसरा, राज्य के सख्त नियंत्रण को प्रति स्थापित करने के लिए वायदा बाजार जैसे बाजार तंत्र की तलाश नहीं की गई है। वायदा बाजारों को सट्टेबाजी के रूप में देखा जाता है और उन पर कथित तौर पर कीमतों में अस्थिरता पैदा करने का आरोप है। यह एक अप्रमाणित परिकल्पना है इसलिए सरकार कृषि वस्तुओं की खरीद, भंडारण और व्यापार के माध्यम से बाजार में भारी हस्तक्षेप पर निर्भर है। ऐसा करने के लिए वह प्रतिस्पर्धा विरोधी एकाधिकार व्यवहार का उपयोग करने में संकोच नहीं करता है। प्रतिस्पर्धा विरोधी और प्रभुत्व के दुरुपयोग के लिए सरकार को अदालत में कौन घसीटेगा?

इस प्रकार मूल्य नियंत्रण, भंडारण सीमा, मनमाने आयात और निर्यात प्रतिबंध तथा बार-बार बदलती नीतियों से कृषि क्षेत्र को बांधा गया है। यद्यपि तकनीकी रूप से यह राज्य का विषय है फिर भी कृषि में राज्यों के अलावा केन्द्र का भी काफी हस्तक्षेप है। इसके बाद किसान को भारी और विचित्र सब्सिडी देकर फुसलाया जाता है। इस प्रकार की सब्सिडी न केवल ऋण माफी, गैर निष्पादित परिसंपत्तियों या राजकोषीय घाटे के माध्यम से राजकोषीय समस्याएं पैदा करती है बल्कि पर्यावरणीय संकट भी पैदा करने का कारण बनती है। पंजाब में रासायनिक उर्वरकों पर भारी सब्सिडी दी जाती है जिसके कारण वहां रासायनिक खादों के अत्यधिक उपयोग के कारण मिट्टी का क्षरण और लवणता बढ़ गई है। इन सबसे ऊपर यह बात भी है कि आधे किसानों को सब्सिडी नहीं मिलती है क्योंकि या तो वे भूमिहीन या पट्टेदार हैं और इस प्रकार उस भूमि से बंधे नहीं हैं जिस पर वे खेती करते हैं। कृषि नीति को लेकर जो जाल हमने बुना है उसने हमें उलझा दिया है जिसे सुलझाना बहुत मुश्किल हो गया है। बाजार बेहतर ढंग से कार्य कर सकें इसके लिए हमें बड़े पैमाने पर सुधार करने की आवश्यकता है। इसमें राज्य की बहुत कम घुसपैठ और किसान को बाजार प्रक्रिया में भाग लेने और इससे लाभ उठाने के लिए अधिक स्वतंत्रता की आवश्यकता है।

*(लेखक वरिष्ठ अर्थशास्त्री हैं। सिंडिकेट: दी बिलियन प्रेस)*

उल्टा पुल्टा

**कर्मचारी**– सर मैंने अपने आधार कार्ड को अपने बैंक अकाउंट से लिंक भी नहीं करवाया, फिर भी मेरे अकाउंट में गैस की 200 रुपए सब्सिडी आ गई।

**बॉस**– वह सब्सिडी नहीं है, तुम्हारा इंक्रीमेंट है।

## बिलासपुर स्टार्ट-अप हब पर नहीं दिया ध्यान कांग्रेस युवा विरोधी - भाजपा

**बिलासपुर**, 25 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार ने एक बार फिर बिलासपुर में बन रहे स्टार्ट–अप हब को रोक कर अपनी विकास विरोधी और ओछी राजनीति का प्रदर्शन किया है ऐसा कर कांग्रेसे ने युवाओं के रोज़गार के अवसर लूटने का काम किया है जिसे केंद्र ने राज्य में बहुत सोच–समझकर बढ़ाया था भारतीय जनता पार्टी बिलासपुर के जिलाध्यक्ष रामदेव कुमावत ने स्टार्ट अप हब को लेकर कांग्रेस सरकार की आलोचना करते हुए एक प्रेस नोट जारी किया। श्री कुमावत ने राज्य सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा की केंद्र सरकार द्वारा बनाई गई योजनाओं और परियोजनाओं को प्रदेश में रोकने का राज्य सरकार का पुराना रवैया रहा है।

# एक ही दिन दो सड़क हादसों में 4 की मौत





## खड़ी ट्रेलर से टकराई माजदा चालक व हेल्पर की मौत

■ मस्तूरी लावर के बीच हुआ हादसा

बिलासपुर, 25 अगस्त (देशबन्धु)। शुक्रवार की तड़के सुबह वेद परसदा से फ्लाई एस ब्रिक्स लेकर बिलासपुर की ओर आ रही माजदा फोरलेन पर लावर खनिज चौकी के पास खड़ी ट्रेलर के पीछे से जा टकराई, जिससे चालक और हेल्पर की मौत हो गई है।

मिली जानकारी के अनुसार माजदा क्रमांक सीजी 10 एजे 7161 को चालक महेंद्र साहू पिता भारत साहू उम्र 29 वर्ष निवासी वेदपरसदा अपने हेल्पर रविन्द्र साहू पिता अर्जुर साहू उम्र 19 वर्ष और एक अन्य टिगेश कुमार मरावी पिता जनक राम उम्र 28 वर्ष निवासी वेदपरसदा के साथ फ्लाई एस ब्रिक्स लेकर शुक्रवार की सुबह मस्तूरी की ओर से बिलासपुर की ओर आ रहे थे.

सुबह लगभग 6.30 बजे मस्तूरी से लावर के बीच फोरलेन सड़क पर खनिज चौकी के पास सड़क पर खड़ी ट्रेलर क्रमांक सीजी 10 बीएच–7285 से ओवरटेक करते हुए जा टकराए, जिससे दोनों ही वाहन क्षतिग्रस्त हो गए, वही माजदा चालक, हेल्पर और एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए, जिसे सूचना पर मौके में डायल 112 की टीम द्वारा मस्तूरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुँचाया गया, जहाँ चालक महेंद्र साहू और हेल्पर रविन्द्र साहू की मौत हो गई, वही तीसरा गंभीर रूप से घायल है जिसका उपचार जारी है। मामले में मृतक के परिजनों को सूचना दे दी गई है वही दोनों क्षतिग्रस्त माजदा और ट्रेलर को पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है।

## बोलेरो से टकराकर बाइक सवार दो युवकों की मौत



मस्तूरी थाना क्षेत्र के ग्राम लावर में सुबह हुई सड़क हादसे दो लोगों की मौत हो गई। अभी सड़क से खून सूख भी नहीं पाया था कि इसी दौरान मस्तूरी के ही ग्राम टिकारी मेन रोड में बोलेरो और बाइक की टक्कर में बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई। करीब 12 बजे ग्राम टिकारी मेन रोड में बोलेरो क्रमांक सीजी 11 बीजे 1848 ने मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 10 एक्स 7848 को टक्कर मार दी, जिससे बाइक चालक और उसके पीछे बैठे व्यक्ति की मौत हो गई। इस सड़क हादसे में मोटरसाइकिल में सवार दोडकी निवासी 17 वर्षीय धनराज कुशल और 15 वर्षीय रणवीर मरकाम की मौत हुई है, जिनके शव को मस्तूरी स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया है।

# सार-संक्षेप

## मुख्यमंत्री युवा रोजगार योजना के अंतर्गत आवेदन आमंत्रित

**बिलासपुर**,25 अगस्त (देशबन्धु)। व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा मुख्यमंत्री युवा रोजगार योजना के अंतर्गत शिक्षित युवाओं से 15 सितंबर तक आवेदन आमंत्रित किये गए हैं। इस योजना के तहत शिक्षित युवक–युवतियों को विनिर्माण उद्यम हेतु 25 लाख रूपए, सेवा हेतु 10 लाख रूपए एवं व्यवसाय हेतु 2 लाख रूपए की ऋण उपलब्ध कराया जाएगा। इसके लिए आवेदक को छत्तीसगढ़ राज्य के मूल निवासी होने के साथ ही न्यूनतम 8वीं उत्तीर्ण होना चाहिए। सामान्य वर्ग के पुरूष की आयु आवेदन की तिथि को 18 से 35 वर्ष के मध्य होना चाहिए और अन्य वर्गों हेतु अधिकतम आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट दी जाएगी। आवेदक के परिवार की वार्षिक आय 3लाख रूपए से अधिक नहीं होना चाहिए। इच्छुक आवेदक निर्धारित आवेदन प्रपत्र कार्यालय जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, न्यू कंपोजिट बिल्डिंग, प्रथम तल से प्राप्त कर सकते हैं। जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के मुख्य महाप्रबंधक ने बताया कि मुख्यमंत्री युवा रोजगार योजना के अंतर्गत सामान्य वर्ग को बैंक द्वारा स्वीकृत परियोजना लागत का 10 प्रतिशत अधिकतम 1 लाख रूपए तक, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक, महिला, दिव्यांग, भूतपूर्व सैनिक, नक्सल प्रभावित आवेदकों को बैंक द्वारा स्वीकृत परियोजना लागत का 15 प्रतिशत अधिकतम 1 लाख 50 हजार रूपए तक एवं अनुसूचित जाति तथा जनजाति के आवेदक को बैंक द्वारा स्वीकृत परियोजना लागत का 25 प्रतिशत अधिकतम 1 लाख 50 हजार रूपए तक के मार्जिन मनी अनुदान की पात्रता होगी। आवेदक अपना आवेदन पत्र 15 सितंबर 2023 तक मुख्य महाप्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, न्यू कंपोजिट बिल्डिंग, प्रथम तल में जमा कर सकते हैं।

## बच्चों को बताया मृत्यु के बाद आखें की जा सकती हैं दान




**बिलासपुर**,25 अगस्त (देशबन्धु)। 38 वॉ नेत्रदान पखवाड़ा कार्यक्रम का शुभारंभ लिंगयाडीह स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल से संचालक महामारी नियंत्रण एवं राज्य नोडल अधिकारी अंधत्व निवारण कार्यक्रम डॉ सुभाष मिश्रा ने किया। उन्होंने आत्मानंद स्कूल के बच्चों को नेत्रदान के प्रति प्रेरित करते हुए बताया कि नेत्रदान क्यों आवश्यक है। संचालक डॉक्टर मिश्रा ने नेत्रदान की प्रक्रिया व महत्व के बारे में जानकारी दी । बच्चों ने भी जिज्ञासावश नेत्रदान की जानकारी के साथ इसकी औपचारिकताओं के बारे में प्रश्न पूछे । संचालक डॉक्टर सुभाष मिश्रा ने बच्चों को बताया कि आंखे मृत्यु के बाद दान की जा सकती हैं। एक व्यक्ति के नेत्रदान से दो नेत्रहीन देख सकते हैं। देश में बहुत सारे ऐसे नेत्रहीन हैं, जो इस महादान से दुनिया देख सकते हैं। अपने देश में यदि लोग नेत्रदान ज्यादा करने लगे तो कार्निया खराब होने के कारण कोई भी व्यक्ति नेत्रहीन नहीं रहेगा। आत्मानंद स्कूल के बच्चों ने भी नेत्रदान के प्रति जागरूकता फैलाने और नेत्रदान करने का संकल्प लिया। इस दौरान एसपीओ डॉ. सुभाष मिश्रा, सीएमएचओ डॉक्टर राजेश शुक्ला, नेत्र विभाग की नोडल अधिकारी डॉक्टर शुभा गढ़ेवाल, सहायक नोडल अधिकारी विजय प्रताप सिंह, नेत्र सहायक अधिकारी आरपी शर्मा, दीपिका रजक, देवेंद्र डडसेना, नेत्र बैंक अधिकारी धर्मेंद्र देवांगन, नेत्र सहायक अधिकारी अभिषेक कौशिक, स्कूल के प्राचार्य एमके मिश्रा, शिक्षिका अनामिका तिवारी, निहारिका तिवारी, रंजना तिवारी, प्रतिभा टोप्पो, रेनू मिश्रा रिचा तिवारी, अरुंधति साहू,दिव्या यादव, दीपक, मीनाक्षी ठाकुर, अनुपम शर्मा, माला चंद्राकर, सहित स्वास्थ्य विभाग और आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल लिंगयाडीह के शिक्षक– शिक्षिका और स्कूली बच्चे मौजूद रहे।

## महापौर जिला स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता 27 अगस्त को

### 48000 हजार नगद पुरस्कार

**बिलासपुर,** 25 अगस्त (देशबन्धु)। बिलासपुर कॉरपोरेशन तैराकी संघ के सचिव हेमंत सिंह परिहार ने बताया की अटल श्रीवास्तव की अध्यक्षता में पहली बार महापौर जिला स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता (सब जूनियर एवं जूनियर बालक बालिका) का आयोजन 27 अगस्त को संजय तरण पुष्कर मुंगेली नाका बिलासपुर में सुबह 8.00 बजे से प्रारंभ होगी।

इस प्रतियोगिता में तीन ग्रुप में 50 मीटर एवम 100 मीटर फ्रीस्टाइल, 50 मीटर एवम 100 मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक,50 मीटर एवम 100 बटरफ्लाई, 50 मीटर और 100 मी बैक स्ट्रोक कुल मिलाकर 48 इवेंट होंगे। सभी विजेता खिलाड़ियों को नगद




पुरस्कार दिया जाएगा नगद पुरस्कार की राशि 48000 है जिन खिलाड़ियों को इस प्रतियोगिता में भाग लेना चाहते हैं वे सतीश सिंह ठाकुर,शंकर पांडे, संतोष पाल ,गोपी संतोष राजेश साहू मनोज कश्यप विनय सिंह अजय कश्यप, सागर सिंह परिहार से संपर्क कर अपना रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 25 अगस्त है।

## मॉडिफाई साइलेंसर लगी हुई बुलेट की सवारी करने वालों पर कार्रवाई

**बिलासपुर,**25 अगस्त (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक बिलासपुर संतोष सिंह के आदेश पर उप पुलिस अधीक्षक (यातायात) के दिशा निर्देश पर प्रतिदिन यातायात के समस्त अधिकारियों द्वारा चेकिंग एवं पेट्रोलिंग के दौरान ऐसी बुलेट वाहन जो की मोडिफाइड साइलेंसर लगाकर चलते हैं निरंतर तीन माह से कार्यवाही जारी। इसी कड़ी में आज 16 बुलेट में मोडीफाई साइलेंसर व अन्य धाराओं में कुल 107 वाहनों पर कार्यवाही करते हुए 29,200 का चलानी कार्यवाही की गई।



## भोजली महोत्सव का सीएम बघेल को दिया आमंत्रण

### भोजली महोत्सव समिति तोरवा का आयोजन

**बिलासपुर,** 25 अगस्त (देशबन्धु)। भोजली महोत्सव के कार्यक्रम को लेकर,छत्तीसगढ़ के शासन के भूपेश बघेल को आमंत्रण दिया गया छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल अध्यक्ष अटल श्रीवास्तव के माध्यम से आमंत्रण दिया गया और भोजली पर्व को विशेष दर्जा देने की मांग की गई। 31 अगस्त ,4.00 बजे शाम की स्थान तोरवा भोजली घाट पटेल मोहल्ला विवेकानंद बिलासपुर में भोजली प्रतियोगिता के कार्यक्रम रखा गया है। भोजली महोत्सव समिति तोरवा बिलासपुर के अध्यक्ष शंकर यादव ने बताया भोजली पर्व इस बार पूरे छत्तीसगढ़ के हर जिले में भोजली समिति तोरवा बिलासपुर के नेतृत्व भोजली पर्व को मनाया जा रहा है और इस पर्व को बहुत ही धूम धाम से मनाया जायेगा प्रमुख, रूप से भोजली महोत्सव समिति तोरवा बिलासपुर के अध्यक्ष शंकर यादव, उपाध्यक्ष सुनील भोई, महासचिव नंदकिशोर यादव,सचिव शुभम यादव, सलाकार गंगेश्वर सिंग उइके, मुकेश केवट, सुरेश दास मानिकपुरी,गोपाल यादव,श्री चंदन यादव ,मनीष पटेल,शरद यादव,देवा भोई , सहदेव केवट , गीता निर्मलकर,जतिन विश्वकर्मा रामचंद्र रजक, बृजभूषण सरवन,तिलक केवट,महिला सदस्य, श्रीमति सुखमत केवर्त, रामबाई सैनिक,अमरीका भोई,रामप्यारी पटेल,कुंवारी भोई, संतोषी भोई, यशोदा सिंग उइके, बनवासा यादव, माया रजक,रेखा दास मानिकपुरी, संगीता यादव, जुग्गा भोई, समस्त भोजली महोत्सव समिति के सक्रिय है।



## घर पर फेंकता है पानी, पुलिस कह रही पागल, क्या करें?

**बिलासपुर**,25 अगस्त (देशबन्धु)। स्थानीय तोरवा में एक व्यक्ति की हरकत से पूरा परिवार परेशान है। वह घरपर पानी फेंकता है और मना करने पर तलवार लेकर निकल पड़ता है। पुलिस में शिकायत भी की गई है, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। वह अपनी हरकत से बाज नहीं आ रहा है। पुलिस कहती है कि वह पागल है, वह कुछ नहीं कर सकती। अब पीड़ित की ओर से कलेक्टर को शिकायत को गई है।

तोरवा जेजे अस्पताल निवासी प्रवीण कुमार ने कलेक्टर को शिकायत करते हुए घटना विस्तार बताई है। उसका कहना है कि बंगाली बाबू के नाम से जाना जाने वाला व्यक्ति अकेले रहता है। वह उसके घर पर पानी फेंका करता है। उसकी इस हरकत को पागल पन बताकर पुलिस ने कार्रवाई करने से मना कर दिया। प्रवीण का कहना है कि वह घर की महिलाओं पर बुरी नजर रखता है और उनका ध्यान आकर्षित करने के लिए यह हरकत करता है। उसने कलेक्टर से कार्रवाई की मांग की है।

## खपरी में मनाया गया हर घर जल उत्सव

### 124 घरों में नलों के जरिए पहुंच रहा है शुद्ध जल

**बिलासपुर**,25 अगस्त (देशबन्धु)। जिले में जल जीवन मिशन के तहत विकासखण्ड मस्तूरी के ग्राम पंचायत लिमतरा के आश्रित ग्राम खपरी में हर घर जल उत्सव मनाया गया। ग्राम खपरी के 124 घरों में पानी टंकी के माध्यम से नल द्वारा शुद्ध जल प्राप्त हो रहा है। कार्यक्रम में सरपंच द्वारा नलजल योजना के महत्व एवं जल सरंक्षण के रख–रखाव के बारे में ग्रामवासियों को जानकारी दी गई। पानी के दुरूपयोग को रोकने हेतु सोक्ता गड्ढा एवं किचन गार्डन बनाने हेतु जोर दिया गया। गांव में सभी घरों, स्कूलों एवं आंगनबाड़ी में भी टेप–नल के कनेक्शन दिया गया। साथ ही जलकर शुल्क हेतु 50 रूपये प्रतिमाह निर्धारित किया गया। इस प्रकार विकासखण्ड मस्तूरी के ग्राम पंचायत लिमतरा के आश्रित ग्राम खपरी में 124 घरेलु कनेक्शन के साथ हर घर जल घोषित किया गया। इस कार्यक्रम में ग्रामवासी, आई.एस.ए. के नोडल अधिकारी एवं उपअभियंता प्रमोद महतो, जिला समन्वयक एवं ग्राम के सरपंच, सचिव, उपसरपंच आदि उपस्थित थे।




## केन्द्रीय विद्यालय बिलासपुर के स्काउट गाईड कैम्प में हुआ ग्रैंड कैम्प फायर

**बिलासपुर**,25 अगस्त (देशबन्धु)। भारत स्काउट एवं गाइड का पांच दिवसीय राज्य पुरस्कार परीक्षण कैम्प केन्द्रीय विद्यालय बिलासपुर में दिनांक 21 अगस्त से 25 अगस्त तक आयोजित किया गया । इस कैम्प में 175 बालचर 27 अनुरक्षक स्काउट मास्टर एवं 6 प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में स्काउट राज्य पुरस्कार हेतु परीक्षण हुआ। गुरुवार की रात को स्काउट गाइड की गौरवशाली परंपरा के अनुरूप च्ग्रैंड कैम्प फायरज्ज आयोजित किया गया। इसमें केन्द्रीय विद्यालय के प्राचार्य धीरेन्द्र कुमार झा मुख्य आतिथि के रूप में एवं स्वाति झा विशिष्ट अतिथि के रूप मे सम्मिलित हुए।

शिविर समन्वयक एवं स्काउट गाइड आंदोलन के राज्य संगठन आयुक्त संजीव कुमार वर्मा ने जानकारी दी कि प्रथम दिवस 21 अगस्त से ही प्रतिदिन सायंकाल को विभिन्न केन्द्रीय विद्यालयों से सम्मिलित 175 प्रशिक्षार्थी द्वारा 6 अनुभवी प्रशिक्षकों के निदेशन में च्कैम्प फायरज्ज आयोजित किया गया। इसमें सेवा भाव, परोपकार, पशु–पक्षी एवं प्रकृति प्रेम, मानव सेवा एवं प्रेम आदि का संदेश देते अनेक प्रकार के कार्यक्रम जैसे प्रहसन, गीत, कविताएं, संदेशपरक संभाषण आदि कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए ।लीडर ऑफ द कैम्प टी सुधाकर ने बताया कि बेडेन पॉवेल जी द्वारा स्काउट गाइड की स्थापना ही सेवा के उद्देश्य से की गई थी। सेवा, अनुशासन एवं आत्मनिर्भरता के भाव भरने हेतु स्काउट गाइड आंदोलन सकारात्मक भूमिका निभाता है।



मुख्य अतिथि धीरेन्द्र झा ने च्ग्रैंड कैम्प फायरज्ज के विभिन्न कार्यक्रमों की भूरी–भूरी प्रशंसा करते हुए कहा कि परीक्षण उत्तीर्ण करके सभी बालचर अपने अपने विद्यालय में स्काउट गतिविधियों को सक्रिय रूप से संचालित करते हुए उनमें मानवीय संवेदना, परोपकार एवं प्रेम भाव का प्रसार करेंगे ।विशिष्ट अतिथि स्वाति झा ने इस सफलतापूर्वक आयोजन हेतु सबको बधाई देते हुए कहा कि बालचरों की ऊर्जा देखने लायक थी एवं उनके द्वारा कैम्प फ़ायर में प्रस्तुत कार्यक्रम अत्यंत प्रेरक रहे ।स्थल निदेशक प्राचार्य ने विभिन्न केन्द्रीय विद्यालयों से सम्मिलित बालचरों एवं अनुरक्षक शिक्षको को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए आह्वान किया कि विद्यार्थी स्वयं में इन गुणों का समुचित विकास करने हेतु सतत प्रयत्न करें। इस पाँच दिवसीय शिविर की सार्थकता तभी है, जब हम सीखे हुए गुणों, भावों एवं मूल्यों को अपने जीवन में प्रविष्ट कराएं। इस शिविर के तृतीय दिवस पर केंद्रीय विद्यालय संगठन क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर के सहायक आयुक्त विवेक कुमार चौहान जी की उपस्थिति शिविरार्थियों में प्रेरणा का उत्स भरने वाली सिद्ध हुई।

कैम्प फायर के कार्यक्रम का सफल संचालन स्काउट मास्टर अजय आर्य ने किया। इसके सफलतापूर्वक आयोजन में अजय यादव, हरिश्चंद्र हरिजन, एन डी साहू, वी आर वी के स्वामी, टी सुधाकर, डीपी सिंह, निर्मला साहू, ख़लिक़ अहमद, संगीता कोकिला, जे लाकरा, राजेंद्र वैष्णव आदि का सराहनीय योगदान रहा।

# सार-संक्षेप

## विद्युत समस्या पर युवा नेता ने दी आंदोलन की चेतावनी

**कोरबा,** 25 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण केन्द्र बरपाली के अंतर्गत ग्राम देवलापाठ में ग्रामीण वर्षों से लो-वोल्टेज की समस्या से जूझ रहे हैं। इसके कारण ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में शिकायत कई बार विभाग में दी जा चुकी है लेकिन समस्या जस की तस बनी है। वर्तमान में 100 केव्ही क्षमता का ट्रांसफार्मर स्कूल के पास लगा हुआ है जिसे 200 केव्ही क्षमता में परिवर्तित करने से ही लो-वोल्टेज की समस्या का समाधान स्थायी रूप से हो सकेगा। इसी प्रकार प्राथमिक शाला के ऊपर एलटी लाइन गुजरा हुआ है जिसका तार काफी पुराना होने के कारण जर्जर अवस्था में है और कई बार कई जगह से टूट चुका है। ऐसे जर्जर और पुराने तार के कारण गंभीर हादसा होते-होते बचा है। उक्त पुराने तार को बदलना अति आवश्यक है। भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नरेन्द्र कुमार बिंझवार ने इस संबंध में अधीक्षण अभियंता विद्युत वितरण केन्द्र कोरबा तथा कनिष्ठ यंत्री बरपाली को 24 अगस्त को ज्ञापन सौंपकर 5 दिवस के भीतर समाधान की मांग की है। समाधान न होने पर कोरबा-चाम्पा मुख्य मार्ग में चक्काजाम आंदोलन की बाध्यता जाहिर की है।

## मतदाता जागरूकता के लिए रासेयो ने निकाली मशाल रैली

**कोरबा,** 25 अगस्त (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार जिला पंचायत सीईओ श्री विश्वदीप के मुख्य आतिथ्य में 31 अगस्त तक विशेष पुनरीक्षण की जानकारी देने तथा शत-प्रतिशत मतदान लक्ष्य को प्राप्त करने राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा मशाल रैली का आयोजन किया गया। रैली में डाइट, कमला नेहरू महाविद्यालय, शासकीय ईवीपीजी कॉलेज, मिनीमाता, अग्रसेन महाविद्यालयों व पी डब्ल्यू डी रामपुर, साडा कन्या, आदिवासी कोरबा विद्यालयों के एनएसएस, एनसीसी तथा स्काउट गाइड के स्वयंसेवकों व अधिकारियों ने भाग लिया। अधिकारियों व स्वयंसवकों को सीईओ विश्वदीप द्वारा ट्रांसपोर्ट नगर चौक में भयमुक्त एवं निष्पक्ष मतदान के लिए शपथ दिलाई गई। पीजी कॉलेज के रासेयो स्वयंसेवकों ने प्रलोभन में आकर मतदान के दुष्परिणाम तथा स्काउट गाइड की टीम ने मतदाता जागरूकता पर नुक्कड़ नाटक का मंचन किया। कार्यक्रम के संयोजन में रासेयो जिला संगठक वाय के तिवारी, स्कॉउट के जिला मुख्य आयुक्त मोहम्मद सादिक शेख, जिला स्वीप नोडल अधिकारी अनिल रात्रे का सक्रिय योगदान रहा।

## जिला सीईओ ने अभियंताओं का किया स्थानांतरण

कोरबा, 25 अगस्त (देशबन्धु)। प्रशासनिक व्यवस्था की दृष्टिकोण से जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने अभियंताओं का स्थानांतरण किया है। अभियंताओं को नवीन कार्य क्षेत्र में भेजा गया है। जारी तबदला सूची में 13 अभियंता शामिल हैं। जनपद पंचायत कोरबा से एकता राठौर को करतला, संतोष कुमार नायर को कोरबा से करतला, सानंदा मजूमदार कोरबा से कटघोरा, दिनेश सिंह पाली से कोरबा, हेमन भूषण धारिया पाली से कोरबा, संजय कुमार लहरे पोड़ी-उपरोड़ा से कोरबा, जीसान काजी कटघोरा से पोड़ी-उपरोड़ा, रवि कुमार पदमाकर ग्रामीण यांत्रिकी सेवा कोरबा से पोड़ी-उपरोड़ा, विनीता सोनी पाली से पोड़ी-उपरोड़ा, अश्वनी कुमार पाण्डेय करतला से पोड़ी-उपरोड़ा, दीपक कुमार साहू को ग्रामीण यांत्रिकी सेवा कोरबा से पाली, प्रभात यादवेश पोड़ी-उपरोड़ा से पाली व रामकुमार पोर्ते को जनपद पंचायत पोड़ी-उपरोड़ा से जनपद पंचायत पाली स्थानांतरित किया गया है।

## उचित मूल्य दुकान में अनियमितता की शिकायत

**कोरबा,** 25 अगस्त (देशबन्धु)। कोरबा ब्लाक के ग्राम पंचायत सोनगुढ़ा अंतर्गत ग्राम तरईडांड निवासी सुनील दास महंत ने शासकीय उचित मूल्य दुकान सोनगुढ़ा में मिलने वाली सामग्रियों चावल, नमक, चना के वितरण में अनियमितता एवं लापरवाही बरतने की शिकायत की है। कलेक्टर से शिकायत में सुनील दास महंत ने बताया कि दुकान का संचालक एवं पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा मिलीभगत कर सामग्रियों का वितरण सही समय पर नहीं किया जा रहा है। 3 माह में सामग्री का वितरण किया जाता है उसके बाद भी केवल 1 माह की ही सामग्री दिया जाता है जिससे ग्रामीण परेशान हैं। इसके पूर्व भी शिकायत की गई थी लेकिन कोई कार्यवाही नहीं होने से संचालक व पंचायत प्रतिनिधि मनमानी कर रहे हैं। सुनील दास ने मांग की है कि उचित मूल्य दुकान पर उचित जांच कार्यवाही करते हुए संचालक एवं पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा किए जा रहे अनियमितता व लापरवाही पर रोक लगाया जाए।

## शिवांगी व आंशिक ने शतरंज में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**कोरबा**, 25 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ शतरंज संघ द्वारा राज्य स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन अग्रसेन भवन सेक्टर-6 भिलाई में किया गया। प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के प्रत्येक जिले से प्रत्येक आयु वर्ग के कुल 200 बच्चों ने शह और मात के खेल में अपना जोर आजमाया। कोरबा जिले के 16 चयनित बच्चों ने भी अपनी प्रतिभागिता निभाई। कोरबा की शिवांगी सोनी ने अंडर-9 कैटेगरी में द्वितीय स्थान व आंशिक पटेल ने अंडर-7 कैटेगरी में द्वितीय स्थान प्राप्त कर जिले का मान बढ़ाया है। शिवांगी सोनी व आंशिक पटेल अब नवंबर में झारखंड में आयोजित राष्ट्रीय शतरंज प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ का नेतृत्व करेंगी। राष्ट्रीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी है।

## लक्ष्णनबन में भाकपा ने की बैठक

कोरबा, 25 अगस्त (देशबन्धु)। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के ब्रांच लक्ष्मण वन में बैठक का आयोजन किया गया। जिला परिषद सदस्य राम मूर्ति दुबे एवं वरिष्ठ फूलबाई, लक्ष्मीबाई के नेतृत्व में 24 लोगों ने पार्टी का फॉर्म भरा। बैठक में राम मूर्ति दुबे ने बताया कि भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी मजदूर किसानों की पार्टी है, इसे पूंजीवादी पार्टी हमेशा दबाती रही है क्योंकि भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी समानता की बात करती है। रोजी-रोटी और मकान-शिक्षा, चिकित्सा एक समान का नारा है। आज मजदूर वर्ग को अपनी पार्टी को पहचान कर जाति व धर्म से ऊपर उठकर इससे जुड़ना चाहिए और जनता के बीच में समर्पित होकर कार्य करना चाहिए। श्री दुबे ने उपस्थितों के प्रति आभार जताया। बैठक में गुड्डी यादव, चित्रलेखा यादव, तिहारिन यादव, बसंती यादव, मानमती यादव, रामदुलारी यादव, रुक्मणी यादव ,किरण यादव, नोनी बाई सिदार, सुशील श्रीवास्तव, देवलाबाई, प्रेम बाई सिदार, सुशीला यादव, सुकवारा बाई यादव, मीना यादव, संतोषी यादव, खेल बाई यादव, आसमती यादव, मीना यादव, गीता यादव, कामिनी कश्यप, गायत्री यादव आदि उपस्थित थे।

## स्व सहायता समूह को वित्तीय सहायता दी एचडीएफसी बैंक ने

कोरबा, 25 अगस्त (देशबन्धु)। राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के अंतर्गत चेक वितरण का कार्यक्रम किया गया जिसमें एचडीएफसी बैंक के द्वारा स्वयं सहायता समूह को वित्तीय सहायता प्रदाय की गई। इस वित्तीय वर्ष में 12 स्वयं सहायता समूह को प्रति समूह के हिसाब से राशि प्रदाय की गई है। चेक डिस्ट्रीब्यूशन नगर निगम के एडिशनल कमिश्नर खजांची कुम्हार और एचडीएफसी के जोनल हेड विनीत धारीवाल एवं अन्य उपस्थित बैंक के कर्मचारियों द्वारा दिया गया। बोल बम समूह को चेक वितरण किया गया।

# आपका एक वोट मजबूत लोकतंत्र व सशक्त राष्ट्र का निर्माण करता है : ममगाई




**कोरबा,** 25 अगस्त (देशबन्धु)। भारत विश्व का एक बड़ा लोकतंत्रिक देश है। यहां प्रत्येक नागरिक के मत का योगदान देश की राजनीति और शासन की दिशा को तय करता है। एक तरफ मतदान एक अधिकार है तो जागरूक नागरिक के लिए यह एक कर्तव्य भी है। अपने मत का उपयोग हमें बिना किसी लालच, स्वार्थ, लाभ या दबाव में आए अपनी पूर्ण जवाबदारी से और निष्पक्ष होकर करना चाहिए। आपका एक-एक वोट अमूल्य है, जो एक मजबूत लोकतंत्र और सशक्त राष्ट्र का निर्माण करता है।

उक्त बातें कमला नेहरु महाविद्यालय में शुक्रवार को आयोजित मतदाता जागरुकता कार्यक्रम व सांस्कृतिक प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि नगर निगम आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई ने कहीं। महाविद्यालय में वाद-विवाद प्रतियोगिता के साथ ही मतदान को प्रोत्साहित करने विशेष कार्यक्रम भी किया गया। प्राचार्य डॉ. प्रशांत बोपापुरकर ने कहा कि हम सभी आवश्यक रूप से मतदान का उपयोग करें। राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला संगठन व महाविद्यालय के एनएसएस प्रभारी वायके तिवारी ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम की सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में निर्णायक अजय मिश्रा, डॉ. सुनील तिवारी एवं श्रीमती मनीषा शुक्ला थे। कार्यक्रम में वरिष्ठ प्राध्यापिका डॉ. अर्चना सिंह, बीके वर्मा, अंगेश सोनी, टीवी नरसिम्हन, डॉ. बीना विश्वास, अनिल राठौर, गोविंद उपाध्याय, वेदव्रत उपाध्याय, श्रीमती ललिता साहू, डॉ. सुनीरा वर्मा, श्रीमती प्रीति द्विवेदी, श्रीमती अनिता यादव, श्रीमती अंकिता तिवारी, सुरेंद्र कुर्रे, ओकेश्वर प्रसाद, अनुराधा दुबे एवं महाविद्यालय के समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### मसूरी की ट्रेनिंग के बीच दिल्ली आकर किया मतदान

आयुक्त सुश्री मामगई ने बताया कि जब वे मसूरी में ट्रेनिंग कर रहीं थीं, तब केवल मतदान करने के लिए मसूरी से दिल्ली तक यात्रा की और अपने बूथ पहुंचकर मत का प्रयोग किया। स्वीप अधिकारी श्रीमती ज्योति दीवान ने बताया कि पूर्व समय में हमारा देश काफी लंबे समय तक विदेशी हुकूमतों की गुलामी में जकड़ा रहा। तब उस समय हमें मतदान का अधिकार नहीं था। वर्तमान में हमें देश के संविदान से यह अधिकार प्राप्त है। हम सभी को अपने अच्छे कल के लिए मतदान के अपने अधिकार का इस्तेमाल करना चाहिए, जो संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर व देश अनेक महापुरुषों के प्रयासों की देन है।

# वृद्ध का गला घोंट कर फंदे पर लटकाया

### पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर हत्यारे की तलाश में जुटी पुलिस



**कोरबा-हरदीबाजार,** 25 अगस्त (देशबन्धु)। रात में घर पर सही सलामत सो रहे वृद्ध की अगली सुबह उसके कमरे में फांसी के फंदे पर लटकी हुई लाश मिली। शव से बह रहे रक्त ने इस मामले को प्रारंभ से संदेहास्पद बनाया लेकिन थाना प्रभारी ने फंदे की रस्सी के दबाव से कान कटने के कारण रक्त बहना बताया। अंततः पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला दबाकर हत्या की पुष्टि उपरांत अपराध दर्ज कर हत्यारे की तलाश में हाथ-पांव मारे जा रहे हैं।

घटना हरदीबाजार थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम रेलडबरी उतरदा के मोहल्ला रामसागरपारा में 22 अगस्त की सुबह 6 बजे सामने आई थी। 21 अगस्त की रात 9 बजे 63 वर्षीय मानसाय कश्यप पिता खोरा कश्यप अपने घर लौटा और कमरे में सोने चला गया। अगली सुबह करीब 6 बजे दामाद देवशरण कश्यप ने फंदे पर झूलता हुआ देखा और सूचना निकट में निवासरत मृतक के भाई लालसाय कश्यप को दिया। सूचना बाद पुलिस मौके पर पहुंची। फारेंसिक एक्सपर्ट और खोजी डॉग बाघा को भी बुलाया गया। पुलिस ने पंचनामा बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया लेकिन पंचनामा के दौरान सिर पर लगे चोट को देख नहीं सके। परिजनों सहित ग्रामीणों ने शव से हो रहे रक्तस्त्राव के कारण तथा पुलिस ने भी मामले को संदेहास्पद बताया किंतु तर्क दिया कि कान जख्मी होने के कारण रक्त बहा है, चोट के कोई निशान नहीं है लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है।

इधर पुलिस ने संदिग्ध मामले में चिकित्सक से शार्ट पोस्टमार्टम रिपोर्ट मांगा जिसमें मौत की वजह गला दबाने के कारण लेख किया गया। इस आधार पर धारा 302 भादवि के तहत जुर्म दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी गई है। मृतक के परिजनों से आवश्यक पूछताछ करने के साथ-साथ विभिन्न बिन्दुओं को खंगाला जा रहा है।

### हत्या की 3 वजह, सही कौन सी?

घटना के प्रथम दिवस खोजी डॉग बाघा ने मौक पर मौजूद मृतक के गमछा की गंध महसूस कर गांव के निकट दौड़ लगा दी और एक झोपड़ी के पास जाकर ठहर गया। चर्चा है कि यहां रहने वाली महिला से उसका प्रेम संबंध था। पड़ताल के दौरान ज्ञात हुआ कि अज्ञात लोग मृतक के आंगन में बाड़ी के रास्ते से खूंटा उखाड़कर प्रवेश किए थे। मृतक का मकान और उसके दामाद का मकान एक ही प्रांगण में लेकिन लगभग 1 मीटर की दूरी पर स्थित है। रात में किसी के आने और जाने की आहट इन्हें नहीं लग सकी। एक अन्य वजह मृतक द्वारा पुराना लेन-देन भी सामने आया है जिसकी रंजिशवश हत्या कर इसे खुदकुशी की शक्ल देने फंदे पर लटकाने की संभावना हो सकती है। इन तीन वजह में से कोई भी एक वजह मानसाय की मौत की जिम्मेदार है लेकिन कौन सी?

# अधिवक्ताओं ने निकाली आक्रोश रैली



**कोरबा,** 25 अगस्त (देशबन्धु)। अधिवक्ताओं की वर्षों पूरानी मांग एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट, सामूहिक बीमा और मृत्यु दावा राशि में बढ़ोतरी को लेकर हजारों की संख्या में अधिवक्ताओं ने रैली निकालकर अपना विरोध दर्ज कराया। चुनावी घोषणा पत्र का वादा पूरा करने की मांग करते हुए जिला न्यायालय परिसर से आक्रोश रैली जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष संजय जायसवाल और सचिव नूतनसिंह ठाकुर के नेतृत्व में निकाली गई। बाईक रैली ने शहर भ्रमण करते हुए सरकार के खिलाफ नारेबाजी की गई। आक्रोश रैली में शहरी एवं ग्रामीण इलाकों से सैकड़ों बाईक में अधिवक्ता नारेबाजी करते हुए राजस्व मंत्री के कार्यालय पहुंचे तथा उनकी अनुपस्थिति में सेकेट्री को ज्ञापन दिया। संघ ने राजस्व मंत्री से बात करते हुए अपनी मांगों को मुख्यमंत्री के समक्ष रखने का निवेदन किया। जिला अधिवक्ता संघ के सुरेश शर्मा, उत्तरा राठौर, अमरनाथ कौशिक, किरणभान शांडिल्य, रवि भगत, कमलेश श्रीवास, लीना साहु, अमित साहु, क्रांति श्रीवास, पूर्व अध्यक्ष गोपी कौशिक, सीके शर्मा, गणेश कुलदीप, बीके शुक्ल, अशोक तिवारी, रविन्द्र पराशर सहित हजारों अधिवक्ता आक्रोश रैली में शामिल हुए।

# जिले में 2270 घुमन्तू पशुओं को रेडियम कॉलर लगाया, 1159 की टैगिंग



**कोरबा,** 25 अगस्त (देशबन्धु)। जिले भर में घुमन्तू पशुओं पर नियंत्रण हेतु सघन अभियान चलाया जा रहा है। इसी तारतम्य में पशुपालन विभाग द्वारा अब तक सभी राजमार्गों पर से लगभग 2270 पशुओं को रेडियम कॉलर एवं रिफ्लेक्टिव बैंड्स लगाया गया है। वहीं 1159 पशुओं को टैगिंग कर चिन्हित किया गया है। इसी तरह 1584 से अधिक पशुओं को स्थानीय गौशाला व गौठानों तक पहुंचाकर सुरक्षित किया गया है।

उप संचालक पशु चिकित्सा सेवा विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश के परिपालन में जिला प्रशासन व पशुधन विकास विभाग द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। जिले में घुमन्तू मवेशियों के नियंत्रण की कार्यवाही के लिए सघन अभियान चलाया जा रहा है। माह जुलाई के प्रारम्भ से ही सभी राजमार्गों के लिए 14 अलग-अलग दल गठित कर लगातार पशुओं को सड़को से हटाकर गौठानो गौशालाओं अथवा अस्थायी शेल्टर में भेजा गया है। घुमन्तू पशुओं को रेडियम रिफ्लेक्टिव बेल्ट लगाकर टैग भी किया जा रहा है। इस कार्य के लिए सामान्य जनमानस एवं स्वयं सेवी संगठनो, पशु प्रेमी व्यक्तियों से भी लगातार संपर्क कर सहयोग की अपील की जा रही है, ताकि सड़क दुर्घटनाओं से बचाव के साथ ही पशुओं की भी सुरक्षा की जा सके। इस कार्य में सहयोग के लिए बहुत से लोग जुड़ भी रहे हैं। जिसमें मेडिकोस आरएसएस नगर, ओम मेडिकल कोसाबाड़ी, रोटरी क्लव, मारवाड़ी युवा मंच जैसे संगठनों का सहयोग मिला है।

# बच्चों को बचपन से ही बुजुर्गों का सम्मान करना सिखाएं : कटकवार



**कोरबा,** 25 अगस्त (देशबन्धु)। कार्यपालक अध्यक्ष छग राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों के भरण पोषण तथा कल्याण अधिनियम 2007 के तहत् वरिष्ठजनों को उनके अधिकारों के संबंध में जागरूक करने कार्यशाला एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम किया गया।

जिला न्यायालय परिसर के ए.डी.आर. भवन में डी.एल. कटकवार, जिला एवं सत्रा न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने दीप प्रज्ज्वलन कर शुभारंभ पश्चात कहा कि वरिष्ठ नागरिकों को वित्तीय सुरक्षा, कल्याण और संरक्षण देने के लिए माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों का भरण-पोषण और कल्याण एक्ट, 2007 को लागू किया गया है। इस एक्ट में बच्चों से यह अपेक्षा की गई है कि वे अपने माता-पिता को मेनटेनेंस (भरण-पोषण या गुजारा भत्ता) दें और सरकार से यह अपेक्षा की गई है कि वह ओल्ड एज होम्स बनाए और वरिष्ठ नागरिकों को मेडिकल सहायता सुनिश्चित करे। एक्ट भरण-पोषण को सुनिश्चित करने के लिए प्रशासनिक ट्रिब्यूनल और अपीलीय ट्रिब्यूनल का गठन करता है। कोई वरिष्ठजन, जिसकी आयु 60 वर्ष या अधिक है, इसके अंतर्गत माता-पिता भी आते हैं, जो स्वयं आय अर्जित करने में असमर्थ हैं अथवा उनके स्वामित्वाधीन संपत्ति में से स्वयं का भरण पोषण करने में असमर्थ हैं, ऐसे उक्त अधिनियम के अंतर्गत भरण-पोषण हेतु आवेदन करने हेतु हकदार है। जिला न्यायाधीश ने कहा कि प्रत्येक परिवार को अपने बच्चों को बचपन से ही ऐसे संस्कार देना चाहिए कि वे अपने से बड़े-बुजुर्गों का सदैव निष्ठा के साथ मान-सम्मान करें ताकि जब माता-पिता बूढ़े हों तो उनके बच्चे उनका उचित ध्यान रख सकें जिससे वरिष्ठजनों का जीवन स्तर सुधारा जा सकेगा। सुश्री संघपुष्पा भतपहरी, प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश सहित अन्य न्यायाधीशों ने अधिनियम के तहत कार्यवाहियों एवं प्रक्रिया के संबंध में जानकारी अनेकों उदाहरण के माध्यम से दी। अधिनियम से संबंधित पूछे गए प्रश्नों के उत्तर भी दिए। श्रीमती शीतल निकुंज, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

# भाजपाइयों ने धरना देकर विधायक को पिछले चुनावी वादे की याद दिलाई

### प्रत्याशी लखन ने कहा-प्रदेश सरकार ने गरीबों के साथ छलावा किया



**कोरबा**, 25 अगस्त (देशबन्धु)। जिला भाजपा द्वारा पट्टा अधिकार व प्रधानमंत्री आवास एवं स्थानीय विधायक के जन विरोधी नीति को लेकर घंटाघर चौक में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। धरना बाद महारैली की शक्ल में पहुंच कर कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा गया। भाजपा नेताओं ने प्रदेश सरकार पर जमकर निशाना साधा।

कोरबा विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी व प्रदेश उपाध्यक्ष लखन लाल देवांगन ने कहा कि चुनाव के पूर्व कांग्रेस द्वारा घोषणा पत्र में पट्टा देने का वादा किया गया था। कांग्रेस के विधायक ने झोपड़पट्टी झुग्गी झोपड़ी में रहने वाले गरीब मजदूरों को पट्टा देने का वादा किया था लेकिन आज तक किसी को पट्टा नहीं मिला। पिछले 15 साल से कोरबा के गरीब मजदूर के साथ घोर अन्याय, शोषण हुआ है। स्थानीय विधायक एवं उनकी सरकार ने केवल कमीशनखोरी, घोटाला, भ्रष्टाचार किया है। कोरबा में चारों ओर राखड़ और धूल के गुबार उड़ रहे हैं, सड़कों की दुर्दशा से जनता त्रस्त है। श्री देवांगन ने कहा कि उनके द्वारा महापौर रहते पूर्व में किए गए कार्य को क्षेत्र की जनता आज भी याद करती है।

### खुलेआम हो रही गुंडागर्दी

पूर्व गृहमंत्री ननकी राम कंवर ने कहा कि प्रदेश में अराजकता का माहौल है। खुलेआम गुंडागर्दी संरक्षण में हो रही है। क्षेत्र की जनता सब समझती है और बदलाव चाहती है। पूर्व महापौर जोगेश लांबा ने कहा कि भूपेश सरकार ने 16 लाख आवास को रोक कर गरीबों के साथ शोषण किया। कार्यक्रम को झुग्गी झोपड़ी के प्रदेश संयोजक महेंद्र पंडित, जिलाध्यक्ष डॉ. राजीव सिंह, गोपाल मोदी, अशोक चावलानी, हितानंद अग्रवाल, लक्ष्मण श्रीवास ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर केदारनाथ अग्रवाल, प्रफुल्ल तिवारी, मनोज पराशर, मंजू सिंह, अजय विश्वकर्मा, परविंदर सिंह, शिव बालक सिंह, नरेंद्र देवांगन, दीपक जायसवाल, यासीन खान, रितु चौरसिया, मनोज यादव, संजय कुर्मवंशी, पार्षद चंद्रलोक सिंह, गोलू पांडे सहित सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### मुझ पर लगे आरोप बेबुनियाद

लखनलाल देवांगन ने अपने ऊपर लगाए उन आरोपों को बेबुनियाद और झूठा करार दिया है जिसमें महापौर राजकिशोर प्रसाद और जिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष सपना चौहान ने कहा है कि टिकट मिलने के बाद झुग्गीवासियों और गरीबों के हक के लिए पट्टे की मांग लखनलाल द्वारा की जा रही है। श्री देवांगन ने कहा कि उन्हें प्रत्याशी बनाए जाने के पहले से ही बस्तीवासियों में पट्टे को लेकर कांग्रेस के खिलाफ आग सुलग रही थी और यह आंदोलने टिकट मिलने के पूर्व नियोजित था। मैं झुग्गीवासियों और गरीबों के हक के लिए पहले भी प्रयास करता रहा हूं और आगे भी करता रहूंगा।

CMYK



# सार-संक्षेप

## खाद्य मंत्री अमरजीत भगत का प्रवास



**अम्बिकापुर**, 25 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ शासन के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण एवं संस्कृति मंत्री श्री अमरजीत भगत 26 अगस्त 2023 को जिले के प्रवास पर रहेंगे। वे पूर्वाह्न 11:00 बजे निज निवास बौरीपारी से कन्या हायर सेकेण्डरी स्कूल बतौली प्रस्थान कर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर सायकल वितरण कार्यक्रम में शामिल होंगे। श्री भगत अपराह्न 1:00 बजे कन्या हायर सेकेण्डरी स्कूल से शांतिपारा बतौली के लिए प्रस्थान करेंगे और वहां मितानिन भवन का भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल होंगे। अपराह्न 2:00 बजे शांतिपारा से मंगल भवन बतौली हेतु प्रस्थान कर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, मितानिन एवं राजीव युवा मितान के सम्मेलन कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। अपराह्न 6:00 बजे मंगल भवन बतौली से निज निवास बौरीपारा अम्बिकापुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

## एक दिन के लिए बढ़ी दावा-आपत्ति की तिथि

**अम्बिकापुर**, 25 अगस्त (देशबन्धु)। औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाएं के संयुक्त संचालक एमएफ अंसारी ने शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था प्रशिक्षण अधिकारी हेतु भर्ती के लिए अभ्यर्थियों का दस्तावेज सत्यापन कर पात्र एवं अपात्र एवं होल्ड किए गए अभ्यर्थियों का सूची चस्पा कर दी गई है। दावा आपत्ति प्रस्तुत करने की तिथि पहले 25 अगस्त तक थी। दावा-आपत्ति में वृद्धि की गई है, अब 26 अगस्त 2023 को शाम 5:00 बजे तक कार्यालय में उपस्थित होकर दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। प्राप्त दावा-आपत्ति 26 अगस्त 2023 को निराकरण एवं दावा-आपत्ति पर विचार किया जाएगा।

## दूरस्थ वनांचल साजापहाड़ के 135 लोगों की हुई स्वास्थ्य जांच



**चिरमिरी**, 25 अगस्त (देशबन्धु)। कलेक्टर नरेंद्र दुग्गा के निर्देशन तथा मार्गदर्शन में शहरी स्वास्थ्य मिशन चिरमिरी के द्वारा दुर्गम तथा पहुंचविहीन पहाड़ी क्षेत्र में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र डोमन हिल एवं मुख्यमंत्री चलित चिकित्सा इकाई की पूरी टीम द्वारा स्वास्थ्य सुविधा प्रदान किया गया। कैंप के माध्यम से कुल 135 मरीजों का नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच कर दवा वितरण किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एसएस सिंह ने बताया कि ओपीडी में आने वाले अधिकतर मरीज सर्दी-खांसी और बुखार से पीड़ित थे जिनकी संख्या 92 थी। गर्भवती महिलाओं की संख्या 5, कान-नाक और गला से संबंधित मरीज़ों की संख्या 12, बच्चों 0 से 5 वर्ष के बच्चों की संख्या 15 एवं नेत्र जांच के लिए 11 मरीज आये थे। नेत्र जांच के पश्चात मोतियाबिंद के एक मरीज की पहचान की गई। नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच, लैब जांच और दवा अपने गाँव में पाकर साजापहाड़ के ग्रामीण खुश हुए। उन्होंने स्वास्थ्यविभाग की टीम को धन्यवाद दिया। इस आउटरीच कैंप का मुख्य उद्देश्य ऐसे इलाके जहां पर स्वास्थ्यसुविधाओं की कमी है एवं मूलभूत सुविधाएं निकटतम क्षेत्र में पहुंचने में कठिनाई होती है वहां पर जाकरस्वास्थ्य जांच करना होता है।स्वास्थ्य जांच शिविर में जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुलेमान खान, शहरी कार्यक्रम प्रबंधक राकेश वर्मा,चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर निधि चौरसिया, चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर किरण किशोर, बी ई किरण पांडे,फार्मासिस्ट जीडी हुसैन, लेखपाल पूर्णिमा तिवारी एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## स्कूली छात्र-छात्राओं के लिए लगा विधिक जागरूकता शिविर



**अम्बिकापुर** 25 अगस्त (देशबन्धु)। न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी कुमारी रश्मि मिश्रा, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी जेनिफर लकड़ा एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय श्रेणी कृति कुजुर के द्वारा शासकीय बहुउद्देशीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अम्बिकापुर में विधिक साक्षरता एवं जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया।

इस जागरूकता शिविर अंतर्गत शासकीय बहुउद्देशीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में उपस्थित छात्र-छात्राओं को उनके अधिकारों के बारे में बताया गया। बच्चों के साथ उन अधिकारों की चर्चा की गई, जो बच्चों को सुरक्षित और स्वस्थ जीवन जीने के लिए चाहिए, जैसे कि शिक्षा, खान-पान, स्वास्थ्य देखभाल, खेलने का अधिकार आदि। शिविर के अंत में एक साक्षात्कार सत्र आयोजित किया गया जिसमें बच्चे अपनी जानकारी और समझ साझा कर सकते थे। इससे उनके मन में जो प्रश्न उठे उनका जवाब दिया गया जो उन्हें अधिक जागरूक बनाए। शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में उपस्थित छात्राओं को यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण करने संबंधी अधिनियम पॉक्सो के अंर्तगत होने वाले अपराध के बारे में विधिक जानकारी दी गई इस अधिनियम के अंर्तगत कड़ी सजा का प्रावधान भी है। उन्हें यह भी बताया गया कि यदि उनके साथ इस प्रकार की कोई घटना होती है, तो वे इसकी जानकारी सबसे पहले अपने परिजनों को दें और घटना की रिपोर्ट संबंधित थाना में करें।

## अपर आयुक्त ने किया मतदान केन्द्रों का निरीक्षण

**मनेंद्रगढ़**, 25 अगस्त (देशबन्धु)। आयोग द्वारा नियुक्त रोल आर्ब्जवर अपर आयुक्त संभाग सरगुजा श्री केएल चौहान ने गुरुवार को आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 के निर्वाचक नामावलियों का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के संबंध में एमसीबी ज़िले के मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। जिले में द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है। श्री चौहान ने ज़िले के उजियारपुर, बरबसपुर और नागपुर के मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान संबंधित मतदान केन्द्रों में बी.एल.ओ. के कार्यो के संबंध में जानकारी ली गई तथा उनके द्वारा किये गये घर-घर सर्वे रिपोर्ट एवं बीएलओ रजिस्टर का अवलोकन भी किया। मतदान केन्द्र में पंजीकृत दिव्यांग व वृद्ध मतदाताओं के संबंध में भी जानकारी ली गयी।

# सूरजपुर जिले का लिंगानुपात राष्ट्रीय औसत से कम

### बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ जागरूकता कार्यक्रम



**सूरजपुर**, 25 अगस्त (देशबन्धु)। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल के निर्देशन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री लीना कोसम व जिला कार्यक्रम अधिकारी के मार्गदर्शन में भारत शासन की विशिष्ट योजनाओं में से एक बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ जिसका मुख्य उद्देश बालिकाओ के गिरते लिंगानुपात को बढ़ावा देना है। इस योजना के मुख्य घटकों में शामिल हैं, राष्ट्रव्यापी जागरूकता और प्रचार अभियान चलाना, जहां शिशु लिंग अनुपात कम है, उन क्षेत्रों से संबंधित कार्य करना। बुनियादी स्तर पर लोगों को प्रशिक्षण देकर संवेदनशील और जागरूक बनाकर तथा सामुदायिक एकजुटता के माध्यम से उनकी सोच को बदलने पर जोर दिया जाना है। वर्तमान में जिले का लिंगानुपात 1000 पुरुषो की तुलना में 916 है जो की राष्ट्रीय औसत से कम है। इस योजना के तहत बालिकाओ को आत्म निर्भर बनाने हेतु पुलिस एवं खेल विभाग से प्रस्ताव प्राप्त किया जा रहा है, इसके पश्चात जिला स्तर पर कार्यक्रम का आयोजन प्रस्तावित है। इसी निर्देश के तहत जिले में 23 अगस्त से 4 अक्टुबर तक बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के कार्ययोजना अनुसार विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है। जिसके तहत 24 अगस्त को जिले के 9 शालाओं क्रमशः कन्या स्कूल बिश्रामपुर, जयनगर, रामनगर, ओड़गी, लांजित, धरसेड़ी, करवां, लटोरी एवं मंजिरा में बालिकाओं, बच्चों एवं महिलाओं से संबंधित कानूनों के संबंध में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई, साथ ही रैली का आयोजन भी किया गया। बच्चियों के मध्य जागरूकता लाने के उद्देश्य से प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शाला के अध्यापकगण एवं बड़ी संख्या में बच्चे शामिल रहे। कार्यक्रम का सफल आयोजन किए जाने में संरक्षण अधिकारी नवा बिहान, संरक्षण अधिकारी संस्थागत देखरेख, संरक्षण अधिकारी गैर संस्थागत देखरेख, सखी वन स्टॉप सेंटर से केस वर्कर, चाइल्ड लाइन की टीम, बाल संरक्षण की टीम एवं अन्य विभागीय कर्मचारियों की भागीदारी रही।

# कैंसर रोग के प्रति जनजागरूकता के लिए शहरी स्वास्थ्य केंद्र से लगा विशेष शिविर



### 60 लोगों ने कराई कैंसर की नि:शुल्क जांच



**अम्बिकापुर**, 25 अगस्त (देशबन्धु)। कैंसर रोग के प्रति जनजागरूकता के प्रसार के लिए उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव की पहल पर यूसीएचसी नवापारा में विशेष शिविर का आयोजन किया गया। एक सहयोगात्मक प्रयास में, नवापारा के शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शुक्रवार को कैंसर जागरूकता शिविर की मेजबानी के लिए रायपुर के बाल्को मेडिकल सेंटर के साथ साझेदारी की गयी। शहरी स्वास्थ्य केंद्र परिसर में आयोजित इस शिविर में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

स्वास्थ्य विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार बाल्को मेडिकल सेंटर द्वारा मोबाइल कैंसर परीक्षण वैन भी लाया गया था, जिसमे पैप स्मियर और मैमोग्राफी जैसी सुविधाएं भी थी। कैंसर को जानें, कैंसर से लड़ेंज्ज बैनर के तहत आयोजित कैंसर जागरूकता शिविर का उद्देश्य नगर के लोगों को कैंसर की रोकथाम, शीघ्र पता लगाने और उपलब्ध उपचार विकल्पों के बारे में शिक्षित करना है।

इस कार्यक्रम में बाल्को मेडिकल सेंटर के चिकित्सा विशेषज्ञों द्वारा जानकारीपूर्ण सत्रों की एक श्रृंखला प्रस्तुत की गई। विषयों में कैंसर के सामान्य जोखिम कारक, नियमित जांच का महत्व और कैंसर की रोकथाम में स्वस्थ जीवन शैली की भूमिका शामिल थी। उपस्थित लोगों को नि:शुल्क सूचनात्मक पुस्तिकाएं और संसाधन भी प्रदान किए गए।

शिविर में नि:शुल्क कैंसर जांच का प्रावधान रखा गया। स्थानीय निवासियों को स्तन, गर्भाशय, ग्रीवा और मौखिक कैंसर सहित विभिन्न प्रकार के कैंसर की जांच कराने का अवसर मिला। शीघ्र पता लगाने के इस सक्रिय दृष्टिकोण ने महत्वपूर्ण भागीदारी हासिल की और इसे क्षेत्र में कैंसर से संबंधित मृत्यु दर को कम करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में सराहा गया।

नवापारा निवासी और उपस्थित लोगों में से श्रीमती सुनीता वर्मा ने इस कार्यक्रम के लिए अपना आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मैंने आज बहुत कुछ सीखा है कि खुद को और अपने परिवार को कैंसर से कैसे बचाया जाए। तथ्य यह है कि हमें मुफ्त जांच मिल सकती है। यहां कुल 60 लोगों ने कैंसर की जांच कराई। महिलाओं में 4 की मैमोग्राफ की गई और और 8 महिलाओं का पैप स्मीयर जांच किया गया।

### कैंसर के बोझ को दूर करने में बड़ी पहल

नवापारा के यूपीएचसी और बाल्को मेडिकल सेंटर के बीच संयुक्त प्रयास कैंसर के खिलाफ लड़ाई में सामुदायिक सहयोग किया जा रहा है। इस दौरान पसर्जिकल ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. अजीत अग्रवाल ने शहरी स्वास्थ्य केंद्र के सक्रिय दृष्टिकोण की सराहना की और नियमित जांच के महत्व पर जोर दिया।डॉ. अग्रवाल ने कहा, नवापारा ने कैंसर के बोझ को दूर करने में बड़ी पहल दिखाई है।शुरुआती पता लगाना महत्वपूर्ण है, और इस तरह की घटनाओं से जान बचाई जा सकती है।ꤪ कार्यक्रम में सीएमएचओ डा आर एन गुप्ता, सिविल सर्जन डा रेलवानी, डीपीएम डा पुष्पेंद्र, सीपीएम डा अमीन फिरदौसी, डा आयुष जयसवाल, डा हिमांशु जयसवाल, और समस्त स्टाफ उपस्थित थे।

## स्वस्थ लोकतन्त्र के लिए मतदान जरूरी-कलेक्टर

**बैकुण्ठपुर**, 25 अगस्त (देशबन्धु)। कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला स्वीप कोर समिति कोरिया के अध्यक्ष विनय कुमार लंगेह के निर्देश पर जिले में स्वीप कैलेण्डर के तहत मतदाता जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जनपद पंचायत, बैकुण्ठपुर के ग्राम पंचायत, सोरगा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय व एस.ई.सी.एल. से समन्वय कर मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत मतदाता बूथ क्रमांक 64 पर मतदाता जागरूकता रैली, मतदान करने का संकल्प, 18 वर्ष व उससे अधिक उम्र के लोगों को मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने, मृत या स्थानन्तरित कर्मचारियों, अधिकारियों मतदाता सूची से नाम विलोपित करने व मतदाताओं से सम्बंधित अन्य कार्यों के लिए बूथ स्तर के अधिकारी के माध्यम से नाम जुड़वाने हेतु प्रेरित किया । महिला स्वसहायता समूह की महिलाओं ने संगवारी चला वोट डाले बर के तहत रंगोली, मेहंदी व स्वीप प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन कर बड़ी संख्या में मतदान करने की अपील की।ई.वी.एम. के बारे में भी जानकारी दी गई। बता दें जिला निर्वाचन अधिकारी श्री लंगेह ने स्वस्थ लोकतंत्र के लिए प्रत्येक मतदाता को मतदान करनेपर जोर दिया है।

## मुख्यमंत्री के कार्यक्रम की तैयारियां देखने हरचौका पहुंचे जिला पंचायत सीईओ डॉ. चतुर्वेदी



**एनसीबी** 25 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में राम वनगमन पर्यटन परिपथ के प्रारंभिक स्थल हरचौका में प्रदेश केमुख्यमंत्री भूपेश बघेल सितम्बर के प्रथम सप्ताह में आगमन प्रस्तावित है। श्री बघेल हरचौका में श्रीरामकी एक भव्य मूर्ति का अनावरण करेंगे और विशाल जनसभा को सम्बोधित करेंगे।कार्यक्रम में विभिन्न लोकार्पित होने वाले कार्यों की जानकारी लेने और जनसभा की तैयारियों का जायजा लेने के लिए जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी शुक्रवार को ज़िलाधिकारियों के साथ प्रस्तावित कार्यक्रम स्थल हरचौका पहुँचे। लोक निर्माण विभाग को आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था के साथ मंच निर्माण कार्य समय से पूर्व पूर्ण करने के निर्देश देते हुए उन्होंने सभी विभागों को नियत क्रम में स्टाल लगाने हेतु आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्य मंच के सामने और बगल में की जाने वाली व्यवस्था के लिए भी उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। डॉ. चतुर्वेदी ने हरचौका में भगवान राम और माता सीता के आगमन और विश्राम स्थल स्थित मंदिर पर दर्शन उपरांत कार्यक्रम स्थल का अवलोकन कर सभी आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में आवश्यक निर्देश दिये। इसके पश्चात उन्होंने हैलीपैड का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर अनिल सिदार, एसडीएम मूलचंद चोपड़ा, डिप्टी कलेक्टर सीएस पैकरा, जनपद सीईओ एके अग्निहोत्री सहित विभिन्न विभागों के ज़िलास्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## सीजे के प्रवास के लिए अधिकारियों की ड्यूटी

**अम्बिकापुर**, 25 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधिपति रमेश सिन्हा एवं अन्य अधिकारियों सहित 27 अगस्त 2023 तक सरगुजा के प्रवास पर रहेंगे। अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी ने उक्त प्रवास के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु अधिकारियों की ड्यूटी लगाई है। मुख्य न्यायाधीश के अम्बिकापुर भ्रमण एवं स्थानीय सर्किट हाउस हेतु एसडीएम श्रीमती पूजा बंसल को नोडल अधिकारी बनाया गया। तहसीलदार अम्बिकापुर श्री उमेशवर सिंह बाज को अम्बिकापुर भ्रमण का दायित्व एवं नायब तहसीलदार श्री कमलेश कुमार मिरी को सर्किट हाउस का दायित्व दिया गया है। मैनपाट क्षेत्र अंतर्गत भ्रमण के साथ वन विश्राम गृह हेतु एसडीएम सीतापुर श्री रवि राही को नोडल अधिकारी एवं तहसीलदार मैनपाट श्री राम राज सिंह को दायित्व सौंपा गया है।

## स्कूलों में मताधिकार के प्रयोग का महत्व बताया गया

**सूरजपुर**, 25 अगस्त (देशबन्धु)। कलेक्टर संजय अग्रवाल एवं जिला निर्वाचन के निर्देशन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री लीना कोसम के मार्गदर्शन में स्वीप कार्यक्रम के तहत अधिक से अधिक लोगो को मताधिकार का उपयोग करने के उद्देश्य से 24 अगस्त 2023 को जिले के 9 शालाओं क्रमशः कन्या स्कूल बिश्रामपुर, जयनगर, रामनगर, ओड़गी, लांजित, धरसेड़ी, करवां, लटोरी एवं मंजिरा में बालिकाओं, बच्चों को चुनाव में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने एवं चुनाव में बढ़ चड़कर हिस्सा लेने के संबंध में जागरूक किया गया। साथ ही सभी मतदाताओं को देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाये रखने तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष व शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुणय रखते हुए, निर्भिक होकर धर्म, जाति, वर्ग, समुदाय, भाषा एवं अन्य किसी भी प्रकार के प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने के संबंध में जागरूक किया गया। मतदाता जागरूकता अभियान स्वीप कार्यक्रम के तहत शपथ भी लिया गया। कार्यक्रम में शाला के अध्यापकगण एवं बड़ी संख्या में बच्चे शामिल रहे। कार्यक्रम का सफल आयोजन किए जाने में संरक्षण अधिकारी नवा बिहान, संरक्षण अधिकारी संस्थागत देख रेख, संरक्षण अधिकारी गैर संस्थागत देखरेख, सखी वन स्टॉप सेंटर से केस वर्कर, चाइल्ड लाइन की टीम, बाल संरक्षण की टीम एवं अन्य विभागीय कर्मचारियों की भागीदारी रही।

## नेत्रदान का लिया गया संकल्प




**अम्बिकापुर** 25 अगस्त (देशबन्धु)। राष्ट्रीय अंधत्व नियंत्रण कार्यक्रम के तहत नेत्रदान के संग्रहण के लिए एवं नेत्रदान के प्रति जनजागरूकता हेतु प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी 25 अगस्त से 08 सितम्बर तक नेत्रदान पखवाड़ा मनाया जा रहा है। यह 38वां नेत्रदान पखवाड़ा है। अंधत्व नियंत्रण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी ने बताया है कि शुक्रवार को राजमाता श्रीमती देवेन्द्रकुमारी सिंहदेव चिकित्सा महाविद्यालय संबंद्ध चिकित्सालय अम्बिकापुर के प्रागंण में चिकित्सा छात्र -छात्राओं एवं जी.एन.एम. प्रशिक्षु छात्र-छात्राओं के द्वारा रैली निकाला गया। डॉ. श्रीमती रंजना सिंह आर्या प्रभारी अधिष्ठाता डॉ. जेके रेलवानी, सिविल सर्जन सह अस्पताल अधीक्षक डॉ. आर.सी. आर्या संयुक्त संचालक सह अस्पताल अधीक्षक डॉ रजत टोप्पो नोडल अधिकारी के द्वारा हरी झण्डी दिखाकर रैली को रवाना किया गया। यह रैली अम्बिकापुर के मुख्य मार्ग से होते हुये जय स्तम्भ चौक, महमाया चौक, संगम चौक होते हुये घड़ी चौक से वापस संगम चौक होते हुये ब्रह्म रोड मार्ग से वापस नेत्र रोग विभाग तक समाप्त किया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं द्वारा संकल्प लिया गया कि शिक्षा प्राप्त कर जिस भी संस्थान में सेवा देगें वहाँ नेत्रदान के लिये संकल्पित रहेंगे। आने वाले समय में सभी विकासखण्ड के स्कूलों में रैलियाँ, भाषण, रंगोली, एवं बच्चों के नेत्र परीक्षण किये जाने की जानकारी दी गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आरएन गुप्ता द्वारा सरगुजावासियों को मृत्यु उपरांत अधिक से अधिक नेत्र दान करने की अपील किया गया ताकि कार्नियल दृष्टिहीन मरीजों को कार्नियल ट्रांसप्लाट कर रोशनी दी जा सके। जनजागरूकता रैली के दौरान समस्त स्टाफ तथा नर्सिंग स्टाफ उपस्थित थे। इस अवसर पर पैरामेडिकल एवं एम.बी.बी.एस के छात्र छात्रों के साथ नेत्र विभाग के विभागध्यक्ष डॉ. राकेश सोरी, डॉ संतोष एक्का, डॉ रजत टोप्पो, डॉ अभिजीत जैन, मुख्य रूप से नेत्र विज्ञान में विशेषज्ञ के पढ़ाई करने वाले छात्र छात्रायें डॉ. डोमन साहू, डॉ. दीपा, डॉ. शिवांगी गुप्ता, श्री सी.सी अब्राहम, आर के घृतकर, रैली में शामिल हुये।

# मच्छरों से बचाव के लिए कराएं छिड़काव, कलेक्टर-सीएमओ को पत्र

**बैकुण्ठपुर**, 25 अगस्त (देशबन्धु)। नगर पालिका में नेता प्रतिपक्ष अन्नपूर्णा प्रभाकर सिंह ने कलेक्टर कोरिया व नगर पालिका प्रशासन को पत्र लिख कर मांग की है कि इन दिनों शहर मे मच्छरों के काटने से कई लोगों को गंभीर बीमारियों के खतरे की आशंका को देखते हुए परिषद बैकुंठपुर से मांग की है कि समस्त वार्डों में मच्छरों से बचाव के लिए उपाय किया जाएं। फॉगिंग करने से मच्छर पर कोई असर नहीं पड़ रहा है । मच्छररोधी दवा भी छिड़काव कराया जाए । वार्ड पार्षदों की सहयोग से जहां-जहां पानी का जमाव है , जहां ज्यादा मच्छरों का प्रकोप है हर सप्ताह मच्छर रोधी दवा का छिड़काव आवश्यक रूप से कराया जाना चाहिए। डेंगू के बढ़ते मामलों को देखते हुए मच्छरों से बचाव करना बहुत जरूरी है।



### मच्छरों से बच सकते हैं

आप कपूर का इस्तेमाल कर सकते हैं। कपूर जला कर करीब15-2 मिनट के लिए छोड़ दें. इससे मच्छर भाग जाएंगे। नीम के तेल का इस्तेमाल मच्छरों को भगाने के लिए किया जाता है. इसके लिए नीमऔर नारियल के तेल को बराबर मात्रा में मिला लें। अब इस तेल को अपने शरीर पर अच्छी तरह से लगालें. इससे करीब आठ घंटे तक मच्छर आपके पास नहीं भटकेंगे.3- नीलगिरी का तेल- दिन भी अगर आपको मच्छर काटते हैं तो आप नीलगिरी के तेल का इस्तेमालकर सकते हैं. इस नुस्खे को अपनाने के लिए नीलगिरी के तेल में बराबर मात्रा में नींबू का रस मिला लें. अबइस तेल को शरीर पर लगा लें. इसकी तीखी गंध से मच्छर आपके आस-पास भी नहीं भटकेंगे.4- लहसुन- मच्छरों को घर में घुसने से रोकने के लिए लहसुन का इस्तेमाल करें. लहसुन की खुशबू सेमच्छर दूर भाग जाते हैं. इसके लिए आप लहसुन को पीस लें और पानी में डालकर उबाल लें. अब इसपानी को घर के हर कोने में छिड़क दें. इससे बाहर से मच्छर घर के अंदर नहीं आएंगे.

# देश विदेश

## जॉर्जिया चुनाव में हस्तक्षेप मामले में अदालत में पेश हुए ट्रंप

वाशिंगटन, 25 अगस्त (एजेंसियां)। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप जॉर्जिया चुनाव में हस्तक्षेप मामले में गुरुवार को अटलांटा की अदालत में पेश हुए। मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक श्री ट्रम्प न्यू जर्सी से अटलांटा के लिए रवाना हुए और कल शाम को हर्ट्सफील्ड-जैक्सन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचे। उनका काफिला शाम करीब 19:35 बजे फुल्टन काउंटी अदालत पहुंचा , जहां से करीब 20 मिनट पर बाद वह मुचलके पर रिहा हुए। न्यायाधीश ने उन्हें 2,00,000 अमेरिकी डॉलर की जमानत राशि सोमवार के लिए तय की। बाद में श्री ट्रंप ने संवाददाताओं से कहा, 'हमने कुछ भी गलत नहीं किया।

# मोदी ने ग्रीस के राष्ट्रपति से की मुलाकात, चंद्रयान की सफलता पर की बात

**नई दिल्ली,** 25 अगस्त (एजेंसियां)। एथेंस की एक दिवसीय यात्रा पर गए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को ग्रीस के राष्ट्रपति कतेरीना सकेलारोपोलू से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने चंद्रयान-3 मिशन की सफलता के बारे में बात की। मोदी की ग्रीस यात्रा 40 साल में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली यात्रा है।

प्रधानमंत्री ने एक ट्वीट में कहा, 'एथेंस में राष्ट्रपति कतेरीना सकेलारोपोलू से मिलकर खुशी हुई। हमने कई मुद्दों पर चर्चा की जो भारत-ग्रीस दोस्ती को मजबूत करेंगे। हमने सतत विकास को बढ़ावा देने के तरीकों पर भी चर्चा की। उन्होंने चंद्रयान-3 की सफलता पर भारत को बधाई दी। मोदी ने आगे कहा कि 'चंद्रयान-3 की सफलता न केवल



अकेले भारत की है, बल्कि यह पूरी मानव जाति की सफलता है।' चंद्रयान-3 मिशन द्वारा एकत्र किए गए डेटा के नतीजे पूरी वैज्ञानिक बिरादरी और मानव जाति को मदद करेंगे। 'मुलाकात के बाद, राष्ट्रपति सकेलारोपोलू ने मोदी को ग्रैंड क्रॉस ऑफ द ऑर्डर ऑफ ऑनर से सम्मानित किया।


प्रधानमंत्री ने एक अन्य ट्वीट में कहा, 'ग्रैंड क्रॉस ऑफ द ऑर्डर ऑफ ऑनर से सम्मानित करने के लिए मैं राष्ट्रपति कतेरीना सकेलारोपोलू, सरकार और ग्रीस के लोगों को धन्यवाद देता हूं। यह ग्रीस के लोगों का भारत के प्रति सम्मान है।' शुक्रवार सुबह एथेंस पहुंचने के बाद, उन्होंने 'अज्ञात सैनिक की कब्र' पर श्रद्धांजलि भी अर्पित की। यह मोदी की ग्रीस की पहली यात्रा भी है। प्रधानमंत्री का व्यापारिक समुदाय, भारतीय प्रवासियों और प्रमुख हस्तियों के साथ बातचीत करने का भी कार्यक्रम है।

## केंद्र ने भारत की पहल पर मोदी-शी की मुलाकात के चीन के दावे को किया खारिज

नई दिल्ली। केंद्र ने शुक्रवार को चीन के इस दावे का खंडन किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जोहान्सबर्ग में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ मुलाकात नई दिल्ली के अनुरोध पर हुई थी, और कहा कि 'चीन की ओर से एक द्विपक्षीय बैठक का अनुरोध लंबित है।' सरकारी सूत्रों ने बताया कि चीन की ओर से द्विपक्षीय बैठक का अनुरोध लंबित है। उन्होंने कहा कि हालांकि, दोनों नेताओं ने जोहान्सबर्ग में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान लीडर्स लाउंज में 'अनौपचारिक बातचीत' की। दिन की शुरुआत में जारी चीनी विदेश मंत्रालय के एक प्रेस बयान में कहा गया, 'राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने 23 अगस्त, 2023 को उनके अनुरोध पर ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के मौके पर भारतीय प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी से बात की।' 'दोनों नेताओं ने वर्तमान चीन-भारत संबंधों और साझा हित के अन्य सवालों पर विचारों का आदान-प्रदान किया। राष्ट्रपति शी ने इस बात पर जोर दिया कि चीन-भारत संबंधों में सुधार दोनों देशों और लोगों के सामान्य हितों को पूरा करता है, और यह भी विश्व और क्षेत्र की शांति, स्थिरता और विकास के लिए अनुकूल है। दोनों पक्षों को अपने द्विपक्षीय संबंधों के समग्र हितों को ध्यान में रखना चाहिए और सीमा मुद्दे को ठीक से संभालना चाहिए, ताकि संयुक्त रूप से सीमा क्षेत्र में शांति और स्थिरता की रक्षा की जा सके।' विदेश सचिव विनय क्वात्रा ने गुरुवार को जोहान्सबर्ग में मीडिया को संबोधित करते हुए कहा था कि प्रधानमंत्री मोदी और चीनी राष्ट्रपति जिनपिंग दोनों संबंधित अधिकारियों को शीघ्र विघटन और तनाव कम करने के प्रयासों को तेज करने के निर्देश देने पर सहमत हुए हैं।



## जी20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने भारत नहीं आएंगे पुतिन : क्रेमलिन



नई दिल्ली। क्रेमलिन ने शुक्रवार को कहा कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन अगले महीने दिल्ली में होने वाले जी2 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए भारत नहीं आएंगे। पुतिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने मॉस्को में मीडिया से कहा कि रूसी राष्ट्रपति जी2 शिखर सम्मेलन के लिए भारत की यात्रा की योजना नहीं बना रहे हैं। पेसकोव ने कहा, अब मुख्य जोर यूक्रेन में एक विशेष सैन्य अभियान पर है। जी2 शिखर सम्मेलन 9-1 सितंबर को दिल्ली में होने वाला है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने शिखर सम्मेलन में अपनी भागीदारी की पुष्टि की है और वह 7 से 1 सितंबर के बीच राष्ट्रीय राजधानी में रहेंगे।

## दैनिक पंचांग

■ बेजान दारूवाला

**ग्रह स्थिति : शनिवार 26 अगस्त , 2023 श्रावण शुक्ल पक्ष 8**

### राशिफल

मेष -आज कोई नया काम शुरू कर सकते हैं। ज्योतिष और आध्यात्मिक विषयों में आपकी रुचि बनी रहेगी। अपनी वाणी और व्यवहार को संयमित रखना आपके ही हित में रहेगा। दोपहर के बाद आपको नौकरी और व्यापार में रुचि बढ़ेगी।

वृषभ -दिन की शुरुआत आनंद-प्रमोद से होगी। कोई नए मित्र आपके जीवन में आ सकते हैं। पर्यटन या प्रवास का आयोजन हो सकता है। दोपहर के बाद सावधानी बरतने की सलाह आपको दी जाती है।

मिथुन -आज का आपका दिन मनोरंजन और आनंद लूटने का है। शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। कार्यालय में सहयोगपूर्ण वातावरण रहेगा। मित्रों के साथ पर्यटन स्थल पर जाने का आयोजन होगा।

कर्क -आज समय थोड़ा कठिन बना रहेगा, लेकिन आपके परिश्रम में कमी नहीं रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पेट दर्द की शिकायत हो सकती है। विद्यार्थियों को पढ़ाई में सफलता मिलेगी, परंतु दोपहर के बाद परिस्थिति अधिक अनुकूल बनेगी।

सिंह -आज हर काम सावधानीपूर्वक करें। मानसिकरूप से तनाव रहेगा। कुछ अस्वस्थता का अनुभव कर सकते हैं। परिजनों के साथ किसी बात पर विवाद हो सकता है। ऐसे समय में संयम बरतना ही हितकर होगा।

कन्या -आपको लाभ होगा। भाग्यवृद्धि का योग दिख रहे हैं। संबंधों में प्रेम और सम्मान की प्रधानता रहेगी। दोपहर के बाद किसी बात को लेकर आप चिंतित रह सकते हैं। इससे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य बिगड़ सकता है।

तुला -शारीरिक और मानसिक रूप से स्वास्थ्य बिगड़ सकता है। पारिवारिक झगड़े में वाणी पर संयम रखना होगा। नेगेटिविटी मन पर छायी रहेगी। घर के सदस्यों के साथ किसी बात का कनफ्यूजन बना रहेगा।

वृश्चिक -आज का आपका दिन मध्यम फलदायी है। सुख और संतोष का अनुभव होगा। परिजनों के साथ आनंदपूर्वक दिन गुजरेगा। आज शुभ समाचार मिलेंगे। दोपहर के बाद परिवार में झगड़े का वातावरण रह सकता है।

धनु -आज दुर्घटना के योग हैं। हर मामले में ध्यान से रहें। अचानक किसी बात पर धन खर्च होगा। स्वभाव में कुछ उग्रता रहेगी। दोपहर के बाद स्थिति सुधरेगी। शारीरिक और मानसिक प्रसन्नता रहेगी।

मकर -आज का दिन व्यापार-व्यवसाय और जॉब करने वालों के लिए अच्छा है। पुत्र और पत्नी से आर्थिक लाभ होगा। सांसारिक जीवन में सुखद प्रसंग बनने से मन खुश रहेगा।

कुंभ -आज का दिन लाभकारी है। व्यापार के क्षेत्र में आप को लाभ प्राप्त होगा। घर-परिवार और समाज में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी। नौकरी में पदोन्नति होगी। अधिकारी आपके काम से खुश रहेंगे। स्वास्थ्य भी अच्छा रहेगा।

मीन -साहित्यिक गतिविधि में आज आपकी रुचि बनी रहेगी। आज कोई नए काम शुरू कर पाएंगे। किसी धार्मिक यात्रा के योग हैं। विदेश में रहने मित्र तथा स्नेहीजनों से बातचीत हो सकती है।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## स्वीडन में कुरान के अपमान का विरोध कर रहे व्यक्ति को चुप कराने का प्रयास

स्टॉकहोम, 25 अगस्त (एजेंसियां)। स्वीडन की राजधानी स्टॉकहोम में इराकी मूल के शरणार्थी सलवान मोमिका की ओर से पवित्र कुरान के अपमान के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे एक व्यक्ति को सादे कपड़ों में पुलिस ने गुरुवार को चुप कराने का प्रयास किया।

■ पवित्र कुरान का अपमान करते हुए मोमिका द्वारा बोली गयी बात पर स्टॉकहोम मस्जिद के सामने जोर-जोर से प्रतिक्रिया दे रहा था

पुलिस ने हस्तक्षेप किया क्योंकि कैस ट्यूनीशिया पवित्र कुरान का अपमान करते हुए मोमिका द्वारा बोली गयी बात पर स्टॉकहोम मस्जिद के सामने जोर-जोर से प्रतिक्रिया दे रहा था। ट्यूनीशिया ने अपनी प्रतिक्रिया का बचाव करते हुए कहा कि यह अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता है। ट्यूनीशिया ने संवाद समिति अनादोलु को बताया, 'मोमिका पवित्र कुरान का अपमान करती है। वह हमारा अपमान करता है। जब हम जवाब देते हैं, तो पुलिस तुरंत हमें आवाज न उठाने की चेतावनी देती है।' उन्होंने इस बात पर ज़ोर देते हुए कि पुलिस के रवैये ने उन्हें आश्चर्यचकित कर दिया कहा, 'वे उकसाने वाले को हमारी मस्जिद के सामने लाए और उन्होंने उसे एक मेगाफोन दिया। हमने उनका अपमान सुना। जब हमने इस पर प्रतिक्रिया दी तो हमें पुलिस की प्रतिक्रिया का सामना करना पड़ा। मैं इसकी भी निंदा करता हूं।' मोमिका, जिसने व्यापक पुलिस सुरक्षा के तहत मेडबोर्गरप्लात्सेन में स्टॉकहोम मस्जिद के सामने इस कृत्य को अंजाम दिया, पवित्र कुरान को जमीन पर फेंक दिया, उस पर पैर रखा, इस्लाम के खिलाफ अपमानजनक शब्द कहे और आसपास के लोगों की प्रतिक्रिया के बावजूद आग लगा दी।



## मोदी यूनान के 'ग्रैंड क्रॉस ऑफ द आर्डर ऑप ऑनर' से सम्मनित

**एथेंस।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आज यहां यूनान के शीर्ष नागरिक सम्मान 'ग्रैंड क्रॉस ऑफ द ऑर्डर ऑफ ऑनर' से सम्मानित किया गया। एथेंस में राष्ट्रपति भवन में शुक्रवार को यूनान के राष्ट्रपति कैटरीना एन. साकेलारोपूलू ने श्री मोदी को इस पुरस्कार से अलंकृत किया। श्री मोदी यह सम्मान पाने वाले पहले विदेशी शासनाध्यक्ष हैं। प्रधानमंत्री ने भारत के लोगों की ओर से इस विशेष सम्मान के लिए राष्ट्रपति साकेलारोपूलू, यूनान की सरकार और लोगों को धन्यवाद दिया और कहा कि वह यह भारत के 140 करोड़ नागरिकों की ओर से ग्रहण कर रहे हैं।

## ब्रिक्स के विस्तार से विश्व शांति और विकास की शक्ति मजबूत होगी : शी चिनफिंग

**बीजिंग,** 25 अगस्त (एजेंसियां)। दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग में आयोजित 15वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की विशेष प्रेस कॉन्फ्रेंस में घोषणा की गई कि सऊदी अरब, मिस्र, संयुक्त अरब अमीरात, अर्जेंटीना, ईरान और इथियोपिया को आधिकारिक तौर पर ब्रिक्स परिवार का सदस्य बनने के लिए आमंत्रित किया गया। चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने कहा कि ब्रिक्स का विस्तार ऐतिहासिक है और विकासशील देशों के साथ एकजुट होने और सहयोग करने के ब्रिक्स देशों के दृढ़ संकल्प को दर्शाता है। यह अंतरराष्ट्रीय समुदाय की अपेक्षाओं को पूरा करता है और उभरते बाजार देशों और विकासशील देशों के सामान्य हितों को पूरा करता है। उन्होंने कहा कि यह विस्तार ब्रिक्स सहयोग के लिए एक नया प्रारंभिक बिंदु है, जो ब्रिक्स सहयोग तंत्र में नई जीवन शक्ति का संचार करेगा और विश्व शांति और विकास की शक्ति को और मजबूत करेगा। 'ब्रिक्स' साल 2006 में शुरू किया गया एक अंतरराष्ट्रीय सहयोग तंत्र है। मौजूदा शिखर सम्मेलन में ब्रिक्स में शामिल होने के लिए 20 से अधिक देशों ने आवेदन किया था, जो अंतरराष्ट्रीय मामलों में ब्रिक्स सहयोग तंत्र की जीवन शक्ति, आकर्षण और रणनीतिक मूल्य को प्रदर्शित करता है।



## रूस ने42 यूक्रेनी ड्रोन को नष्ट करने का किया दावा

**मॉस्को,** 25 अगस्त (एजेंसियां)। रूसी रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को क्रीमिया के ऊपर 42 यूक्रेनी ड्रोनों को नष्ट करने का दावा किया है, जो कि कब्जे वाले प्रायद्वीप पर कीव द्वारा हाल ही में किए गए हमलों की श्रृंखला में नवीनतम है। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, एक सोशल मीडिया पोस्ट में मंत्रालय ने कहा कि नौ ड्रोनों को मार गिराया गया और शेष 33 को इलेक्ट्रॉनिक युद्ध उपकरण द्वारा जाम कर दिया गया और वे अपने लक्ष्य तक पहुंचे बिना ही दुर्घटनाग्रस्त हो गए। पोस्ट में कहा गया, 'रातोंरात, रूसी संघ क्षेत्र पर मानव रहित हवाई वाहनों का उपयोग करके आतंकवादी हमलों को अंजाम देने के कीव शासन के प्रयास को विफल कर दिया गया है।' मंत्रालय ने यह भी दावा किया कि यूक्रेन ने एक उन्नत एस-200 वायु रक्षा जटिल मिसाइल लॉन्च की थी, जिसे मॉस्को के दक्षिण-पश्चिम में कलुगा क्षेत्र में रूसी सेना द्वारा पता लगाया गया और मार गिराया गया। यूक्रेन ने अभी तक घटनाक्रम पर कोई टिप्पणी नहीं की है।



रूस के दावे यूक्रेन द्वारा क्रीमिया में रूसी सैन्य सुविधाओं के खिलाफ अब तक के अपने सबसे जटिल और महत्वाकांक्षी अभियानों में से एक को अंजाम देने के एक दिन बाद आए, जिसमें यूक्रेनी विशेष बल रूसी इकाइयों पर हमला करने के लिए प्रायद्वीप के पश्चिमी तट पर उतरे थे। यूक्रेनी अधिकारियों ने बार-बार क्रीमिया में कीव के शासन को बहाल करने की कसम खाई है, जिसे 2014 में रूस द्वारा अवैध रूप से कब्जा कर लिया गया था। हाल के सप्ताहों में, यूक्रेन ने क्षेत्र में ड्रोन हमले बढ़ा दिए हैं, इसमें प्रमुख केर्च ब्रिज भी शामिल है, जो प्रायद्वीप को मुख्य भूमि रूस से जोड़ता है।

## आज का इतिहास

1303 – अलाउद्दीन खिलजी ने राणा भीम सिंह को हराने के बाद चित्तौड़गढ़ पर कब्जा किया।

1541 – तुर्की के सुल्तान सुलेमान ने बुडा और हंगरी को अपने कब्जे में किया।

1676 – ब्रिटेन के पहले प्रधानमंत्री रॉबर्ट वालपोल का जन्म।

1883– इंडोनेशिया में ज्वालामुखी फटने से 36 हजार लोगों की मौत हुई।

1910 – नोबेल शांति पुरस्कार एवं भारत रत्न से सम्मानित 'संत' मदर टेरेसा का युगोस्लाविया के स्कोपजी में जन्म।

1920 – अमेरिका में महिलाओं को मताधिकार मिला।

1927 – हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री एवं स्वतंत्रता सेनानी बंसीलाल का जन्म।

1928 – हीरो साइकिल्स के सह संस्थापक भारतीय व्यापारी एवं समाज-सेवी ओम प्रकाश मुंजल का जन्म।

1955– सत्यजीत रे की फिल्म 'पाथेर पांचाली' रिलीज हुई।

1956 – भारतीय जनता पार्टी की नेता एवं पशु-अधिकारवादी मेनका गांधी का जन्म।

1972– म्यूनिख (जर्मनी) में ओलिंपिक खेलों की शुरुआत हुई। इसी ओलिंपिक में इजराइली खिलाड़ियों पर हमला हुआ था।

1975 – स्वतंत्रता सेनानी, पत्रकार एवं पद्मभूषण से सम्मानित डॉ. नारायण सुब्बाराव हार्दिकर का निधन।

1977 – जर्मनी के म्यूनिख शहर में 20वें ओलंपिक खेलों की शुरुआत।

1978 – जॉन पॉल रोमन कैथोलिक चर्च के पोप बने।

1982 – नासा ने टेलीसैट-एफ का प्रक्षेपण किया।

**बैठक** कुलपतियों की बैठक में शामिल होने के लिए काशी हिन्दू विश्वविद्यालय को आमंत्रित किया गया

## ब्रिटिश विश्वविद्यालयों और बीएचयू के बीच सहयोग संभावनाएं : ब्रिटिश मंत्री

नई दिल्ली, 25 अगस्त (एजेंसियां)। ब्रिटेन के कला विरासत तथा संस्कृति व खेल मंत्री लॉर्ड पार्किन्सन ने शुक्रवार को काशी हिन्दू विश्वविद्यालय तथा ब्रिटिश शैक्षणिक संस्थानों के बीच सहयोग की बात कही। भारत दौरे के दौरान उन्होंने कहा कि सहयोग को लेकर अनेक ऐसे क्षेत्र हैं, जिनमें अपार संभावनाएं हैं। लॉर्ड पार्किन्सन जी2 शिखर सम्मेलन की एक बैठक में हिस्सा लेने के लिए एक प्रतिनिधिमंडल के साथ भारत में हैं। शुक्रवार को उन्होंने बीएचयू के कुलपति प्रो. सुधीर कुमार जैन के साथ एक बैठक भी की।

उन्होंने कहा, 'भारत और ब्रिटेन विभिन्न क्षेत्रों में लंबे समय से साझेदारी कर रहे हैं। बीएचयू के साथ सहयोग बढ़ाकर मैं इस साझेदारी को और आगे ले जाने के प्रति आशान्वित हूं। इस महान विश्वविद्यालय में आना एक सुखद अनुभव है।' काशी हिन्दू विश्वविद्यालय की विशेषताओं, विशेषज्ञता तथा समृद्ध विरासत को रेखांकित करते हुए ब्रिटिश मंत्री ने कहा कि ब्रिटेन में कई ऐसे प्रतिष्ठित व उत्कृष्ट संस्थान है, जो अंतरराष्ट्रीय संस्थानों को सहयोग व साझेदारी के शानदार अवसर उपलब्ध करा सकते हैं। उन्होंने आने वाले कुछ हफ्तों में भारत में आयोजित होने वाली ब्रिटिश व भारतीय कुलपतियों की बैठक में शामिल होने के लिए काशी हिन्दू विश्वविद्यालय को भी आमंत्रित किया। बैठक में ब्रिटिश काउंसिल, भारत के शीर्ष पदाधिकारी तथा काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। दोनों पक्षों ने रंगमंच, कला, डिज़ाइन, संगीत व नृत्य, प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति, नेतृत्व क्षमता कार्यक्रम समेत अनेक ऐसे विषयों पर विचारों का आदान-प्रदान किया, जिनमें सहयोग के अवसर हैं। बीएचयू आगमन पर प्रतिनिधिमंडल का स्वागत करते हुए कुलपति प्रो. सुधीर कुमार जैन ने कहा कि काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में विविध व अनेक क्षेत्रों में अध्ययन व अनुसंधान होता है। उन्होंने कहा कि मंच एवं कला, दर्शन, संस्कृति, विरासत, पुरातत्व एवं प्राकृतिक चिकित्सा ऐसे क्षेत्र हैं, जिनमें बीएचयू की विशेषज्ञता अतुलनीय है, ऐसे में इस संस्थान में शोध व अध्ययन की अपार संभावनाएं हैं। कुलपति ने सुझाव दिया कि ब्रिटिश काउंसिल की ओर से ऐसे नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम तैयार किये जा सकते हैं जिनसे विश्वविद्यालय के सदस्य प्रशिक्षित व लाभान्वित हों।



**सहयोग को लेकर अनेक ऐसे क्षेत्र हैं, जिनमें अपार संभावनाएं हैं। लॉर्ड पार्किन्सन जी20 शिखर सम्मेलन की एक बैठक में हिस्सा लेने के लिए एक प्रतिनिधिमंडल के साथ भारत में हैं:- लॉर्ड पार्किन्सन संस्कृति व खेल मंत्री**

## सुडोकू 6297


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | | 1 | 4 | | |
| | | 9 | | 2 | 8 | 1 | | |
| | | | | 4 | | | 9 | |
| | 3 | | | | | | | 7 |
| 4 | | | 3 | | 5 | | | 9 |
| 6 | | | | | | | 4 | |
| | 9 | | | 8 | | | | |
| | | 5 | 7 | 3 | | 6 | | |
| | | 6 | 1 | | | | 8 | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6297



**बायें से दायें:-**

१. पराधीनता, गुलामी
४. जिस पर नज़र न पड़ी हो, जो देखा न गया हो
६. रक्षा करने या रखे जाने का भाव
७. विनती, आवेदनपत्र
८. युद्धसंबंधी
१०. यज्ञ करना
११. भलामानस, सज्जन
१३. तृण, घास-फूस
१४. कठिन
१५. शांत, नीरव, निर्धन, सन्नाटा
१७. स्वर्ण, धतूरा
१९. मां का बच्चे के प्रति किया जाने वाला स्नेह, वात्सल्य
२१. एक राक्षसी
२२. अस्वीकार या असहमति जताना
२४. कांपना

**ऊपर से नीचे:-**

१. पैदल चलने वाला
२. शरीर के भीतर पाई जाने वाली श्वेत-चमकदार डोरी जैसी संरचना
३. विश्वामित्र के पुत्र का नाम
४. मृत्यु, समाप्ति, अंत
५. दानव, दैत्य, देवताओं के शत्रु
९. तकलीफदेह
११. किसी देवता की स्तुति में रचित पद
१२. युक्ति, प्रयत्न
१३. केसर-चंदन आदि में ललाट पर बनाया गया चिह्न, टीका
१४. किसी व्यापारिक संस्थान में लेन-देन या लेखा-जोखा करने वाला
१५. देवता और दैत्य
१६. संग-संग, एक साथ
१८. मिसाल, उदाहरण (उर्दू)
१९. कामदेव
२०. कसना, तानकर बांधना
२३. ध्वनि, शब्द

### वर्ग पहेली-6296

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वृ | था | क | था | ■ | ■ | वि | ष | पा | न |
| द्धा | ■ | न | ■ | स | र्व | दा | ■ | व | ■ |
| व | र्द्ध | क | ■ | मा | ■ | र | हा | स | हा |
| स्था | ■ | म | ■ | धा | त्वि | क | ■ | ■ | मी |
| ■ | नि | य | म | न | ■ | ■ | दु | र्ल | भ |
| ■ | र्बा | ■ | ला | ■ | का | फि | ला | ■ | र |
| व | ध | स्थ | ल | ■ | नू | ■ | र | च | ना |
| श | ■ | गि | ■ | अ | नी | ति | ■ | क | ■ |
| व | र्जि | त | ■ | न्य | ■ | मि | थ्या | वा | दी |
| ती | ■ | ■ | क | था | सा | र | ■ | ■ | प |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

### सुडोकू 6297 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 8 | 3 | 9 | 7 | 1 | 4 | 5 | 6 |
| 5 | 4 | 9 | 6 | 2 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 7 | 6 | 1 | 5 | 4 | 3 | 2 | 9 | 8 |
| 9 | 3 | 8 | 4 | 1 | 2 | 5 | 6 | 7 |
| 4 | 1 | 7 | 3 | 6 | 5 | 8 | 2 | 9 |
| 6 | 5 | 2 | 8 | 9 | 7 | 3 | 4 | 1 |
| 1 | 9 | 4 | 2 | 8 | 6 | 7 | 3 | 5 |
| 8 | 2 | 5 | 7 | 3 | 9 | 6 | 1 | 4 |
| 3 | 7 | 6 | 1 | 5 | 4 | 9 | 8 | 2 |

## दुनिया को जानें

### ट्रंप की ट्विटर पर हुई वापसी

**वाशिंगटन,** 25 अगस्त (एजेंसियां)। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दो वर्ष से भी अधिक समय के प्रतिबंध के बाद जानी मानी सोशल नेटवर्किंग साइट 'एक्स' (पूर्व में ट्विटर) पर आखिरकार वापसी कर ली है। श्री ट्रंप ने गुरुवार रात अपना एक मग शॉट पोस्ट किया और कैप्शन दिया, 'चुनाव हस्तक्षेप, कभी समर्पण न करें।' मग शॉट गुरुवार की शुरुआत में लिया गया था जब उन्होंने जॉर्जिया चुनाव हस्तक्षेप मामले में अटलांटा में अधिकारियों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया था। सिर्फ दो घंटों के भीतर उनकी पोस्ट को लगभग 4,85,000 लाइक, 1,42,000 रीपोस्ट और 47,300 कोट्स प्राप्त हुए।

गौरतलब है कि अमेरिका में 06 जनवरी, 2021 को कैपिटल दंगे के बाद पूर्व राष्ट्रपति का ट्विटर एकाउंट बंद कर दिया गया था। ट्विटर के नए मालिक एलन मस्क ने नवंबर 2022 में ट्रम्प का अकाउंट बहाल कर दिया। हालांकि, श्री ट्रम्प ने तुरंत कुछ भी पोस्ट नहीं किया। श्री ट्रम्प, जो फिर से चुनाव की मांग कर रहे हैं। वह फॉक्स न्यूज के पूर्व होस्ट टकर कार्लसन को दिये साक्षात्कार के प्रसारित होने के एक दिन बाद एक्स पर लौट आए।


# खेल जगत

## पूर्व डब्ल्यूडब्ल्यूई चैंपियन ब्रे वायट का हार्ट अटैक से निधन

**नई दिल्ली,** 25 अगस्त (एजेंसियां)। तीन बार के डब्ल्यूडब्ल्यूई विश्व चैंपियन विंडहैम रोटुंडा, जो ब्रे वायट के नाम से मशहूर हैं, का 36 वर्ष की आयु में हार्ट अटैक से निधन हो गया। डब्ल्यूडब्ल्यूई अधिकारी ट्रिपल एच ने सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी दी। ट्रिपल एच ने एक्स पर लिखा, अभी डब्ल्यूडब्ल्यूई हॉल ऑफ फेम माइक रोटुंडा का फोन आया, जिन्होंने हमें दुखद खबर दी कि हमारे डब्ल्यूडब्ल्यूई परिवार के आजीवन सदस्य विंडहैम रोटुंडा – जिन्हें ब्रे वायट के नाम से भी जाना जाता है। उनका आज अप्रत्याशित रूप से निधन हो गया। हमारी संवेदनाएं उनके परिवार के साथ हैं और हम चाहते हैं कि इस समय हर कोई उनकी निजता का सम्मान करे। हालांकि, उनकी मौत का मुख्य कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है। कुश्ती रिपोर्टर सीन रॉस सैप के अनुसार, ब्रे वायट को इस साल की शुरुआत में कोविड हो गया था, जिससे दिल की समस्याएं बढ़ गईं और यही कारण है कि उन्हें दिल का दौरा पड़ा और गुरुवार को उनका निधन हो गया।



# पेरिस ओलंपिक में पहुंचे नीरज, विश्व चैंपियनशिप के फाइनल में तीन भारतीय



**बुडापेस्ट,** 25 अगस्त (वार्ता) भारत के शीर्ष भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा ने विश्व चैंपियनशिप के क्वालीफाइंग राउंड में 88.77 मीटर के शानदार थ्रो के साथ चैंपियनशिप के फाइनल और पेरिस ओलंपिक 2024 के लिये क्वालीफाई कर लिया।

नीरज के अलावा डीपी मनु और किशोर जेना ने भी विश्व चैंपियनशिप के फाइनल में जगह बनाई।

नीरज अपने पहले ही प्रयास में इस सीजन का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर क्वालीफाइंग राउंड के ग्रुप-ए में शीर्ष पर रहे। फाइनल में पहुंचने के लिये प्रतिभागियों को या तो 83 मीटर का निशान पार करना था या शीर्ष 12 में रहना था। दोनों समूहों के प्रयास पूरे होने के बाद मनु (81.31 मीटर) और जेना (80.55 मीटर) ने क्रमशः छठे और नौंवे स्थान पर रहकर पदक राउंड के लिये क्वालीफाई किया।

नीरज ने इसी के साथ पेरिस ओलंपिक 2024 का भी टिकट कटा लिया। पेरिस ओलंपिक में क्वालीफाई करने के लिये खिलाड़ियों को कम से कम 85.50 मीटर की दूरी पर भाला फेंकना था। ओलंपिक क्वालीफिकेशन प्रक्रिया एक जुलाई 2023 को शुरू हुई थी और 30 जून 2024 तक जारी रहेगी।

केवल विश्व एथलेटिक्स नियमों के अनुरूप विश्व एथलेटिक्स, क्षेत्रीय संघों या राष्ट्रीय महासंघों (नीरज के मामले में भारतीय एथलेटिक्स महासंघ) द्वारा आयोजित या अधिकृत प्रतियोगिताओं में प्रदर्शन ही ओलंपिक क्वालीफिकेशन के लिये मान्य होते हैं।

इस बीच, पाकिस्तान के अरशद नदीम और चेक गणराज्य के जाकुब वाडलेच ने इस सीजन का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देते हुए फाइनल में स्थान पक्का किया।अरशद ने 86.79 मीटर के थ्रो के साथ फाइनल में जगह बनाने के अलावा पेरिस ओलंपिक में भी स्थान पक्का किया। वाडलेच 83.50 के थ्रो के साथ फाइनल में पहुंचे लेकिन ओलंपिक के लिये फिलहाल क्वालीफाई नहीं कर सके।

खराब फॉर्म से गुज़र रहे गत विश्व चैंपियन ग्रेनाडा के एंडरसन पीटर्स की जैवलिन मात्र 78.49 मीटर की दूरी ही तय कर सकी और वह विश्व चैंपियनशिप से बाहर हो गये।

### डीपी मनु और किशोर जेना ने भी किया बेहतर प्रदर्शन

विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में स्टार एथलीट नीरज चोपड़ा के साथ, डीपी मनु और किशोर जेना भी शानदार प्रदर्शन करते हुए पुरुषों के भाला फेंक फाइनल में पहुंच गए हैं। अब भारत के तीनों खिलाड़ी रविवार, 27 अगस्त को होने वाले फाइनल राउंड में हिस्सा लेंगे। वहीं, इस साल एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में रजत पदक जीतने वाले 23 वर्षीय मनु दोनों समूहों में कुल मिलाकर छठे स्थान पर रहे और 81.31 मीटर के अपने सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। ग्रुप बी में प्रतिस्पर्धा कर रहे एक अन्य भारतीय किशोर ने 80.55 मीटर थ्रो के साथ स्टैंडिंग में नौवें स्थान पर रहे। क्वालिफिकेशन का दूसरा समूह चेक गणराज्य के जैकब वाल्डेज के साथ शुरू हुआ। उन्होंने 81.34 मीटर थ्रो के साथ उड़ान भरी। फिर, दूसरे प्रयास में 83.50 मीटर का थ्रो किया और चोपड़ा के बाद सीधे क्वालीफाई कर लिया।

# आईसीसी विश्व कप 2023 टिकटों की बिक्री शुरू

**दुबई,** 25 अगस्त (एजेंसियां)। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 के टिकटों की आम बिक्री शुक्रवार शाम से शुरू होंगे। पांच अक्टूबर से 19 नवंबर के बीच होने वाले अब तक के सबसे बड़े क्रिकेट विश्व कप के लिए दुनिया भर के प्रशंसकों को भारत में आमंत्रित किया गया है।

भारत में पांच अक्तूबर से 19 नवंबर तक वनडे विश्व कप का आयोजन होना है। क्रिकेट प्रशंसक लंबे समय से टिकट खरीदने का इंतजार कर रहे हैं। भारत के मैचों के साथ-साथ अभ्यास मैचों के टिकट की जानकारी पहले ही सार्वजनिक कर दी गई थी। बीसीसीआई ने जानकारी दी है कि प्रशंसक टिकट कहां खरीद पाएंगे। टिकटों की बिक्री 25 अगस्त से होनी है। हालांकि, कुछ फैंस एक दिन पहले 24 अगस्त से ही टिकट कर सकते हैं।

टिकटों की मांग को इंतजाम करने और अधिक से अधिक प्रशंसकों को दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को देखने का सबसे अच्छा मौका देने के लिए शुक्रवार से विदेशी टीम के वार्मअप मैचों और इवेंट मैचों के साथ विभिन्न् चरणों में बिक्री की जाएंगे। विश्व कप में कुल 58 मैच खेले जाएंगे। इनमें 10 अभ्यास मैच शामिल हैं। विश्व कप के मैच भारत के 10 शहरों में खेले जाएंगे। हैदराबाद, अहमदाबाद, धर्मशाला, दिल्ली, चेन्नई, लखनऊ, पुणे, बेंगलुरु, मुंबई और कोलकाता में मुकाबले हैं। गुवाहाटी और तिरुवनंतपुरम के अलावा हैदराबाद में अभ्यास मैच आयोजित किए जाएंगे।




आईसीसी मीडिया विज्ञप्ति के अनुसार विश्व कप के टिकट भारतीय समयानुसार 25 अगस्त को शाम आठ बजे से एचटीटीपीएस//टिकट्सडॉट क्रिकेटवर्ल्डकप डॉटकॉम के माध्यम से बिक्री के लिए उपलब्ध होंगे। बीसीसीआई ने बताया कि टिकट बिक्री वेबसाइट पर मैचों के लिए टिकट खरीदे जा सकते हैं। इस वेबसाइट पर टूर्नामेंट के मुख्य मैचों के साथ-साथ अभ्यास मैचों के टिकट भी मिलेंगे। विश्व कप 2019 फाइनल की पुनरावृत्ति के साथ शुरू हो रहा है, इंग्लैंड अहमदाबाद में दुनिया के सबसे बड़े क्रिकेट स्टेडियम में न्यूजीलैंड के खिलाफ खेलगा। 2023 विश्व कप वनडे में सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट का प्रदर्शन करेगा और सभी प्रतिस्पर्धी देशों ऑस्ट्रेलिया, अफगानिस्तान, बांग्लादेश, इंग्लैंड, भारत, नीदरलैंड, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान, दक्षिण अफ्रीका के बीच क्रिकेट के जनून को देखा जाएगा। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने कहा, 卐जैसा कि हम आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 के लिए टिकटों की बिक्री शुरू करने की घोषणा करते हैं, हम अपने देश और दुनिया भर के हर कोने से क्रिकेट प्रशंसकों को हृदयतल से आमंत्रित करते हैं। हमारे आयोजन स्थल ऐसे टूर्नामेंट में प्रशंसकों का स्वागत करने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। हम विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचे के साथ एक ऐसा विश्व कप अनुभव कराो के लिए तैयार हैं जो किसी अन्य देश से अलग हो।

आईसीसी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ज्योफ एलार्डिस ने कहा, हमें यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 के लिए टिकटों की आम बिक्री आज होगी, जिससे एक दिवसीय खेल का शिखर आयोजन सीधे दुनिया के सामने आएगा। हम सभी को अपनी सीट सुरक्षित करने और इस ऐतिहासिक कार्यक्रम का हिस्सा बनने के लिए प्रोत्साहित करते हैं।

## युगांडा के राष्ट्रपति आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप ट्रॉफी का करेंगे अनावरण

**कंपाला,** 25 अगस्त (एजेंसियां)। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) पुरुष विश्व कप ट्रॉफी 26 अगस्त को युगांडा पहुंचेगी और इसका अनावरण 27 अगस्त को राष्ट्रपति योवेरी कगुटा मुसेवेनी और देश की प्रथम महिला जेनेट काटाका मुसेवेनी करेंगी। युगांडा क्रिकेट एसोसिएशन (यूसीए) ने आज इसकी घोषणा की। एसोसिएशन के संचार प्रबंधक डेनिस मुसाली ने गुरुवार को शिन्हुआ को बताया कि ट्रॉफी का आधिकारिक तौर पर अनावरण एंटेबे में स्टेट हाउस में राष्ट्रपति और प्रथम महिला द्वारा 27 अगस्त को किया जाएगा। श्री मुसाली ने कहा, हम बहुत उत्साहित हैं कि युगांडा को ट्रॉफी की मेजबानी करने का अवसर मिलेगा। श्री मुसाली ने कहा, यह अभूतपूर्व पल क्रिकेट के क्षेत्र में युगांडा की अविश्वसनीय प्रगति को दर्शाता है, जिसके महत्वपूर्ण परिणाम सांस्कृतिक और भौगोलिक विभाजनों पर प्रतिबिंबित होते हैं। उन्होंने हालांकि यह स्वीकार किया है कि युगांडा आगामी क्रिकेट विश्व कप में दावेदार नहीं हो सकता है। श्री मुसाली ने देश में खेल के प्रति स्पष्ट जुनून पर जोर दिया। नाइजीरिया और दक्षिण अफ्रीका जाने से पहले ट्रॉफी चार दिनों तक युगांडा में रहेगी। गौरतलब है कि आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप ट्रॉफी की यात्रा 27 जून को शुरू हुई और इसमें कुवैत, बहरीन, मलेशिया, अमेरिका, नाइजीरिया, युगांडा, फ्रांस, इटली और मेजबान देश भारत सहित 18 देशों का दौरा करने की योजना है। 2023 आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप विभिन्न राष्ट्रीय टीमों के बीच खेले जाने वाला यह एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय (ओडीआई) क्रिकेट टूर्नामेंट भारत में पांच अक्टूबर से 19 नवंबर, 2023 तक आयोजित होने वाला है। यह आयोजन शुरू में फरवरी से मार्च 2023 के लिए निर्धारित किया गया था, लेकिन कोविड-19 महामारी के कारण इसे स्थगित करना पड़ा। वर्ष 2019 के गत चैंपियन इंग्लैंड सहित दस टीमों के बीच मैच खेले जाएंगे।

# डब्ल्यूएफआई के निलंबन पर विनेश फोगाट ने साधा बृजभूषण पर निशाना

**नई दिल्ली,** 25 अगस्त (एजेंसियां)। राष्ट्रमंडल और एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता पहलवान विनेश फोगाट ने यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग (यूडब्ल्यूडब्ल्यू) द्वारा भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) को चुनाव न कराने के लिए तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के बाद डब्ल्यूएफआई के पूर्व प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह की आलोचना की है। राष्ट्रीय कुश्ती संचालन संस्था को जून में चुनाव कराने थे। दुर्भाग्य से, विभिन्न राज्य इकाइयों द्वारा पेश की गई कई कानूनी चुनौतियों के कारण इन चुनावों में काफी देरी का सामना करना पड़ा।



फिर, नए प्रशासकों को चुनने के लिए चुनाव 12 अगस्त को होने थे, लेकिन हरियाणा कुश्ती संघ (एचडब्ल्यूए) की एक याचिका के बाद पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय द्वारा अगले आदेश तक डब्ल्यूएफआई चुनावों पर रोक लगाने के बाद इसमें और देरी हो गई। विनेश ने एक्स पर लिखा, बृजभूषण के कारण भारतीय कुश्ती को कितना नुकसान हुआ है। अगर इसका सही आकलन किया जाए तो सही तस्वीर सामने आ जाएगी। इस माफिया के कारण तिरंगे का अपमान हुआ है। डब्ल्यूएफआई चुनाव में देरी के कारण, यूडब्ल्यूडब्ल्यू ने गुरुवार को भारतीय निकाय को निलंबित कर दिया जिससे यह स्पष्ट हो गया कि भारतीय पहलवानों को अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में यूडब्ल्यूडब्ल्यू ध्वज के तहत लड़ना होगा। इससे पहले ओलंपिक कांस्य पदक विजेता पहलवान बजरंग पुनिया और साक्षी मलिक ने गुरुवार को भारतीय कुश्ती के लिए काला दिन बताया, क्योंकि खेल की राष्ट्रीय संस्था को अंतर्राराष्ट्रीय संस्था यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग ने समय पर चुनाव न कराने के कारण निलंबित कर दिया है। युवा मामले और खेल मंत्रालय और भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने बजरंग, साक्षी और विनेश के नेतृत्व में बड़ी संख्या में पहलवानों के विरोध के बाद दिन-प्रतिदिन के कार्यों के संचालन के लिए एक निगरानी समिति का गठन किया था, जिसके बाद से भारतीय कुश्ती महासंघ मुश्किल में है। विनेश फोगाट, बजरंग पुनिया और साक्षी मलिक डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह पर महिला पहलवानों के यौन उत्पीड़न और समग्र कुप्रबंधन का आरोप लगाते हुए दिल्ली में जंतर मंतर पर धरने पर बैठे थे।

# वर्ल्ड कप के लिए संजय बांगड़ ने चुनी 15 सदस्यीय टीम

**नई दिल्ली,** 25 अगस्त (एजेंसियां)। भारत के पूर्व क्रिकेटर संजय बांगड़ ने 5 अक्टूबर से 19 नवंबर तक देश में होने वाले वर्ल्ड कप के लिए अपनी पसंदीदा 15 खिलाड़ियों की टीम का ऐलान किया। बांगड़ ने अपनी टीम में तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर की जगह बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह को जगह देकर एक अलग और हैरान करने वाला निर्णय लिया, क्योंकि अर्शदीप ने अब तक केवल तीन वनडे खेले हैं। लेकिन अभी तक एक भी विकेट नहीं ले पाए हैं। इसके अलावा, एशिया कप टीम में भी उनका नाम नहीं है।

वनडे वर्ल्ड कप-2019 में बांगर भारतीय टीम के बल्लेबाजी कोच थे। तब भारत ने सेमीफाइनल तक का सफर तय किया था और मैनचेस्टर में नॉकआउट मैच में न्यूजीलैंड से हार गई थी। बांगड़ ने स्टार



स्पोर्ट्स से कहा, विश्व कप के लिए, जिस तरह से मैंने अपनी टीम चुनी है वह कॉम्बिनेशन पर केंद्रित है।

**टीम कॉम्बिनेशन इस प्रकार होगा :**

पांच विशेषज्ञ बल्लेबाज, दो विकेटकीपर-बल्लेबाज, दो स्पिन-गेंदबाजी ऑलराउंडर, एक तेज-गेंदबाजी ऑलराउंडर, एक विशेषज्ञ स्पिनर और चार तेज गेंदबाज।

उन्होंने कहा, पांच विशेषज्ञ बल्लेबाज में; रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर और सूर्यकुमार यादव होंगे। दो विकेटकीपर-बल्लेबाज ईशान किशन और केएल राहुल होंगे। एशिया कप टीम की तरह, लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल को वनडे विश्व कप के लिए बांगड़ की टीम में भी जगह नहीं मिली है। दो स्पिन-गेंदबाजी ऑलराउंडर में उन्होंने रवींद्र जड़ेजा और अक्षर पटेल को रखा। वहीं, बांगर की टीम में गेंदबाजों में तेज गेंदबाज़ी ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या होंगे। एक विशेषज्ञ स्पिनर- कुलदीप यादव और चार तेज़ गेंदबाज़ जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, मोहम्मद शमी और अर्शदीप सिंह का नाम शामिल है। भारत अब सीधे एशिया कप-2023 में खेलते हुए नजर आएगा जिसमें वह 2 सितंबर को पाकिस्तान के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगा।

## एशियाई खेलों में कासिम अकरम होंगे पाकिस्तान के कप्तान

**लाहौर,** 25 अगस्त (एजेंसियां)। युवा ऑलराउंडर कासिम अकरम हांग्झोउ में होने वाले एशियाई खेलों में पाकिस्तान पुरुष क्रिकेट टीम की कप्तानी करेंगे। एशियाई खेलों में टी20 प्रारूप में खेली जाने वाली पुरुष क्रिकेट प्रतियोगिता 28 सितंबर से सात अक्टूबर के बीच आयोजित होगी। पाकिस्तान ने पांच अक्टूबर से होने वाले बहुप्रतीक्षित एकदिवसीय विश्व कप को ध्यान में रखते हुए एशियाड के लिये एक युवा टीम चुनी है, जिसमें आसिफ अली, मोहम्मद हसनैन, शाहनवाज दहानी और उस्मान कादिर सबसे प्रमुख नाम हैं।

अंडर-19 विश्व कप 2022 में पाकिस्तान की कमान संभाल चुके 20 वर्षीय अकरम ने इससे पहले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट नहीं खेला है। चुने



गये 15 खिलाड़ियों में से अधिकतर नाम पिछले महीने श्रीलंका में एसीसी इमर्जिंग एशिया कप जीतने वाली टीम का हिस्सा थे, जबकि इन्होंने इससे पहले दो चार दिवसीय टेस्ट मैचों और छह वनडे मैचों के लिये जिम्बाब्वे का दौरा किया था। पाकिस्तान रैंकिंग के आधार पर भारत की तरह ही सीधा क्वार्टरफाइनल चरण में टूर्नामेंट की शुरुआत करेगा।

एशियाई खेलों में क्रिकेट पहले भी दो बार खेला जा चुका है। पहला संस्करण बंगलादेश ने जीता था, जबकि दूसरे संस्करण में श्रीलंका विजयी रहा था। दोनों बार अफगानिस्तान उपविजेता रहा। पाकिस्तान ने 2014 में भाग नहीं लिया और 2010 में वह कांस्य पदक विजेता रहा था।

**एशियाई खेलों के लिए पाकिस्तान पुरुष टीम :** कासिम अकरम (कप्तान), ओमैर बिन यूसुफ, आमिर जमाल, अराफात मिन्हास, अरशद इकबाल, आसिफ अली, हैदर अली, खुशदिल शाह, मिर्जा ताहिर बेग, मोहम्मद हसनैन, मुहम्मद अखलाक (विकेटकीपर), रोहेल नजीर (विकेटकीपर), शाहनवाज दहानी, सुफियान मुकीम, उस्मान कादिर।

# सात्विक-चिराग क्वार्टरफाइनल में पहुंचे, प्रणय भी आगे बढ़े

कोपनहेगन, 25 अगस्त (वार्ता) सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय जोड़ी ने बीडब्ल्यूएफ बैडमिंटन विश्व चैंपियनशिप में गुरुवार को इंडोनेशिया के लियो रोली कार्नांडो और डैनियल मार्टिन को हराकर पुरुष युगल क्वार्टरफाइनल का टिकट कटा लिया, जबकि पुरुष एकल शटलर एचएस प्रणय ने भी अपने प्री-क्वार्टरफाइनल में जीत दर्ज की। प्री-क्वार्टरफाइनल मैच का पहला गेम जीतने के बाद सात्विक-चिराग की जोड़ी थोड़ा लड़खड़ाई, लेकिन अंततः वे अपने इंडोनेशियाई प्रतिद्वंदियों को 61 मिनट में 21-15, 19-21, 21-9 से हराने में कामयाब रहे। यह कार्नांडो और मार्टिन के खिलाफ सात्विक-चिराग की दो मुकाबलों में दूसरी जीत है। अगले चरण में शीर्ष भारतीय युगल का सामना डेनमार्क के किम एस्ट्रुप/एंडर्स रासमुसेन या मलेशिया के ओंग यू सिन/तियो ई यी से होगा।

दूसरी ओर, प्रणय ने एक घंटे नौ मिनट में सिंगापुर के लोह कीन यू को 21-18, 15-21, 21-19 से मात देकर क्वार्टरफाइनल में कदम रखा, जहां उनका सामना डेनमार्क के गत विश्व चैंपियन विक्टर एसलसन या ताइवान के चोउ तिएन चेन से होगा। यह कीन यू के विरुद्ध प्रणय का चौथा मुकाबला था। पिछले तीन में से दो मुकाबले जीत चुके भारतीय शटलर ने आत्मविश्वास के साथ मुकाबले की शुरुआत की और लंबी रस्साकशी के बाद पहला गेम 21-18 से जीत लिया। दूसरे गेम में हालांकि सिंगापुर के कीन यू ने लगातार स्मैश खेलकर प्रणय पर दबाव बनाया। इस आक्रामकता में कीन यू ने कुछ गलतियां भी कीं लेकिन वह दूसरा गेम 21-15 से जीतने में सफल रहे। तीसरे गेम में विश्व नंबर सात प्रणय ने भी आक्रामकता बढ़ाकर ब्रेक तक आसानी के साथ 11-4 की विशाल बढ़त ले ली। हार के नज़दीक खड़े कीन यू ने ब्रेक के बाद ज़ोरदार वापसी की और लगातार हमले करते हुए स्कोर 11-10 पर लगभग बराबर कर दिया। देखते ही देखते कीन यू 16-15 से आगे हो गये। प्रणय ने इस समय धैर्य दिखाया और अपने सिंगापुरी प्रतिद्वंदी की अप्रत्याशित गलतियों का लाभ भी लिया। दोनों खिलाड़ी 19-19 पर बराबर थे जब प्रणय ने लगातार दो अंक अर्जित कर मुकाबला जीत लिया। इससे पूर्व, पुरुष युगल प्री-क्वार्टरफाइनल में चिराग ने जहां डिफेंस में धैर्य दिखाया, वहीं सात्विक ने कोर्ट में पीछे रहकर ज़ोरदार प्रहार किये। ब्रेक तक 11-8 की बढ़त बनाने के बाद भारतीय जोड़ी तेज़ी से आगे बढ़ी और अपने इंडोनेशियाई प्रतिद्वंदियों की वापसी की कोशिशों को नाकाम करते हुए 15-10 से आगे रही। कार्नांडो-मार्टिन ने गेम के अंतिम हिस्से में वापसी की कोशिश की लेकिन सात्विक-चिराग इस समय तक 21-15 के साथ पहला गेम जीतने में सफल रहे। दूसरे गेम में ब्रेक तक 11-10 की क्षीण बढ़त बनाने वाले सात्विक-चिराग लयविहीन हुए, जिसका फायदा उठाकर कार्नांडो-मार्टिनने जल्द ही 14-11 से आगे हो गये। भारतीय जोड़ी स्कोर 19-19 की बराबरी पर ले आयी लेकिन इंडोनेशियाई युगल ने लगातार दो अंक अर्जित करते हुए मैच को निर्णायक गेम में पहुंचा दिया। तीसरे गेम में हालांकि कार्नांडो-मार्टिन अपने भारतीय विरोधियों के आक्रामक अवतार की बराबरी नहीं कर सके। सात्विक-चिराग ने ब्रेक तक 11-6 की बढ़त बनायी और ब्रेक के बाद विपक्षियों को मात्र तीन अंक देते हुए 21-9 से निर्णायक गेम जीत लिया। इस बीच, त्रिशा जॉली और गायत्री गोपीचंद की भारतीय महिला युगल जोड़ी को प्री-क्वार्टरफाइनल में चीन की चेन क्यू सी और जिया यी फान से सीधे गेमों में हार का सामना करना पड़ा। यह जिया-चेन के विरुद्ध त्रिशा-गायत्री का दूसरा मुकाबला था और चीनी युगल ने 21-14, 21-9 की जीत हासिल करने में सिर्फ 42 मिनट का समय लिया।



### मैंने कुछ ऐसे शॉट खेले जो मैं आमतौर पर नहीं खेलता : प्रणय

भारत के शीर्ष रैंक के शटलर एचएस प्रणय, जो अपने पहले विश्व चैंपियनशिप पदक की तलाश में हैं, ने स्वीकार किया कि बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप के तीसरे दौर में पूर्व विश्व चैंपियन लोह कीन यू के खिलाफ एक मुश्किल मैच था। प्रणय ने कहा, मैं कई क्षेत्रों में उतना परफेक्ट नहीं था, लेकिन अंत में मैंने खुद को आश्वस्त किया कि हारना ठीक है, लेकिन प्रयास न करना ठीक नहीं है, इसलिए अंत में मैंने कुछ ऐसे शॉट खेले जो मैं आमतौर पर नहीं खेलता और शायद यही एकमात्र अंतर था। कोचों के साथ बहुत सारी बातें हुईं। वे मुझसे कुछ चीजें करने के लिए कह रहे थे लेकिन मैं उन चीजों को करने में सक्षम नहीं था। मैं सोच रहा था कि क्या करूं और मैं निराश हो रहा था क्योंकि मैं उस तरह से नहीं खेल पा रहा था। वे चाहते थे कि मैं खेलूं, और वे निराश हो रहे थे क्योंकि मैं उस तरह के शॉट नहीं लगा पा रहा था। उन्होंने कहा, दबाव वाले मैच में उन शॉट्स को खेलना मुश्किल होता है। लेकिन यहीं पर कोच काम आते हैं, वे आपको खेलने का

## सार संक्षेप

### एशियाई खेलों में भारत उतारेगा 634 एथलीट

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय खेल मंत्रालय ने हांग्झोउ एशियाई खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिये 634 एथलीटों को चुना है। मंत्रालय ने शुक्रवार को इसकी पुष्टि की। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने मंत्रालय के समक्ष 85 एथलीटों की सिफारिश की थी, जिनमें से 38 खेलों में इन 634 नामों को चुना गया। साल 218 में एशियाई खेलों के पिछले संस्करण में कुल 572 एथलीटों ने भाग लिया था, जहां भारत 16 स्वर्ण सहित 7 पदक जीतकर लौटा था। भारत एथलेटिक्स में नीरज चोपड़ा की अगुवाई में 34 पुरुषों और 31 महिलाओं सहित 65 प्रतिभागी उतारेगा। जलक्रीड़ा (एक्वाटिक्स) में 22 जबकि तीरंदाज़ी में 16 खिलाड़ी भारतीय ध्वज संभालेंगे। कुश्ती में 18 पहलवान भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। हाल ही में फिडे विश्व कप में रजत पदक जीतने वाले रमेशबाबू प्रज्ञानंद सहित 1 भारतीय शतरंज में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। भारोत्तोलन में सिर्फ मीराबाई चानू (49 किग्रा) और बिंद्यारानी देवी (55 किग्रा) की एशियाड में तिरंगे के तले खेलेंगी। इस बार एशियाई खेलों में पदार्पण कर रहे ई-स्पोर्ट्स में भारत ने 15 खिलाड़ियों को उतारने का निर्णय लिया है। मंत्रालय ने आईओए को यह सुनिश्चित करने का आदेश दिया है कि सभी एथलीट डोपिंग से मुक्त हैं। मंत्रालय ने कहा कि टीमों की रवानगी से पहले डोप टेस्ट की प्राथमिकता तय करने के लिये आईओए और भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) एक साथ बैठ सकते हैं।

### पर्थ स्कॉर्चर्स की कप्तानी से हटने और खुद पर ध्यान केंद्रित करने से बहुत मदद मिली : मिशेल मार्श

**पर्थ।** दक्षिण अफ्रीका के आगामी सफेद गेंद दौरे के लिए ऑस्ट्रेलिया के कार्यवाहक कप्तान मिशेल मार्श का मानना है कि खुद पर ध्यान केंद्रित करने के लिए बीबीएल में पर्थ स्कॉर्चर्स की कप्तानी से हटने से उन्हें मदद मिली है। कोडस्पोर्ट्स.कॉम.एयू ने मार्श के हवाले से कहा, मुझे लगता है कि पिछले चार या पाँच वर्षों में इसमें प्रगति हुई है। जब मैंने खुद पर ध्यान केंद्रित करने के लिए स्कॉर्चर्स की कप्तानी छोड़ दी और मैं अपने जीवन और अपने करियर में कहां था, तो मैंने नहीं सोचा था कि उस समय मेरे पास किसी भी टीम की कप्तानी करने की क्षमता थी क्योंकि मैं सिर्फ यह कोशिश करने का प्रयास कर रहा था और अपना स्थान बनाए रखिए और टेस्ट तथा एकदिवसीय टीमों में अपना स्थान वापस पाइए। 12 महीने पहले मार्श नहीं चाहते थे कि उन्हें ऑस्ट्रेलिया का सफेद गेंद का कप्तान माना जाए और अब वह नेतृत्व की भूमिका निभाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं, भले ही केवल दक्षिण अफ्रीका दौरे के लिए।

# [ अर्थ जगत ]

| सर्वाधिक बढने वाले शेयर | |
|---|---|
| एनटीपीसी | 4.02 प्रतिशत |
| पावर ग्रिड | 3.00 प्रतिशत |
| टेक महिंद्रा | 2.28 प्रतिशत |
| टाटा स्टील | 2.16 प्रतिशत |
| टीसीएस | 1.96 प्रतिशत |

| सर्वाधिक घटने वाले शेयर | |
|---|---|
| बजाज फाइनेंस | 1.12 प्रतिशत |
| कोटक बैंक | 1.09 प्रतिशत |
| हिंदुस्तान यूनीलीवर | 0.91 प्रतिशत |
| आईटीसी | 0.63 प्रतिशत |
| भारती एयरटेल | 0.46 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 47,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 70,096 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 870 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2500-3000 |
| गेहूं दडा | 2150-2160 |
| आटा | 2800-2290 |
| मैदा | 945-950 |
| चोकर | 620-630 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### चावल

| | |
|---|---|
| बासमती औसत किस्म | 4500-4600 |
| परमल | 1750-1775 |
| चावल सेला | 2250-2350 |
| आरआर (आठ ) | 1650-1670 |

### दाल-दलहन


| | |
|---|---|
| चना | 4,850-4,950 |
| दाल चना | 4,850-4,950 |
| मसूर काली | 7,800-7,900 |
| उड़द दाल | 10300-10400 |
| मूंग दाल | 7,900-8,000 |
| अरहर दाल | 9700-9800 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें स्थिर

**नई दिल्ली,** 25 अगस्त (एजेंसियां)। वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में जारी जबरदस्त तेजी के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज भी स्थिर रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर पर रहा।



# वैश्विक आर्थिक सुधार को कायम रखना बड़ी चुनौती : सीतारमण



**नई दिल्ली,** 25 अगस्त (एजेंसियां)। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज कहा कि जब दुनिया कोविड-19 और इसके प्रभावों, खाद्य और ऊर्जा सुरक्षा, जलवायु परिवर्तन के साथ ही अन्य कारणों से हुई तबाही से गुजर रही है जो वैश्विक स्तर पर गंभीर स्थिति पैदा कर रही हैं , ऐसे समय में वैश्विक आर्थिक सुधार को कायम रखना एक बड़ी चुनौती है।

श्रीमती सीतारमण ने आज यहां आयोजित बी-20 इंडिया शिखर सम्मेलन में सतत वैश्विक आर्थिक सुधार के लिए प्रमुख प्राथमिकताओं पर सत्र को संबोधित करते हुये कहा कि इन चिंताओं के अलावा, प्रत्येक देश की अलग स्थिति होती है जिसे उनकी अर्थव्यवस्थाओं के पुनर्निर्माण के लिए विशिष्ट प्रबंधन की आवश्यकता होती है। उन्होंने पांच प्रमुख प्राथमिकताओं पर प्रकाश डालते हुये कहा कि ये वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं को निरंतर सुधार के रास्ते पर लाने के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि सबसे पहले मुद्रास्फीति पर काबू पाना होगा जिसमें उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि केंद्रीय बैंकों के सामने मुद्रास्फीति को नियंत्रण में रखते हुए विकास की प्रधानता को ध्यान में रखना है। दूसरी प्राथमिकता विकास को गति देने के लिए निवेश, विशेषकर भौतिक संपत्तियों में सार्वजनिक निवेश पर जोर देना है जबकि तीसरी प्राथमिकता शिक्षा और स्वास्थ्य में निवेश बढ़ाना है। उन्होंने जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए वित्त के मुद्दे को चौथी प्राथमिकता बताया, जबकि आखिरी प्राथमिकता विकास को मजबूत करने के लिए आपूर्ति श्रृंखलाओं के विविधीकरण पर आधारित है। वित्त मंत्री ने कहा कि भारत दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के रूप में उभरा है। इसने प्रभावशाली प्रदर्शन किया है , निवेश बढ़ा है और चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में जीडीपी में मजबूत आंकड़े आने की उम्मीद है।

श्रीमती सीतारमण न कहा कि भारत का मजबूत प्रदर्शन भौतिक, डिजिटल और सामाजिक बुनियादी ढांचे में सुधार के लिए पिछले नौ वर्षों में लागू किए

**भारत का मजबूत प्रदर्शन भौतिक, डिजिटल और सामाजिक बुनियादी ढांचे में सुधार के लिए पिछले नौ वर्षों में लागू किए गए कई आर्थिक सुधारों का परिणाम है। राष्ट्रीय अवसंरचना पाइपलाइन, पीएम गति शक्ति, राष्ट्रीय मुद्रीकरण पाइपलाइन आदि जैसे कदम बुनियादी ढांचे के विकास को बढ़ावा देने के लिए सराहनीय पहल रहे हैं :-**
**निर्मला सीतारमण, केंद्रीय वित्त मंत्री**

गए कई आर्थिक सुधारों का परिणाम है। राष्ट्रीय अवसंरचना पाइपलाइन, पीएम गति शक्ति, राष्ट्रीय मुद्रीकरण पाइपलाइन आदि जैसे कदम बुनियादी ढांचे के विकास को बढ़ावा देने के लिए सराहनीय पहल रहे हैं। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक पूंजीगत व्यय में 33 प्रतिशत की वृद्धि, जिसके कारण निजी निवेश में वृद्धि हुई है, उसने भारत को निरंतर विकास पथ पर ला दिया है। उन्होंने कहा कि कई देशों ने भारत के डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे और इंडिया स्टैक से सीखने में गहरी रुचि दिखाई है, जिसने भारत ब्रांड को ऊपर उठाया है।

उन्होंने मुक्त व्यापार संधि (एफटीए) का उल्लेख करते हुये कहा कि ब्रिटेन के साथ एफटीए समझौता अंतिम निर्णय के बहुत करीब है, जिसे साल के अंत तक पूरा किया जा सकता है।

## हिन्दुस्तान जिंक की उत्पादन क्षमता बढ़ाकर 15 लाख टन करने का लक्ष्य




**नई दिल्ली,** 25 अगस्त (एजेंसियां)। हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड जिंक का उत्पादन मौजूदा वित्तीय वर्ष में 10 लाख टन प्रति वर्ष से बढ़ाकर 15 लाख टन करने का लक्ष्य तय किया है।

कंपनी की अध्यक्ष प्रिया अग्रवाल हेब्बर ने कंपनी की 57वीं वार्षिक बैठक में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा, देश के विकास में जिंक अहम भूमिका निभाएगा, हिन्दुस्तान जिंक विश्व की सर्वश्रेष्ठ कंपनियों में होगी। हम इस सेक्टर में कम से कम 3 से 4 प्रतिशत वृद्धि की उम्मीद कर रहे हैं। हम अपना उत्पादन 10 लाख टन से बढ़ाकर 15 लाख टन प्रतिवर्ष करने की योजना बना रहे है। वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान कंपनी ने 10 लाख टन से अधिक रिफाइंड मेटल का उत्पादन किया है।

उन्होंने कहा कि नए वित्तीय वर्ष की पहली तिमाही में कंपनी ने 257 किलोटन जिंक उत्पादन किया है। विकास प्रयासों में क्षमताओं का विस्तार, लंबी अवधी के साथ खानों के पोर्टफोलियो को बनाए रखना, लागत नेतृत्व को मजबूत करना, ग्राहक केंद्रित उत्पाद पोर्टफोलियो का विस्तार और सस्टेनेबल भविष्य की ओर बढ़ना शामिल है।

उन्होंने कहा कि हिन्दुस्तान जिंक भूमिगत खनन में बैटरी चालित ईवी संचालित करने वाली देश की पहली कंपनी हैं। उन्होंने कहा कि क्षमता विस्तार, मात्रा में वृद्धि, बेहतर परिचालन और वित्तीय प्रदर्शन और सभी हितधारकों के लिए बेहतर मूल्य सृजन प्रमुख क्षेत्र होंगे। 2025 तक कोयला निर्भरता को कम करने का लक्ष्य है।

सुश्री हेब्बर ने कहा कि हिन्दुस्तान जिंक का पंतनगर प्लांट 100 प्रतिशत रिन्यूएबल एनर्जी के साथ संचालित है। हमारी सोलर प्रोजेक्ट में 180 मेगावाट और विंड प्रोजेक्ट मे 250 मेगावाट की क्षमता है। कंपनी 2025 तक अपनी कोयला निर्भरता को 50 प्रतिशत कम करने में सफल होगी। उन्होंने कहा कि जब 21वीं सदी के भारत का आर्थिक इतिहास लिखा जाएगा, तो हिंदुस्तान जिंक की बदलाव की कहानी का अपना एक उपलब्धिपूर्ण अध्याय होगा।

## 5,000 कर्मचारियों की छंटनी करेगी वायरलेस नेटवर्क ऑपरेटर टी-मोबाइल

**सैन फ्रांसिस्को,** 25 अगस्त (एजेंसियां)। अमेरिका स्थित वायरलेस नेटवर्क ऑपरेटर टी-मोबाइल ने नौकरियों में कटौती करते हुए अगले पांच हफ्तों में 5,000 कर्मचारियों को निकालने का फैसला किया है। इस कटौती से कॉर्पोरेट और बैक-ऑफिस की नौकरियां काफी हद तक प्रभावित होंगी। सीईओ माइक सीवर्ट ने गुरुवार को कर्मचारियों को लिखे एक पत्र में कहा, %%इस सप्ताह से शुरू होकर अगले पांच सप्ताह तक हम अपने संगठन में बदलाव करेंगे जिसके चलते कंपनी में कुछ पदों में कटौती होगी। इन बदलावों से देश भर में मुख्य रूप से कॉर्पोरेट और बैक-ऑफिस और कुछ प्रौद्योगिकी भूमिकाओं में हमारे कुल कर्मचारियों के लगभग 7 प्रतिशत से कम 5,000 पदों पर प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि कंपनी बाहरी कर्मचारियों और संसाधनों पर खर्च में कटौती करने का इरादा रखती है, लेकिन खुदरा और उपभोक्ता देखभाल कर्मचारी जो ग्राहकों के साथ बातचीत करते हैं, वे इससे प्रभावित नहीं होंगे। इसके अलावा कंपनी का अनुमान है कि 2023 की तीसरी तिमाही में कार्यबल में कटौती से संबंधित उस पर लगभग 450 मिलियन डॉलर का पूर्व कर शुल्क लगेगा। सीवर्ट ने कहा, हमारे उन सहकर्मियों से अलग होना कठिन है जिन पर इसका प्रभाव पड़ेगा, और मैं आपको बताना चाहता हूं कि बदलाव के इस समय में हमारा ध्यान उनमें से प्रत्येक के साथ यथासंभव व्यवहार करते हुए उनके लिए हर संभव प्रयास करना है।

## प्रसिद्ध उद्यमियों की जीवनी देती है प्रेरणा : अदित

नई दिल्ली, 25 अगस्त (देशबन्धु)। 23 साल के अदित अग्रवाल ब्रांड एबज़ॉर्ब के मुख्य कार्यकारी अधिकारी हैं। इससे पहले अदित 17 साल की उम्र में टीन्स4टीन्स नाम से अपना पहला उद्यम शुरू किया। आज टीन्स4टीन्स ने देश भर में 100 से अधिक किशोरों की एक टीम खड़ा कर दिया है और इसके 20 हजार से ज्यादा ऑनलाइन सदस्य हैं।

अदित कहते हैं कि प्रसिद्ध उद्यमियों की जीवनी प्रेरणा देती है। क्योंकि इससे उद्यमिता के क्षेत्र में कुछ नया कर दिखाने का अवसर मिलता है। आज अदित ब्रांड एबज़ॉर्ब को आगे ले जाने के लिए नई रणनीति तैयार करने में जुटे हुए हैं। अदित विदेश से बहुराष्ट्रीय कंपनियों की नौकरी छोड़ भारत वापस आए हैं। अदित की बचपन के दिनों से ही रुचि व्यवसाय की दुनिया में थी। उन्होंने प्रसिद्ध उद्यमियों और उनकी यात्राओं के बारे में पढ़ना शुरू किया और वैश्विक सफलता के लिए उनकी



प्रथाओं और रणनीतियों के बारे में जानने के लिए प्रसिद्ध कंपनियों का अध्ययन किया। अदित के पिता बचपन से ही उन्हें उद्यमिता की शिक्षा देते थे। ताकि वे उद्यम की बारीकियों को जान सके अदित के दादाजी ने सिखाया कि जो समाज ने दिया है उसे समाज को कैसे लौटाया जाए इस सोच के साथ काम करना चाहिए और यही जीवन की सकारात्मक सोच है।

अदित ने अपनी स्कूली शिक्षा मॉडर्न स्कूल, बाराखंभा रोड से की जहां 17 साल की उम्र में उन्होंने टीन्स4टीन्स नाम से अपना पहला उद्यम शुरू किया। इसके बाद उच्च अध्ययन के लिए वह संयुक्त राज्य अमेरिका के नॉर्थईस्टर्न यूनिवर्सिटी चले गए। 5 वर्षों तक अध्ययन करने और बोस्टन में मुख्यालय वाली 3 बहुराष्ट्रीय कंपनियों में काम करने के बाद, वह मुख्य कार्यकारी अधिकारी के रूप में एबज़ॉर्ब में शामिल होने के लिए भारत वापस आए।


अदित कहते हैं कि उन्हें भारतीय होने का हमेशा गर्व रहा है। इसलिए देश के आर्थिक और सामाजिक कल्याण में योगदान देने के लिए भारत लौटने की योजना बनाई है। अदित का कहना है कि मेक इन इंडिया और स्टार्ट-अप इंडिया जैसी आशाजनक सरकारी पहलों के साथ देश में एक आशावादी कारोबारी माहौल के उदय को देखने के बाद, उनका लक्ष्य कई उद्यम शुरू करना है। साथ ही कुशल और महत्वाकांक्षी व्यक्तियों के समुदाय का निर्माण करना है।

# फेड और ईसीबी के निर्णय से पहले बाजार धड़ाम

**मुंबई** 25 अगस्त (एजेंसियां)। अमेरिकी फेड रिजर्व और यूरोपीय केंद्रीय बैंक के अध्यक्ष की ब्याज दरों को लेकर जारी बैठक से पहले एशियाई बाजारों में आई गिरावट के दबाव में स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा बिकवाली से आज शेयर बाजार लगातार दूसरे दिन गिर गया।

बीएसई का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 365.83 अंक अर्थात 0.56 प्रतिशत लुढ़ककर एक सप्ताह बाद 65 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर से नीचे 64,886.51 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 120.90 अंक यानी 0.62 प्रतिशत की गिरावट लेकर 19,265.80 अंक पर आ गया। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.85 प्रतिशत टूटकर 30,717.91 अंक और स्मॉलकैप 0.24 प्रतिशत उतरकर 36,055.96 अंक रह गया। इस दौरान बीएसई में कुल 3763 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2145 में बिकवाली जबकि 1494 में लिवाली हुई वहीं 124 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 40 कंपनियां गिरावट जबकि शेष 11 तेजी पर रही।

बीएसई के 19 समूहों में बिकवाली हुई। इससे कमोडिटीज 0.89, सीडी 0.66, ऊर्जा 0.39, एफएमसीजी 0.91, वित्तीय सेवाएं 0.41, हेल्थकेयर 0.92, इंडस्ट्रियल्स 0.73, आईटी 0.52, यूटिलिटीज 1.24, ऑटो 0.58, बैंकिंग 0.47, कैपिटल गुड्स 1.29, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.67, धातु 1.12, तेल एवं गैस 0.34, पावर 1.26, रियल्टी 1.27, टेक 0.29 और सर्विसेज समूह के शेयर 0.98 प्रतिशत लुढ़क गए।




एशियाई बाजारों में गिरावट का रुख रहा। इस दौरान जापान का निक्केई 2.05, हांगकांग का हैंगसेंग 1.40 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.59 प्रतिशत गिर गया जबकि ब्रिटेन का एफटीएसई 0.38 और जर्मनी के डैक्स में 0.36 प्रतिशत की तेजी रही।

शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 252 अंक की भारी गिरावट लेकर 65,000.67 अंक पर खुला लेकिन लिवाली होने से थोड़ी देर बाद 65,106.00 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं, बिकवाली के दबाव में यह दोपहर से पहले 64,732.57 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। अंत में पिछले दिवस के 65,252.34 अंक के मुकाबले 0.56 प्रतिशत उतरकर 64,886.51 अंक पर रहा।

इसी तरह निफ्टी भी 89 अंक टूटकर 19,297.40 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 19,339.55 अंक के उच्चतम जबकि 19,229.70 अंक के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 19,386.70 अंक की तुलना में 0.62 प्रतिशत गिरकर 19,265.80 अंक पर आ गया। इस दौरान सेंसेक्स की नुकसान उठाने वाली प्रमुख कंपनियों में इंडसइंड बैंक 1.89, जेएसडब्ल्यूएस स्टील 1.88, एलटी 1.79, अल्ट्रासिमको 1.72, जियो फाइनेंस 1.69, पावरग्रिड 1.58, महिंद्रा एंड महिंद्रा 1.46, एनटीपीसी 1.31, टाटा स्टील 1.14, एसबीआई 1.12, एचडीएफसी बैंक 1.07, टाटा मोटर्स 0.88, विप्रो 0.62, मारुति 0.55, रिलायंस 0.35, इंफोसिस 0.28 और टीसीएस 0.24 प्रतिशत शामिल रही।

वहीं, बजाज फिनसर्व 2.36, बजाज फाइनेंस 1.04, एशियन पेंट 1.04, भारती एयरटेल 0.41, टाइटन 0.22, एक्सिस बैंक 0.15 और आईसीआईसीआई बैंक 0.15 प्रतिशत शामिल रही।

## जिंसों की कीमत में टिकाव



**नई दिल्ली,** 25 अगस्त (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों में लौटी तेजी के बीच स्थानीय स्तर पर मांग सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा।

**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में सितंबर का पाम ऑयल वायदा 19 रिंगिट की तेजी के साथ 3834 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह सितंबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.94 सेंट चढ़कर 63.12 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पुराने स्तर पर पड़े रहे।

**दाल-दलहन :** दाल-दलहन बाजार में टिकाव रहा। चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के दाम टिके रहे।

**अनाज :** अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान चावल और गेहूं के भाव पुराने स्तर पर पड़े रहे।

**दाल-दलहन :** चना 6100-6200, दाल चना 7100-7200, मसूर काली 8000-8100, मूंग दाल 9100-9200, उड़द दाल 11400-11500, अरहर दाल 10500-10600 रुपये प्रति क्विंटल रहे।

**अनाज :** (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2550-2650 रुपये और **चावल** : 3000-3100 रुपये प्रति क्विंटल रहा।

**चीनी-गुड़ :** चीनी एस 3640-3740, चीनी एम. 3900-4000, मिल डिलीवरी 3520-3620 और गुड़ 4200-4300 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये।

**खाद्य तेल :** सरसों तेल 12454 रुपये, मूंगफली तेल 20732 रुपये, सूरजमुखी तेल 13407 रुपये, सोया रिफाइंड 12088 रुपये, पाम ऑयल 9000 रुपये और वनस्पति तेल 11133 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा है।

## विदेशी मुद्रा भंडार 7.3 अरब डॉलर घटकर 594.9 अरब डॉलर पर

**मुंबई** 25 अगस्त (एजेंसियां)। विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतर्रष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि कमी होने से 18 अगस्त को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 7.3 अरब डॉलर घटकर 594.9 अरब डॉलर रह गया जबकि इसके पिछले सप्ताह यह 7.8 करोड़ डॉलर बढ़कर 62.2 अरब डॉलर रहा था।

रिजर्व बैंक की ओर से शुक्रवार को जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 18 अगस्त को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 6.6 करोड़ डॉलर की की गिरावट लेकर 527.8 अरब डॉलर पर आ गयी। इसी तरह इस अवधि में स्वर्ण भंडार 51.5 करोड़ डॉलर कम होकर 43.8 अरब डॉलर रह गया।

आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार में 11.9 करोड़ डॉलर की गिरावट आई और यह घटकर 18.2 अरब डॉलर पर आ गया। इसी तरह इस अवधि में अंतर्रष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आरक्षित निधि 2.5 करोड़ डॉलर की गिरावट लेकर 5.7 अरब डॉलर रह गई।

# 'उपभोक्ता संरक्षण के मुद्दों पर जी2 के फोरम पर ठोस चर्चा हो'

**नई दिल्ली,** 25 अगस्त (एजेंसियां)। व्यापार एवं विकास पर संयुक्त राष्ट्र के संगठन अंकटाड की महासचिव रेबेका ग्रिनस्पैन ने उपभोक्त संरक्षण के मुद्दों को वैश्विक मंच पर आगे बढ़ाने और आने वाले समय में जी20 के फोरम पर इसके लिए विशेष बैठके आयोजित किए जाने की पैरवी की है। बाजार प्रतिस्पर्धा और उपभोक्ता संरक्षण नीति के क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर काम करने वाले गैर-सरकारी संगठन कट्स इंटरनेशनल द्वारा यहां आयोजित वैश्विक एक वेब-परिचर्चा में वक्ताओं ने कहा कि वैश्विक स्तर पर बाजार की असमानताओं को देखते हुए उपभोक्ता संरक्षण का मुद्दा महत्वपूर्ण है। श्रीमती ग्रिनस्पैन ने पुरजोर तरीके से कहा कि आने वाले वर्षों में जी20 की शिखर बैठकों के साथ उपभोक्ता शिखर सम्मेलन भी आयोजित किए जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि डिजिटल प्रौद्योगिकी के प्रसार और स्थायी बदलाव जैसी चुनौतियों के व्यापक परिदृश्यमें उपभोक्ता संरक्षण की चिंताओं को सक्रिय रूप से देखने और उनका समाधान निकालने की जरूरत है। कट्स की एक विज्ञप्ति के अनुसार इस चर्चा में सिविल20 के प्रधान समन्वयक (शेरपा) विजय के नाम्बियार ने जोर दिया कि, ''हालांकि उपभोक्ता आर्थिक गतिविर्ण भूमिका निभाधियों में महत्वपूते हैं, लेकिन यह याद रखना महत्वपूर्ण है कि इन गतिविधियों का प्राथमिक लक्ष्य जीवन की स्थायी गुणवत्ता की सुरक्षा, रखरखाव और वृद्धि होना चाहिए।'' उन्होंने कहा कि ठीक ढंग से काम करने वाले बाजारों में उत्पादकों, व्यापारियों और उपभोक्ताओं के बीच प्रभावी सहयोग चलता रहता है पर वैश्वि स्तर पर बाजार की असमानताओं और कमजोरियों को देखते हुए लिए मजबूत उपभोक्ता संरक्षण उपायों की



आवश्यकता है। 'कट्स' इंटरनेशनल के महामंत्री प्रदीप एस महता ने 1999 में वित्तीय मुद्दों पर चर्चा हेतु मंच के रूप में अपनी स्थापना से लेकर अन्तरराष्ट्रीय आर्थिक सहयोग के लिए एक प्रमुख मंच बनने तक जी20 के विकास को रेखांकित किया

उन्होंने उपभोक्ता संरक्षण की दिशा में ठोस बदलाव की जरूत पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि इस विषय में हालांकि जी20 के ढ़ांचे के भीतर चर्चा की गई है लेकिन वैश्विक परिस्थितियों में उतार-चढ़ाव के कारण यह इस पर ध्यान कम हो गया है। उन्होंने भारत के बाद अगले वर्ष ब्राजील में होने वाले जी20 शिखर सम्मेलन के एजेंडे में उपभोक्ता संरक्षण को बहाल करने पर बल दिया है।

भारत की अध्यक्षता में जी20 का शिखर सम्मेलन अगले माह नयी दिल्ली में होने जा रहा है। ब्राजीलिया के सामाजिक और आर्थिक विष्लेषण संस्थान (आईबीएएसई), ब्राजील के कार्यकारी निदेशक, अथायदे मोटा ने कहा कि उपभोक्ता संरक्षण और नागरिक अधिकार बातचीत का अभिन्न अंग और प्राथमिकता होनी चाहिए।

अर्जेंटीना के पूर्व राष्ट्रीय उपभोक्ता रक्षा निदेशक फर्नांडो ब्लैंको ने कहा कि इस तरह की बातचीत डिजिटल अर्थव्यवस्था से आगे बढ़नी चाहिए, जिसमें समान मानकों, भोजन की बर्बादी और कई अन्य मुद्दों को शामिल किया जाना चाहिए।

ब्राजीलियाई उपभोक्ता संरक्षण संस्थान (आईडीईसी) में अंतरराष्ट्रीय सम्बन्धों के निदेशक इगोर रोड्रिग्स ब्रिटो ने कहा कि ब्राजील में अगले जी20 शिखर सम्मेलन में उपभोक्ता संरक्षण के लिए एकजुट होने पर उपभोक्ता संगठनों की सामूहिक आवाज गूंजेगी।

## सार संक्षेप

### रुपया नौ पैसे कमजोर

**मुंबई।** दुनिया की प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर के मजबूत होने से आज अंतर बैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया नौ पैसे गिरकर 82.65 रुपये प्रति डॉलर रह गया। वहीं, इसके पिछले कारोबारी दिवस रुपया 82.56 रुपये प्रति डॉलर रहा था। कारोबार की शुरूआत में रुपया चार पैसे फिसलकर 82.6 रुपये प्रति डॉलर पर खुला और यही इसका दिवस का उच्चतम स्तर भी रहा। सत्र के दौरान आयातकों एवं बैंकरों की लिवाली से 82.71 रुपये प्रति डॉलर के निचले स्तर तक लुढ़क गया। अंत में पिछले दिवस के 82.56 रुपये प्रति डॉलर की तुलना में नौ पैसे गिरकर 82.65 रुपये प्रति डॉलर रह गया।

### चिंगारी ने दो माह में 5 प्रतिशत कर्मचारियों को नौकरी से निकाला

**नई दिल्ली।** घरेलू शॉर्ट-वीडियो मेकिंग प्लेटफॉर्म चिंगारी ने फंड की कमी के बीच अपने दूसरे दौर की नौकरी में केवल दो महीनों में 5 प्रतिशत से अधिक कर्मचारियों की छंटनी कर दी है। अग्रणी स्टार्टअप समाचार कवरेज पोर्टल इंक42 की रिपोर्ट में सूत्रों का हवाला देते हुए कहा गया है कि कंपनी के छंटनी के नवीनतम दौर ने उत्पाद, ग्राहक सहायता, डिजाइन और मार्केटिंग टीमों के कर्मचारियों को प्रभावित किया है। पूछने पर चिंगारी ने रिपोर्ट पर तुरंत कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। रिपोर्ट के मुताबिक, शॉर्ट-वीडियो मेकिंग प्लेटफॉर्म ने अपने कुछ कर्मचारियों को अपने खर्चों में कटौती करने के लिए 5 प्रतिशत तक वेतन कटौती करने के लिए भी कहा है। स्टार्टअप का लक्ष्य धन जुटाना है, लेकिन यह लंबे समय से उचित परिश्रम प्रक्रिया में फंसा हुआ है। कथित तौर पर चिंगारी में अब लगभग 5-6 कर्मचारी बचे हैं। इस साल जून में, चिंगारी ने संगठनात्मक पुनर्गठन के हिस्से के रूप में अपने 2 प्रतिशत कार्यबल को हटा दिया था।

### स्पाइसजेट ने कई महीनों तक पेंशन फंड में पैसा जमा नहीं किया

**नई दिल्ली।** भारत की लो-कॉस्ट एयरलाइन कंपनी स्पाइसजेट ने कथित तौर पर कम से कम छह से लेकर आठ महीने से अपने कर्मचारियों के पेंशन फंड में पैसा जमा नहीं किया है। हालांकि, स्पाइसजेट के एक प्रवक्ता ने आईएएनएस को बताया कि कंपनी ने प्रक्रिया पहले ही शुरू कर दी है। प्रवक्ता ने कहा कि पीएफ में कुछ देरी हुई। लेकिन, हम जल्द ही एक बड़ी राशि जमा करेंगे और वेतन वितरण समय पर होगा। हम सभी निपटान भी समय पर कर रहे हैं। हमें उम्मीद है, जल्द ही सब कुछ साफ हो जाएगा। उन्होंने बताया कि हम तीन से चार महीने में एक साथ पीएफ जमा कर रहे हैं और जल्द ही इसका भुगतान हो जाएगा। इस सप्ताह सोमवार को स्पाइसजेट ने पहली तिमाही के लिए अपनी वित्तीय स्थिति में उल्लेखनीय बदलाव की घोषणा की थी। एयरलाइन ने 3 जून को समाप्त तिमाही के लिए 197.64 करोड़ रुपये का समेकित शुद्ध लाभ बताया था। यह पिछले वर्ष की इसी अवधि के दौरान दर्ज 783.72 करोड़ रुपये के शुद्ध घाटे से उल्लेखनीय रूप से बेहतर है।




# अधिकारी अजा वर्ग के कल्याण के लिए संवेदनशीलता दिखाएं- खांडे

## शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम छोर के व्यक्ति तक पहुंचे

## छत्तीसगढ़ राज्य अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष ने ली समीक्षा बैठक

**बिलासपुर**,25 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष श्री के.पी. खाण्डे ने आज जिला कार्यालय के मंथन सभाकक्ष में जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने अनुसूचित जाति से संबंधित विकास कार्यक्रमों, योजनाओं, समस्याओं और प्रकरणों की गहन समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अनुसूचित जाति वर्ग के कल्याण के लिए संचालित योजनाओं के प्रति संवेदनशील होकर कार्य करें और उन्हें मुख्यधारा से लाभान्वित करने में मददगार बनें। शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम छोर के व्यक्ति तक पहुंचे यही हमारा ध्येय है।

बैठक की शुरूआत में श्री खांडे ने आयोग की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य अनुसूचित जाति आयोग एक संवैधानिक संस्था है। इस वर्ग के कल्याण के लिए



संचालित योजनाओं के साथ ही इस वर्ग के साथ होने वाले अन्याय पर अकुंश लगाना और पीड़ितों का न्याय दिलाना आयोग की प्राथकिमताओं में है। आयोग विशेष न्यायालय के रूप में कार्य करती है और आयोग की अनुशंसा को मानने की बाध्यता है। उन्होंने कहा कि अनुसूचित जाति के व्यक्ति को मानसिक, शारीरिक या आर्थिक रूप से गैर अनुसूचित जाति के व्यक्ति द्वारा प्रताड़ित किया जाता है तो ऐसे मामलों का प्राथमिकता से निराकरण करें। उन्होंने योजनावार अनुसूचित जाति वर्ग के लाभान्वित हितग्राहियों की जानकारी ली। खाद्य विभाग से राशनकार्ड की जानकारी लेते हुए समय पर राशन के भण्डारण एवं उठाव करने के निर्देश दिए। शिक्षा विभाग से विभिन्न प्रकार की छात्रवृत्ति के बारे में जानकारी लेते हुए स्कूलों में अनुसूचित जाति के छात्रों की संख्या और सरस्वती सायकल योजना का लाभ जिले की पात्र छात्राओं को दिलाने के निर्देश दिए। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग की योजनाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि छात्रावास आश्रमों में बच्चों को योजनाओं का लाभ निर्धारित नियमों के अनुसार मिलना चाहिए। समाज में अस्पृश्यता निवारण के लिए महत्वपूर्ण अंतर्जातीय विवाह प्रोत्साहन योजना को बढ़ावा देने के निर्देश दिए। अजाक पुलिस थानों में निर्धारित पदों पर पुलिस अधिकारियों की पदस्थापना और पीड़ित पक्ष द्वारा कार्रवाई हेतु दिये जाने वाले शिकायत पत्र के आधार पर अनुसूचित जाति, जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज करने तथा नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए। श्री खाण्डे ने हितग्राहियों को दिए गए कौशल प्रशिक्षण की भी जानकारी ली। उन्होंने बैठक में कृषि, वन, शिक्षा, महिला बाल विकास, मत्स्य, पशुपालन, उद्यान सहित अन्य विभागों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों से अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों को विभाग में संचालित योजनाओं से लाभान्वित करने हेतु सहयोग करने की अपील की। बैठक में छत्तीसगढ़ अनुसूचित जाति आयोग के सचिव श्री बीएल बंजारे, एडीएम श्री आरए कुरूवंशी, श्री सुंदरलाल जोगी, श्री चेतन चंदेल सहित सभी विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

# मितानिनों ने रक्षाबंधन से पहले मांगा भुगतान कलेक्ट्रेट घेरने की भी दी चेतावनी



**बिलासपुर**,25 अगस्त (देशबन्धु)। बिलासपुर के कोटा, तखतपुर, बिल्हा, मस्तूरी जैसे ब्लॉक में मितानिनो एवं प्रशिक्षकों को राशि नहीं मिलने की शिकायत लेकर बड़ी संख्या में पीड़ित कलेक्ट पहुंची जहां ज्ञापन सौंप कर बताया कि राज्यांश राशि और प्रोत्साहन राशि नहीं मिलने के कारण मितानिनों का घर चलना मुश्किल हो गया है, रक्षाबंधन से पहले भुगतान की मांग की गई है। आवेदन के माध्यम से मांग की गई कि मितानिन एवं प्रशिक्षकों की क्षतिपूर्ति जिले की बजाय बीएमओ कार्यालय से किया जाए। फिलहाल जिला से भुगतान होने से समस्या आ रही है। बताया गया कि मितानिनों की मई 2023 से अगस्त 2023 का राज्यांश राशि लंबित है। चार माह की राशि के जल्द भुगतान की मांग की जा रही है ।

इसी तरह जून 2023 से जुलाई 2023 की प्रोत्साहन राशि भी त्यौहार से पहले देने की मांग की गई है। बताया गया कि मितानिनों को राज्य सरकार द्वारा ?2200 मानदेय देने का आदेश पारित हो चुका है। उस राशि को अप्रैल 2023 से लेकर अगस्त 2023 यानी 5 माह की राशि खाते में जल्द से जल्द देने की मांग की गई है। मितानिनों और प्रशिक्षकों को माह के 5 तारीख तक प्रोत्साहन राशि देने की भी मांग की गई है। साथ ही चेतावनी दी गई कि अगर उनकी मांग पूरी नहीं हुई तो फिर 30 अगस्त को सभी मितानिन कलेक्ट्रेट में धरना प्रदर्शन करेंगी।

## सार-संक्षेप

### तखतपुर एवं मस्तूरी में किया ईवीएम का प्रदर्शन

**बिलासपुर**,25 अगस्त (देशबन्धु)। शत प्रतिशत मतदान को लेकर हर एक वर्ग अपनी सहभागिता निभा रहा है। जिला प्रशासन द्वारा साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनाव में मतदाताओं की शत प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए स्वीप की गतिविधियां आयोजित की जा रही है। इसी कड़ी में मतदाता जागरूकता के लिए जिले के विकासखण्डों में ईवीएम मशीनों का प्रदर्शन किया जा रहा है। इसी क्रम में तखतपुर के शासकीय जेएमपी महाविद्यालय में ईवीएम मशीन का प्रदर्शन एवं स्वीप कार्यक्रम के तहत एनएसएस के स्वयंसेवक मतदाता जागरूकता अभियान में शामिल हुए। मस्तूरी विकासखण्ड के शासकीय मदन लाल शुक्ल महाविद्यालय सीपत में भी आम जनता के बीच ईवीएम मशीन प्रदर्शन हेतु रखा गया। क्षेत्र के आम नागरिकों एवं ग्रामीणों ने इस दौरान मशीन की कार्यप्रणाली को बारीकी से देखा और समझा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मौजूद ग्रामीणों ने ईवीएम मशीन के संबंध में उपस्थित कर्मचारियों से जानकारी ली।

जिले के सभी छह विधानसभा क्षेत्रों में ईवीएम प्रदर्शन वैन के द्वारा गांव-गांव एवं हाट बाजारों में घूम-घूमकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। प्रदर्शन के दौरान ग्रामीणों ने इसका वैसे ही इस्तेमाल करके देखा जैसे कि वे वास्तविक मतदान के दौरान करेंगे। मशीनों के संबंध में लोगों की जिज्ञासा एवं भ्रांतियों का समाधान किया जा रहा है। गौरतलब है कि आगामी विधानसभा निर्वाचन को दृष्टिगत रखते हुए जिले के आम नागरिकों के बीच स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता अभियान संचालित किये जा रहे है।

### घर लौट रही युवती से छेड़छाड़, युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर**,25 अगस्त (देशबन्धु)। मेडिकल शॉप से घर लौट रही युवती के साथ मारपीट व छेड़छाड़ की गई। कुदुदंड चांदनी चौक के पास रहने वाली युवती शिव टॉकीज चौक के पास एक मेडिकल शॉप में कार्य करती है। 23 अगस्त रात करीब 10॰00 बजे अपने सहकर्मी के साथ वह बाइक से घर जाने निकली। उसके सहकर्मी ने युवती को उषा मेमोरियल के पास उतार दिया, जिसके बाद युवती पैदल ही घर जाने लगी। इसी दौरान इलाके का बदमाश भूपेंद्र दुबे उर्फ गोलू दुबे स्कूटी से उसके पास पहुंचा और बदनियति से उसके साथ छेड़छाड़ करने लगा। बदमाश ने उससे उसका मोबाइल नंबर मांगा और कहा कि युवती उससे बात क्यों नहीं करती। लडक़ी को अकेला पाकर उसने बुरे इरादे से उसे आपत्तिजनक स्थान पर छूने का भी प्रयास किया ।

इससे युवती डर गई और अपने घर की ओर तेज तेज कदमो से जाने लगी लेकिन बदमाश ने उसका पीछा नहीं छोड़ा। जिसके बाद युवती ने घबराकर अपने दुकान मालिक को फोन लगाया और उसे पूरी घटना की जानकारी दी। दुकान मालिक अमित उपवेजा के कहने पर युवती के बचाव के लिए उसके पास रवि छाबड़ा पहुंचा और उसने युवती को कहा कि वह घर जाए। अपने और युवती के बीच रवि छावड़ा को आता देखकर गोलू बिफर उठा और उसने गंदी-गंदी गाली क्लोज करते हुए रवि के साथ भी मारपीट कर दी। यह सब देखकर युवती बुरी तरह घबरा गई और भाग कर अपने घर पहुंची तो उसके पीछे दौड़कर भूपेंद्र दुबे भी पहुंच गया और उसने गेट को इस कदर धक्का दिया कि गेट युवती के सर पर लगा और उसके सर से खून बहने लगा। शोरगुल सुनकर युवती के मकान मालिक और अन्य लोग पहुंच गए। भीड़ बढ़ता देख गोलु दुबे उर्फ पंडा अपनी स्कूटी लेकर भाग गया। पूरी घटना की जानकारी सिविल लाइन थाने में दी गई।

पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को कुदुदंड से घेराबंदी कर गिरफ्तार किया । पता चला कि गोलु दुबे के खिलाफ थाना सिविल लाइन में ही छह मामले दर्ज है।



# कठपुतली नृत्य बना आकर्षण का केंद्र मतदाताओं को दिया मतदान का संदेश

## चुनई चिरई का नृत्य सबको भाया

**बिलासपुर**, 25 अगस्त (देशबन्धु)। भारत निर्वाचन आयोग के मुख्य निर्वाचन आयुक्त श्री राजीव कुमार के आगमन पर आज राजधानी रायपुर स्थित बूढ़ापारा तालाब परिसर में आयोजित मतदाता महोत्सव प्रदर्शनी में मतदाता जागरूकता की थीम पर आयोजित बिलासपुर जिले की कठपुतली नृत्य लोगों के बीच आकर्षण का केंद्र रहा।

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ निर्वाचन के लिए विशेष रूप से तैयार की गई कठपुतली चुनई चिरई की थीम पर आयोजित नृत्य के जरिए मनोरंजन के साथ-साथ मताधिकार के महत्व को दिखाया गया। वहीं 15 फिट की कठपुतली के नृत्य ने सबका मन मोह लिया, इसमें राजा और उनकी रानी तपस्या का नृत्य मतदाता जागरूकता के संदेशों से भरा रहा।

इस अवसर पर मैं भारत हूँ भारत है मुझमें/ मैं ताकत हूँ ताकत है मुझमें, बाकी कौनो काम भले बाद करव/ उठा चलव पहिली मतदान करव, आने वाली पीढ़ी भी हम पर अभिमान करें/ चलो चलो मतदान करें, वोट करो मतदान करो/ मतदान करो सबलोग जैसे जागरूकता गीतों में कठपुतली नृत्य हुआ। बिलासपुर से आया यह समूह लगभग 24 वर्षों से कठपुतली नृत्य का मंचन कर रहा है। इसकी संचालिका श्रीमती किरण मोइत्रा हैं।

गुंड-बदमाशों की आई शामत, पुलिस ने शुरू की सख्त कार्रवाई

# 71 आदतन अपराधी गुण्डा सूची में शामिल 19 जिला बदर होंगे, 2 पर रासुका

**बिलासपुर**, 25 अगस्त (देशबन्धु)। जिला बिलासपुर में अपराध की रोकथाम के लिए आपराधिक गतिविधि में शामिल रहने वाले व्यक्ति जिनके आचरण एवं व्यवहार में कोई सुधार नहीं आ रहा था और लगातार अपराध घटित कर रहे थे ऐसे 71 आदतन अपराधियों को नए गुण्डा बदमाश की सूची में शामिल किया गया है।

जिला बिलासपुर में 300 आदतन अपराधियों का नाम गुण्डा बदमाश की सूची में शामिल था इन सभी गुण्डा बदमाशों के आचरण और व्यवहार पर लगातार नजर रखी गई थी, जिनमें 39 के आचरण में सुधार होने और इनके द्वारा अन्य अपराध घटित नहीं करने से गुण्डा सूची से नाम हटाया गया है।अपराधों की रोकथाम के लिए सकरी से 4, कोटा 3, सिविल लाइन, कोतवाली, सीपत से 2-2, तारबाहर, मस्तूरी, बिल्हा, पचपेड़ी, सरकंडा, तखतपुर से 1-1 कुल 19 प्रकरण जिला बदर की कार्यवाही हेतु माननीय जिला दण्डाधिकारी बिलासपुर के पास भेजा गया है।राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (रासुका) के अंतर्गत दो आदतन अपराधी का विवरण प्रेसित किया गया है जिसमे रितेश निखारे उर्फ मैडी पिता रवि निखारे उम्र लगभग 35 निवासी जरहाभाठा सिविल लाइन बिलासपुर तथा संतोष साहू उर्फ़ डैनी पिता ढेलूराम साहू उम्र लगभग 52 वर्ष निवासी खमतराई सरकंडा बिलासपुर का नाम शामिल है।

# नाबालिग बेटी से दुष्कर्म के आरोपी को आजीवन कारावास

**गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही**,25 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले की एक ऐसी शर्मसार कर देने वाली घटना जिसमें नाबालिग बेटी से डरा धमका कर पिता ने ही दुष्कर्म किया था। एडीजे पेंड्रारोड ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।



नाबालिग लड़की के दादा ने अपनी ही बेटे के खिलाफ गौरेला थाने में मामला दर्ज कराया था । नाबालिग की उम्र केवल 10 साल की है।

22 जुलाई को भी जब आरोपी ने नाबालिग पीड़िता से दुष्कर्म किया, जानकारी होने पर लड़की के दादा ने गौरेला थाने में एफआईआर दर्ज करवाई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी बृजेश भैना की पत्नी सात आठ साल पहले ही उसको छोड़ कर चली गई थी और दूसरी शादी कर ली थी। बच्ची अपने पिता और दादा दादी के साथ रहती थी। पिता अक्सर शराब पीकर आता और बच्ची के साथ मारपीट करता और कुछ दिनों से गलत काम करने लगा था जिसकी जानकारी बच्ची ने अपने दादा को दी और तब दादा ने पुलिस में मामला दर्ज कराया।

इस मामले में एडीजे पेंड्रारोड किरण थवाईत ने फैसला सुनाते हुए इसे मानवता को शर्मसार करने वाला कृत्य ठहराते हुए आरोपी पिता को पाक्सो एक्ट के तहत मरते दम तक कारावास की सजा सुनाई है। इस मामले में शासन की ओर से पैरवी अतिरिक्त लोक अभियोजक पंकज नगाइच ने की।

# मंडल स्तरीय पीएनएम बैठक में रेल मजदूर कांग्रेस ने रखी समस्याएं, निराकरण का आश्वासन

**बिलासपुर**,25 अगस्त (देशबन्धु)। कर्मचारियों एवं प्रशासन के मध्य मधुर औद्योगिक संबंध बनाने के उद्देश्य से स्थायी वार्ता तंत्र (पीएनएम) का गठन किया गया है। बैठक के माध्यम से कर्मचारियों के मान्यता प्राप्त संगठन रेलवे मजदूर कांग्रेस के पदाधिकारियों एवं प्रबंधन के बीच कर्मचारियों के विभिन्न समस्याओं एवं उनको दी जाने वाली सुविधाओं में आवश्यक सुधार लाने के संबंध में चर्चा की जाती है।



इसी संदर्भ में रेलवे प्रशासन व रेलवे मजदूर कांग्रेस के पदाधिकारियों के साथ स्थायी वार्ता तंत्र (पीएनएम) बैठक 24 एवं 25 अगस्त 2023 को आयोजित की गई। बैठक मंडल रेल प्रबंधक प्रवीण पाण्डेय की अध्यक्षता में संपंन हुई। बैठक में अपर मंडल रेल प्रबंधक योगेश कुमार देवांगन एवं देवराज भी उपस्थित थे। बैठक का संचालन वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी डॉ अंशुमन मिश्रा ने की।

बैठक में शाखाधिकारियों के अलावा दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मजदूर कांग्रेस बिलासपुर के मंडल समन्वयक बी कृष्णकुमार, विजय अग्निहोत्री, दिलीप स्वाइन सहित सभी शाखा सचिव शामिल हुए।

इस बैठक में रेलवे मजदूर कांग्रेस द्वारा दिये गए कर्मचारी हित के सभी मुद्दों पर चर्चा हुई । इनमें से ब्रजराजनगर व शहडोल रेल्वे स्टेशन के पास कर्मचारियों के लिए मोटर साइकल स्टैंड की व्यवस्था, बिजुरी, बोरिडांड, चिरमिरी व मनेन्द्रगढ़ स्टेशनों के रेलवे आवास में नए शीट का प्रावधान करना, रायगढ़ व भूपदेवपुर स्टेशनों में रनिंग स्टॉफ की सुविधा हेतु शेड का निर्माण, खरसिया-धर्मजयगढ़ के मध्य कार्यरत कर्मचारियों को ट्रायबल भत्ते प्रदान करना, खरसिया स्टेशन में रेलवे डॉक्टर की नियमित विजिट, उमरिया रेलवे कालोनी में पेयजल की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करना, बिलासपुर बीसीएन डिपो में पर्यवेक्षकों की नियुक्ति करने जैसे अनेक मुद्दों को सहमति पश्चात् क्लोज भी किया गया। बैठक बहुत ही सकारात्मक एवं सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में संपंन हुई।

बैठक को संबोधित करते हुए मंडल रेल प्रबंधक श्री प्रवीण पाण्डेय ने कहा रेलवे प्रशासन की सबसे बड़ी शक्ति हमेशा से उसका कार्यबल रहा है 7 रेल कर्मचारियों द्वारा संपादित उत्कृष्ट कार्यों के कारण हम बेहतर कार्य कर रहे हैं साथ ही हमें मान्यताप्राप्त संगठन साउथ ईस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर कांग्रेस का सतत सहयोग प्राप्त हो रहा है। हम सभी कर्मचारियों को उनके कार्यस्थल में बेहत्तर सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु प्रतिबद्ध हैं । बैठक में उठाये गए कर्मचारी हित के सभी मुद्दों का त्वरित निराकरण करने में रेल प्रशासन अपना पूरा योगदान देता रहेगा ।

# रक्षाबंधन से पहले निलंबित की गई कुछ कुछ ट्रेनें बहाल

## त्योहार के दृष्टिगत लिया गया निर्णय

**बिलासपुर**,25 अगस्त (देशबन्धु)। रक्षा बंधन के त्योहार के दृष्टिगतनॉन इंटरलॉकिंग कार्य तथा अन्य संरक्षा संबन्धित कार्य के लिए निलंबित किये गए ट्रेनों में से सात (07) ट्रेनों को पुनः परिचालित करने का निर्णय लिया गया है । इन ट्रेनों को रक्षा बंधन के त्योहार के दौरान चार (04) दिनों के लिए पुनः परिचालित किया जाएगा । इनमें से 04 ट्रेनों को 28 अगस्त से 31 अगस्त तक तथा 03 ट्रेनों को 29 अगस्त से 01 सितंबर तक के लिए रिस्टोर किया गया है । ज्ञात हो कि गोंदिया नॉन इंटरलॉकिंग कार्य तथा अन्य संरक्षा संबन्धित कार्य के लिए इन ट्रेनों का परिचालन निलंबित किया गया था, लेकिन रक्षा बंधन के त्योहार को देखते हुये इनके पुनः परिचालन का निर्णय लिया गया, ताकि त्योहार के दिनों में यात्रियों को आवागमन में अधिक से अधिक सुविधा प्राप्त हो सके तथा रक्षा बंधन जैसे भाई बहन के प्यार भरे सम्बन्धों वाले त्योहार को हंसी - खुशी और उल्लास भरे वातावरण के साथ मनाया जा सके ।



### इन ट्रेनों के पुनः परिचालन

बिलासपुर-शहडोल मेमू पैसेंजर स्पेशल (08740) 28 अगस्त से 31 अगस्त तक के लिए पुनः परिचालित किया गया है । शहडोल-बिलासपुर मेमू पैसेंजर (08739) 28 अगस्त से 31 अगस्त तक के लिए पुनः परिचालित किया गया है। रायपुर-डोंगरगढ़ मेमू पैसेंजर (08729) 28 अगस्त से 31 अगस्त तक के लिए पुनः परिचालित किया गया है। डोंगरगढ़रायपुर मेमू पैसेंजर (08730) 29 अगस्त से 01 सितंबर तक के लिए पुनः परिचालित किया गया है। गोंदिया-वडसा मेमू पैसेंजर (08806) 28 अगस्त से 31 अगस्त तक के लिए पुनः परिचालित किया गया है। वडसा-चंदाफोर्ट मेमू पैसेंजर (08808) 29 अगस्त से 01 सितंबर तक के लिए पुनः परिचालित किया गया है। चंदाफोर्ट-गोंदिया मेमू पैसेंजर (08805) 29 अगस्त से 01 सितंबर तक के लिए पुनः परिचालित किया गया है। यात्रियों की सुविधा के लिए इन ट्रेनों के पुनः परिचालन का निर्णय लिया गया है।

**NECC**

| 26.08.2023 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
| --- | --- | --- | --- |
| फार्म | 4.50 | 80 | 165 |
| चिल्हर | 5.50 | 85 | 190 |

डिलीवरी 4.65 सैकड़ा
दर्जन अंडा 65 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रू.
CSPFA

प्रकाशक मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन, प्रा.लि. के लिए पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. प्रेस में मुद्रित एवं गर्ल्स कॉलेज के पास, जरहाभाटा, बिलासपुर से प्रकाशित। सम्पादक- अशोक शर्मा, प्रेस पंजीयन- 52158/91 डाक पंजीयन 112-002/2002 सी जी फोन- 07752 422771, 428159 फैक्स नं. 415188